RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 331
नई दिल्ली, बुधवार, 12 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





कुलदीप की फिरकी का चला जादू
स्पोर्ट्स-12



www.dailypioneer.com


# 'महाकाल लोक' राष्ट्र को समर्पित

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया लोकार्पण, 15 फीट ऊंचे शिवलिंग से हटाया आवरण

**पायनियर समाचार सेवा।** उज्जैन

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार शाम को उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में 900 मीटर लंबे श्री महाकाल लोक गलियारे का लोकार्पण किया। महाकालेश्वर मंदिर गलियारा विकास परियोजना राज्य की राजधानी भोपाल से लगभग 200 किलोमीटर दूर उज्जैन में है। कुल 856 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना के पहले चरण में महाकाल लोक को 351 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। मोदी ने मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ कार्यक्रम स्थल पर मौजूद साधुओं का अभिवादन किया।

उन्होंने श्री महाकाल लोक राष्ट्र को समर्पित करने के लिए शिवलिंग की प्रतिकृति का अनावरण करने के लिए रिमोट का बटन दबाया। देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकालेश्वर का मंदिर उज्जैन में स्थित है। यहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। गलियारे के लिए दो भव्य प्रवेश द्वार-नंदी द्वार और पिनाकी द्वार बनाए गए हैं। यह गलियारा मंदिर के प्रवेश द्वार तक जाता है तथा मार्ग में मनोरम दृश्य पेश करता है। महाकाल मंदिर के नवनिर्मित गलियारे में 108 स्तंभ पर बनाए गए हैं। श्री



उज्जैन के महाकाल मंदिर में मंगलवार को पूजा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

महाकाल लोक आधुनिक व्यवस्थाओं और संसाधनों से भी परिपूर्ण बनाया गया है। इसकी व्यवस्था इतनी उत्कृष्ट है कि भक्तों और पर्यटकों को अभिभूत कर देगी। मंदिरों के साथ ही पूजा सामग्री और हार-फूल की दुकानों को भी खास लाल पत्थर से बनाया गया है, जिन पर सुंदर नक्काशी की गई है। श्री महाकाल लोक के निर्माण से भगवान शिव की जिन कथाओं का महाभारत, वेदों तथा स्कंद पुराण के अवंती खंड में उल्लेख है, उनका जीवंत अनुभव शिव भक्त धर्मनगरी उज्जैन में कर पाएंगे। महाकाल ज्योतिर्लिंग द्वादश ज्योतिर्लिंग में से इकलौत ऐसा लिंग है जो दक्षिणमुखी है। श्री महाकाल लोक में शिव, शम्भू, शशिशेखर के सहस्त्रों रूप और उनकी महिमा को सुंदर ढंग से उकेरा गया है। शिवलिंग सार्वभौमिक रूप से सृजन का प्रतीक है और श्री महाकाल लोक भारतीय सांस्कृतिक विरासत को साक्षात प्रतिबिम्बित कर रहा है। यहाँ शिव का मृत्युंजय रूप भी है, जिसकी उपासना से मृत्यु को भी मात दी जा सकती है। यहाँ महादेव भी है जिसकी उपासना से हर ग्रह नियंत्रित रहता है।

### भारत की भव्यता पूरे विश्व के विकास के लिए नई संभावनाओं को जन्म देगी: मोदी

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उज्जैन ने हजारों वर्षों तक भारत की समृद्धि और ज्ञान का नेतृत्व किया है। उन्होंने कहा कि उज्जैन जैसे हमारे स्थान खगोल विज्ञान, एस्ट्रोनॉमी से जुड़े शोधों के शीर्ष केंद्र रहे हैं तथा आज नया भारत जब अपने प्राचीन मूल्यों के साथ आगे बढ़ रहा है, तो आस्था के साथ-साथ विज्ञान और शोध की परंपरा को भी पुनर्जीवित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि महाकाल के आशीर्वाद से भारत की भव्यता पूरे विश्व के विकास के लिए नई संभावनाओं को जन्म देगी एवं भारत की दिव्यता पूरे विश्व के लिए शांति के मार्ग प्रशस्त करेगी। श्री महाकाल लोक गलियारा परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन करने के बाद एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह परियोजना उज्जैन की जीवंतता को बढ़ाएगी। उन्होंने कहा, उज्जैन ने हजारों वर्षों तक भारत की संपन्नता और समृद्धि, ज्ञान और गरिमा और साहित्य का नेतृत्व किया है। उज्जैन के छण-छण में इतिहास सिमटा हुआ है। कण-कण में अध्यात्म समाया हुआ है और कोने-कोने में ईश्वरीय ऊर्जा संचारित हो रही है।

मोदी ने कहा कि आजादी के अमृत काल में भारत ने गुलामी की मानसिकता से मुक्ति और अपनी विरासत पर गर्व जैसे पंच प्राण का आह्वान किया है, इसलिए आज अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण पूरी गति से हो रहा है। उन्होंने कहा कि काशी में विश्वनाथ धाम भारत की संस्कृति का गौरव बढ़ा रहा है, सोमनाथ में विकास के कार्य नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं तथा उत्तराखंड में बाबा केदार के आशीर्वाद से केदारनाथ, बद्रीनाथ तीर्थ क्षेत्र ( शेष पेज 8 )

# आईएमएफ ने वैश्विक वृद्धि दर का अनुमान घटाया

- 2023 के लिए 2.7 फीसदी किया, रूस-यूक्रेन युद्ध, बढ़ती ब्याज दर और वैश्विक महामारी को बताया कारण
- 2022 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.8 प्रतिशत किया



**पीएनएस/एजेंसी।** वाशिंगटन/नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मंगलवार को 2023 के लिए विश्व अर्थव्यवस्था की वृद्धि को लेकर अपने अनुमान को घटा दिया है। इसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध, महंगाई का दबाव, बढ़ती ब्याज दर तथा वैश्विक महामारी का प्रभाव जारी रहना समेत अन्य कारण हैं। आईएमएफ ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अगले साल महज 2.7 प्रतिशत रहेगी। जबकि जुलाई में इसके 2.9 प्रतिशत रहने की संभावना जताई गई थी।

वहीं आईएमएफ ने वर्ष 2022 के लिए भारत के आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इसके पहले जुलाई में आईएमएफ ने भारत की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। हालांकि आईएमएफ ने इस साल के लिए वैश्विक वृद्धि दर के अनुमान को 3.2 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। पिछले साल वृद्धि दर छह प्रतिशत रही थी। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जार्जिवा ने आगाह किया कि दुनियाभर में मंदी को लेकर जोखिम बढ़ रहे हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था ऐतिहासिक रूप से काफी नाजुक स्थिति का सामना कर रही है। मुद्रा कोष का यह अनुमान इस सप्ताह वाशिंगटन में आईएमएफ और विश्व बैंक की बैठक से पहले आया है। ताजा अनुमान में आईएमएफ ने अमेरिकी के लिए इस साल आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 1.6 प्रतिशत कर दिया है जबकि जुलाई में इसके 2.3 प्रतिशत रहने की संभावना जताई गई थी।

वहीं अगले साल अमेरिकी की आर्थिक वृद्धि दर केवल एक प्रतिशत रहने का अनुमान है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर इस साल 3.2 प्रतिशत रहने की संभावना है जो पिछले साल 8.1 प्रतिशत थी। वहीं अगले साल चीन की वृद्धि दर कुछ बढ़कर 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि, यह चीन के मानकों के अनुसार कम है। चीन ने कोविड महामारी को रोकने के लिए कड़ी नीति लागू की है। साथ ही रियल एस्टेट क्षेत्र को जरूरत से ज्यादा कर्ज लेने पर लगाम लगाई गई है। इन सबसे अर्थव्यवस्था के समक्ष बाधाएं उत्पन्न हुई हैं। आईएमएफ के अनुसार, यूरो मुद्रा साझा करने वाले 19 यूरोपीय देशों की वृद्धि दर अगले साल केवल 0.50 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूरोपीय देशों को ऊर्जा की ऊंची कीमतों से जूझना पड़ रहा है।

कोविड-19 महामारी के साथ 2020 की शुरुआत से विश्व अर्थव्यवस्था के समक्ष कई चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं। सबसे पहले, महामारी और उसकी रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन से 2020 में कुछ महीने आर्थिक गतिविधियां ठप रहीं। उसके बाद, सरकारों ने महामारी के असर से अर्थव्यवस्था को बाहर निकालने के लिए खर्च बढ़ाने के साथ ब्याज दर काफी कम की थी। लेकिन फेडरल रिजर्व और अन्य केंद्रीय बैंकों का प्रोत्साहन की लागत अधिक रही। प्रोत्साहन उपायों से खासकर अमेरिका में मांग ने जोर पकड़ा, लेकिन उस अनुपात में ( शेष पेज 8 )

# ए. राजा के विरुद्ध सीबीआई ने दाखिल की चार्जशीट

- पूर्व केंद्रीय दूरसंचार मंत्री पर आय से अधिक धन जुटाने का है आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता ए. राजा के केंद्रीय मंत्री रहते हुए कथित तौर पर आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक 5.53 करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित करने के मामले में उनके खिलाफ एक आरोप पत्र दाखिल किया है।

अधिकारियों ने बताया कि चेन्नई में सीबीआई की विशेष अदालत में दाखिल आरोप पत्र में एजेंसी ने आरोप लगाया कि राजा के करीबी सहयोगी सी. कृष्णमूर्ति ने जनवरी 2007 में कोवई शेल्टर्स प्रोमोटर्स कंपनी बनाई और उस साल फरवरी में कांचीपुरम में एक जमीन खरीदने के लिए कमीशन के तौर पर गुरुग्राम की एक रियल एस्टेट कंपनी से उसे 4.56 करोड़ रुपए की रकम मिली। उन्होंने बताया कि ऐसा आरोप है कि यह रकम जमीन सौदे के लिए नहीं मिली बल्कि राजा के केंद्रीय मंत्री रहने के दौरान रियल एस्टेट कंपनी को इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी का दर्जा देने के बदले में मिली। सीबीआई ने आरोप लगाया कि राजा ने मंत्री पद पर रहने के दौरान 5.53 करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित की, जिसमें उस कंपनी को मिली 4.56 करोड़ रुपए की रकम भी शामिल है जिसमें उनके करीबी रिश्तेदार निदेशक थे।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने आरोप लगाया कि राजा की आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति उनकी आधिकारिक संपत्ति से 579 प्रतिशत अधिक है। सीबीआई ने 2015 में राजा तथा 16 अन्य लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया था, जिसमें उनका भतीजा परमेश, पत्नी परमेश्वरी, उनके सहायक कृष्णमूर्ति और राजा के कथित सहयोगी सादिक बाशा की पत्नी शामिल है। बाशा ने आत्महत्या कर ली थी। सीबीआई ने 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन मामले के संबंध में भी ( शेष पेज 8 )

# पंचतत्व में विलीन हुए मुलायम सिंह यादव

- शीर्ष नेताओं ने नम आंखों से दी धरतीपुत्र को अंतिम विदाई, अखिलेश ने दी पिता को मुखाग्नि

**पायनियर समाचार सेवा।** सैफई

**दिग्गज** समाजवादी नेता व सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव का मंगलवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। नेताजी के अंतिम दर्शन के लिए उमड़े जन सैलाब के बीच उनके बड़े बेटे अखिलेश यादव ने नम आंखों से अपने पिता मुखाग्नि दी। मुखाग्नि देने से पहले अखिलेश ने सिर पर समाजवादी पार्टी की लाल टोपी लगाई।

अंतिम संस्कार के दौरान वहां मौजूद लोगों ने नेताजी-अमर रहें और मुलायम सिंह यादव-अमर रहें, अमर रहें के नारे लगाए। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव का सोमवार को गुरुग्राम (हरियाणा) में स्थित मेदांता अस्पताल में निधन हुआ। वह 82 वर्ष के थे। उनके



सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव को अंतिम विदाई देने उमड़ा जनसमूह

पार्थिव शरीर को सोमवार शाम सैफई लाकर उनकी कोठी में रखा गया, जहां हजारों लोग नेता जी को अंतिम विदा देने पहुंचे। यादव अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के बीच नेताजी के नाम से मशहूर थे। आज सुबह अखिलेश यादव और परिवार के अन्य सदस्य एक रथ पर मुलायम का पार्थिव शरीर लेकर कोठी से मेला ग्राउंड पहुंचे, जहां लोगों के अंतिम दर्शन के लिए उसे एक विशाल मंच पर रखा गया। रथ मेला ग्राउंड में पहुंचा तो वहां का माहौल गमगीन हो गया। मंच पर अखिलेश के अलावा उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव, प्रोफेसर राम गोपाल यादव समेत परिवार के तमाम सदस्य नजर आए। परिवार के सदस्यों ने सबसे पहले पुष्प चक्र अर्पित कर नेता जी को अंतिम विदाई दी। पूर्व सांसद डिंपल यादव समेत परिवार की महिलाएं भी मौजूद थीं। अंतिम संस्कार के रस्मो-रिवाज के दौरान जब अखलेश मुखाग्नि दे रहे थे उस वक्त चिता के पास नेताजी का पूरा परिवार भाई अभय राम सिंह, राजपाल सिंह, शिवपाल सिंह, रामगोपाल यादव भतीजे धर्मेंद्र यादव, कार्तिकेय यादव, अंकुर यादव, अंशुल यादव, प्रतीक यादव पुत्र, तेज प्रताप सिंह आदि मौजूद थे। पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह समेत सपा के कई नेताओं ने भी यादव का अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दी।

सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान अपने विधायक पुत्र अब्दुल्ला आजम के साथ व्हीलचेयर पर यादव को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। दोपहर करीब दो बजे अखिलेश यादव और परिवार के अन्य सदस्यों ने नेताजी की अर्थी को कांधा दिया। इसके बाद यादव के पार्थिव शरीर को विश्राम स्थल में चंदन की लकड़ी की चिता पर रखा गया और करीब चार बजे अखिलेश यादव ने उन्हें नम आंखों से मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के लिए चिता की चंदन की लकड़ी, इत्र, खुशबू, सामग्री आदि कन्नौज से लाई गई थी। इस बीच देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव ( शेष पेज 8 )

# भारत ने रूस की मांग के खिलाफ दिया वोट

- मास्को ने यूक्रेन संबंधी मसौदा प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में गुप्त मतदान कराने की मांग की थी

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र

**भारत** ने यूक्रेन के चार क्षेत्रों पर रूस के अवैध कब्जे की निंदा करने संबंधी मसौदे पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में गुप्त मतदान कराने की रूस की मांग के खिलाफ मतदान किया। भारत सहित 100 से अधिक देशों ने सार्वजनिक मतदान के लिए मतदान किया है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सोमवार को अल्बानिया के उस प्रस्ताव पर मतदान किया, जिसमें रूस के अवैध तथाकथित जनमत संग्रह और दोनेस्तक, खेरसॉन, लुहान्स्क और जापोरिज्जिया पर अवैध रूप से कब्जा करने के प्रयास की निंदा करने संबंधी मसौदा प्रस्ताव पर सार्वजनिक मतदान की मांग की गई थी। वहीं रूस ने इस प्रस्ताव पर गुप्त मतदान की मांग की थी। भारत सहित संयुक्त राष्ट्र के 107 सदस्य देशों ने रिकॉर्ड वोट (सार्वजिनक मतदान) के पक्ष में मतदान किया, जिससे रूस की यह मांग खारिज हो गई। केवल 13 देशों ने गुप्त मतदान के पक्ष में मतदान किया, जबकि 39 देश मतदान में शामिल नहीं हुए। चीन ने भी मतदान में हिस्सा नहीं लिया। रिकॉर्ड वोट के प्रस्ताव को स्वीकार किए जाने के बाद, रूस ने महासभा के अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ अपील की।

रूस की अपील पर एक रिकॉर्ड वोट हुआ और भारत सहित 100 देशों ने रूस की अपील के खिलाफ मतदान किया। रूस ने इसके बाद अल्बानिया द्वारा रिकॉर्ड वोट के वास्ते पेश किए प्रस्ताव को अपनाने के निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की। हालांकि महासभा ने भारत सहित 104 देशों द्वारा इसके खिलाफ मतदान करने के बाद पुनर्विचार ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,147 | ↓ 843 | |
| निफ्टी | 16,983 | ↓ 257 | |
| सोना | 51,105 | ↓ 343 | /10g |
| चांदी | 58,652 | ↓ 1071 | /kg |

## क्विक न्यूज

### छेल्लो शो के किशोर अभिनेता राहुल कोली का कैंसर से निधन

**अहमदाबाद।** ऑस्कर 2023 में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि गुजराती फिल्म छेल्लो शो केरिलीज होने से कुछ दिन पहले मुख्य किरदार के दोस्त की भूमिका निभाने वाले किशोर अभिनेता राहुल कोली का ल्यूकेमिया से निधन हो गया। वह 17 वर्ष के थे। पान नलिन के निर्देशन में बनी फिल्म छेल्लो शो 14 अक्टूबर को देशभर के सिनेमाघरो मे रिलीज होगी। फिल्म का अंग्रेजी शीर्षक लास्ट फिल्म शो है। गुजरात के जामनगर जिले के हापा शहर के रहने वाले राहुल का अहमदाबाद के कैंसर अस्पताल मे भर्ती होने केकरीब चार महीने बाद दो अक्टूबर को ल्यूकेमिया से निधन हो गया। उनके पिता रामू कोली ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राहुल ने गुजराती फिल्म छेल्लो शो मे नौ वर्षीय नायकसमय (भाविन रबारी) केदोस्त की भूमिका निभाई है।

# चार माह में ही देनी होगी लोक सेवक पर मुकदमे की अनुमति

- भ्रष्ट व्यक्ति को अभियोजित करने में देर होने पर दंडित नहीं किए जाने की संस्कृति पनपती है: सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने रिश्वत लेने सहित आपराधिक मामलों में सरकारी अधिकारियों पर मुकदमा चलाने की अनुमति देने के लिए चार महीने के सांविधिक प्रावधान को मंगलवार को अनिवार्य बताया।

कोर्ट ने कहा कि भ्रष्ट व्यक्ति को अभियोजित करने में देर होने पर दंडित नहीं किए जाने की संस्कृति पनपती है। शीर्ष न्यायालय ने एक



अहम फैसले में कहा कि इस विलंब के लिए सक्षम प्राधिकार जिम्मेदार होगा और उस पर केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा सीवीसी अधिनियम के तहत प्रशासनिक कार्रवाई की जाए।

हालांकि, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्ह की पीठ ने 30 पृष्ठों के अपने फैसले में कहा कि मुकदमा चलाने की अनुमति देने में विलंब को उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जा सकती ( शेष पेज 8 )

# सुप्रीम कोर्ट ने तलाक ए हसन के खिलाफ याचिकाएं की मंजूर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने तलाक-ए-हसन और अन्य सभी प्रकार के एकतरफा न्याएत्तर तलाक को असंवैधानिक घोषित करने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं को मंगलवार को स्वीकार कर लिया। तलाक-ए-हसन के तहत मुस्लिम समुदाय के पुरुष तीन महीने की अवधि में प्रति माह एक बार तलाक बोल कर वैवाहिक संबंध तोड़ सकते हैं। न्यायमूर्ति एस.के. कौल की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्र, राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और अन्य को चार हफ्तों के अंदर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। पीठ के सदस्यों में न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ भी शामिल है। पीठ ने कहा कि निजी प्रतिवादी ( शेष पेज 8 )

# भारत से 60 लाख मच्छरदानी खरीदेगा पाकिस्तान

- शहबाज सरकार ने स्वास्थ्य मंत्रालय को दी खरीदारी के लिए हरी झंडी, वाघा बॉर्डर से भेजी जाएंगी
- बाढ़ प्रभावित पड़ोसी देश में तेजी से फैल रहे मच्छरजनित रोग, उठ रही भारत से व्यापारिक संबंध बहाल करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** नई दिल्ली/इस्लामाबाद

**भारत** निर्मित मच्छरदानी पाकिस्तान के लोगों को मच्छरों और इनसे होने वाली बीमारियों से बचाएंगी। भीषण बाढ़ के बाद मच्छर जनित बीमारियों से जूझ रहे पड़ासी देश की सरकार ने भारत से 60 लाख से अधिक मच्छरदानी खरीदने के लिए अपने



प्रतीकात्मक चित्र

स्वास्थ्य मंत्रालय को मंगलवार को हरी झंडी दे दी है।

पाकिस्तानी समाचार चैनल जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) पाकिस्तान के लिए मच्छरदानी हासिल करने को ग्लोबल फंड द्वारा उपलब्ध कराए गए वित्तीय संसाधनों का उपयोग कर रहा है। अधिकारियों ने कहा कि वे जल्द से जल्द ये मच्छरदानी प्राप्त करने की कोशिश करेंगे। उन्हें उम्मीद है कि ये नवंबर के मध्य तक वाघा मार्ग से भेजी जाएंगी। मालूम हो कि पाकिस्तान के कई हिस्सों में विनाशकारी बाढ़ से 1,700 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और करोड़ों लोग विस्थापित हुए हैं। देश का एक तिहाई हिस्सा पानी में डूब गया है। इससे वहां न केवल आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है, बल्कि कई तरह की संक्रामक बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। यहां के 32 बाढ़ प्रभावित जिलों में मलेरिया तेजी से फैल रहा है, जहां हजारों बच्चे मच्छर जनित बीमारी से संक्रमित हो रहे हैं। ऐसे में ग्लोबल फंड ने पाकिस्तान सरकार को भारत से मच्छरदानी खरीदने का सुझाव दिया है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपनी सरकार से पिछले महीने भारत से 6.2 मिलियन मच्छरदानी खरीदने की इजाजत मांगी थी। अधिकारी ने दावा किया कि उन्होंने सिंध, पंजाब और बलूचिस्तान के 26 सबसे अधिक प्रभावित जिलों के लिए मच्छरदानी की व्यवस्था के लिए ग्लोबल फंड से अनुरोध किया था, जहां प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम के मामले बहुत अधिक थे। वाणिज्य मंत्रालय से भी इस संबंध में अनुमति मांगी गई थी। विशेष यह कि पुलवामा में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 2019 से कारोबारी रिश्ते नहीं हैं। हालांकि, बाढ़ ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 12 अक्टूबर, 2022



# नोएडा में बनेगा प्रदेश का पहला पर्यावरण प्रकोष्ठ

## तीन विशेषज्ञों की टीम करेगी ऑडिट, एनओसी-क्लीयरेंस के उल्लंघन पर लगेगा जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



फाइल फोटो

● प्रकोष्ठ के अंतर्गत हर प्रकार के जल प्रबंधन से संबंधित पर्यावरण मंजूरी आएंगी

● समिति नोएडा में काम करने वाले एसटीपी की हर महीने देगी रिपोर्ट

नोएडा के पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्राधिकरण एनवायरमेंट सेल बनाने जा रहा है। इसमें तीन एक्सपर्ट की टीम होगी। ये नोएडा में निरीक्षण और ऑडिट करेंगी। इसमें वेस्ट वाटर, फ्रेश वाटर, ग्राउंड वाटर और एसटीपी से ट्रिटेड वाटर मैनेजमेंट से संबंधित सभी पर्यावरण मंजूरी ईसी की जांच शामिल होगी। इसकी जांच रिपोर्ट के बिना सीसी जारी नहीं किया जाएगा।

प्रदेश में पहली अथॉरिटी होगी, जिसका अपना एनवायरमेंटल सेल होगा। यह सेल ग्रांउड वाटर निकासी, सीवरेज, प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण एक्ट के अनुपालन में दी जाने वाली अनुमतियों की भी जांच करेगी। प्राधिकरण ने बताया कि आगामी एक महीने में एक्सपर्ट का पैनल तैयार कर सेल का गठन कर दिया जाएगा। इसे एक साल तक चलाया जाएगा। यदि ये मानकों पर खरा उतरता है जो एक्स्टेंड किया जाएगा। एक्सपर्ट सेल उन सभी प्रोजेक्ट साइट का दौरा करेगी जिनके निर्माण से पहले राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण क्लीयरेंस देता है। इसकी जांच और ऑडिट भी कर सकती है। यही नहीं सेल नोएडा में एसटीपी के कामकाज पर मासिक रिपोर्ट पेश करेगा। इसकी रिपोर्ट हर महीने डीजीएम स्तर के अधिकारी को देनी होगी।

सेल ट्रीटेड वाटर के नमूनों को एकत्रित कर जांच के लिए भी जिम्मेदार होगा। प्रत्येक छह महीने में सोर्स और डेस्टिनेशन की सैंपल परीक्षण के लिए यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड यूपीपीसीबी को भेजेगा।

अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण एनओसी और क्लीयरेंस की शर्तों के उल्लंघन के मामले में सेल जुर्माना भी लगा सकता है। एनवारमेंटल सेल को हर महीने नोएडा में काम करने वाले एसटीपी की रिपोर्ट देनी होगी कि वह सही से काम कर रहे है या नहीं। नोएडा की ग्रुप हाउसिंग सोसायटी में लगे एसटीपी सही ढंग से काम कर रहे है अथवा नहीं इसकी जांच और नोटिस जारी करने का अधिकार भी इनके पास होगा। बता दें, यहां बिना एसटीपी क्लियरेंस के अधिभोग प्रमाण पत्र यानी सीसी जारी नहीं किया जाता है।

प्रदेश के पहले और सबसे बड़ा टर्शरी ट्रीटमेंट वाटर टीटी वाटर प्लांट का निर्माण पूरा हो गया है। इसका फायदा शहर के 91 सेक्टर और 33 गांव के 10 लाख से ज्यादा लोगों को मिलेगा। ये प्लांट सिक्वेंसियल बैच रियेक्ट एसबीआर तकनीक से बनाए गए है। इससे 100 एमएलडी सिवरेज पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट के निर्माण में 143.58 करोड़ रुपए खर्च हुए है। इसके अलावा सेक्टर.50, सेक्टर.54, सेक्टर.123, सेक्टर.168 में बने एसटीपी बने है।

## छात्र की हत्या मामले में शिक्षक हिरासत में

**नोएडा।** थाना बादलपुर क्षेत्र के गांव बंबावड़ में स्थित कैप्टन सांवरिया पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र प्रिंस 12 वर्ष की काम नहीं करने पर स्कूल की अध्यापक द्वारा उसकी पीट-पीटकर की गई हत्या के मामले में पुलिस ने आज आरोपी अध्यापक सोबरन को हिरासत में लिया है। पुलिस उससे गहनता से पूछताछ कर रही है।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि बीते शुक्रवार को छात्रों का टेस्ट लिया गया था। छात्र प्रिंस को अध्यापक सोबरन ने डंडे से पीट दिया। गंभीर हालत में उसे दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां पर उपचार के दौरान 9 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि छात्र के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। आज दोपहर को पुलिस ने आरोपी अध्यापक को हिरासत में लिया है। वहीं परिजनों में भारी आक्रोश है।

## संक्षिप्त समाचार



गाजियाबाद के वरिष्ठ समाजसेवी एवं यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी के सीएमडी डॉ पीएन अरोड़ा ने नेताजी स्वर्गीय मुलायम सिंह के पैतृक निवास सैफई में जाकर उनके अंतिम दर्शन किए एवं पार्थिव शरीर को पुष्पांजलि अर्पित की।

### बाइक सवारों ने युवती से मोबाइल छीना

**नोएडा।** मुस्कान सेक्टर.73 स्थित सोसाइटी में रहती है। वह स्क्वायर माल के पास से गुजर रही थीं। इसी एक बाइक पर सवार होकर दो युवक पीछे से आए और मुस्कान का मोबाइल छीनकर भाग गए। युवती ने पुलिस को मामले की शिकायत दी है। पुलिस घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

### मां की बीमारी से परेशान युवक ने जान दी

**नोएडा।** मां की कैंसर की बीमारी से परेशान युवक ने मंगलवार सुबह पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बरौला में 24 वर्षीय आलोक कुमार अपनी मां के साथ रहता था। वह मजदूरी करके परिवार का गुजारा करता था। उसने सुबह करीब छह बजे सेक्टर.42 स्थित जंगल में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### पंजीकृत छात्रों के पास दाखिला पाने का अंतिम मौका

**नोएडा।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के संबद्ध कॉलेजों में दाखिला पाने के लिए पंजीकृत छात्रों के पास बुधवार को अंतिम मौका रहेगा। इसके बाद छात्रों को दाखिला नहीं मिलेगा। मंगलवार को दूसरे दिन 50 कॉलेजों में सिर्फ75 विद्यार्थियों ने ही दाखिला लिया। विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों को कॉलेजों में 10 से 12 अक्तूबर तक प्रवेश का मौका दिया है। कॉलेज में वही छात्र दाखिला ले सकते हैं, जिन्होंने अंतिम मेरिट के दौरान पंजीकरण किया हो, लेकिन किसी कारणवश दाखिला न ले सके थे।

### गाजियाबाद में 200 घंटे सफाई कर बनाया रिकॉर्ड

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम के सफाईकर्मियों ने 200 घंटे लगातार सफाई करके इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया है। चीफ एडिटर डॉ बिश्वरूप रॉय चौधरी की तरफ से मेयर आशा शर्मा को इसका सर्टिफिकेट दिया गया है। सफाई अभियान के इस कार्यक्रम की शुरुआत 2 अक्तूबर गांधी जयंती पर नंदग्राम क्षेत्र से की गई। बिना रुके लगातार सफाई अभियान चलता रहा। इसका समापन लालकुआं स्थित आईपीएम कॉलेज पर हुआ। ये पूरा अभियान लगातार 200 घंटे चला। अभी तक लगातार 186 घंटे तक सफाई करने का रिकॉर्ड कानपुर नगर निगम के नाम था।

# एक्सप्रेसवे पर डबल डेकर बस ट्रक से भिड़ी, जवान की मौत





पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● हादसे में 9 गंभीर, गोरखपुर से लुधियाना जा रहे थे 70 यात्री

ग्रेटर नोएडा में गोरखपुर से लुधियाना जा रही डबल डेकर बस ने आगे चल रहे ट्रक में टक्कर मार दी। ट्रक में पत्थर लदे हुए थे। बस के ड्राइवर का बैलेंस बिगड़ गया यमुना एक्सप्रेस.वे के किनारे लगे लोहे के गाटर को तोड़कर नीचे उतर गई। बस में 70 यात्री सवार थे। हादसे में एक जवान की मौत हो गई। 9 लोगों की हालत गंभीर है।

पुलिस ने बताया कि थाना रबूपुरा क्षेत्र में एक प्राइवेट डबल डेकर बस यूपी 81 सीटी 4912 गोरखपुर से लुधियाना जा रही थी। बस यमुना एक्सप्रेस.वे पर आगरा की ओर से नोएडा की तरफ जाते समय जैसे ही ग्राम खेड़ा मोहम्मदाबाद के सामने पहुंची। बस के चालक ने बस के आगे चल रहे ट्रक संख्या आरजे02 जीबी4196 जिसमें पत्थर लदे थे में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। पूछताछ करने पर पता चला कि बस के चालक को नींद आ गई थी। जिसके बाद वह स्पीड से नियंत्रण खो बैठा और सीधे ट्रक से जा भिड़ी। गनीमत रही बस यमुना एक्सप्रेस वे पर लगे गाटर को तोड़ती हुई नीचे फिसल गई। बस में करीब 70 यात्री सवार थे। इसमें 09 लोगों को गंभीर चोट आयी है। कैलाश अस्पताल में गंभीर रूप से घायल लवी कुमार निवासी कांगडा हिमाचल प्रदेश की मौत हो गई। लवी भारतीय थल सेना का जवान है और डोगरा रेजीमेंट में तैनात था। पुलिस और हाइवे पेट्रोलिंग कर्मचारियों ने कटर की मदद से बस काटकर फंसे गंभीर रूप से घायलों को बाहर निकाला।

# डेंगू के नए हाट स्पाट बने मकनपुर व साहिबाबाद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद जिले में कोरोना संक्रमण कम होने के साथ डेंगू का प्रकापे बढ़ गय है। इस वर्ष 2022 में अब तक डेंगू के 301 मामले सामने आएं हैं वहीं मलेरिया के भी 7 मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के सर्वे में पता चला है कि मकनपुर और साहिबाबाद डेंगू को लेकर नए हाट स्पाट बन गए हैं। दोनों क्षेत्रों में विगत दो महीने में 46.46 केस मिल चुके हैं।

जिला सर्विलांस अधिकारी आरके गुप्ता ने दोनों क्षेत्रों में पीएचसी प्रभारियों को विशेष निगरानी बरतने के निर्देश जारी किए हैं। एक अगस्त से जिले में डेंगू के 301 केस मिल चुके हैं। 95 स्वाइन फ्लू के और सात मलेरिया के केस भी मिले हैं।

**डेंगू के अतिसंवदेनशील क्षेत्र :** क्रासिंग रिपब्लिक, भीमनगर, इंदिरापुरम, न्यायखंड़ व शक्तिखंड़, वैशाली, कौशांबी, हरसांव, रिजर्व पुलिस लाइन, शास्त्रीनगर, गोविंदपुरम, संजयनगर सेक्टर.23, मानसी विहार राजनगर एक्सटेंशन, पंचवटी, नेहरुनगर, कृष्णानगर, राजेंद्रनगर, शालीमार गार्डन, गरिमा गार्डन, अशोक वाटिका, करहैडा, अर्थला, मेवला भट्टी, अगरौला, मीरपुर हिंदु, नवादा, अलीपुर, खानपुर, मंडौला, मानकी, दौसा बंजारपुर, जलालाबादए इकला, इनायतपुर, नंगला, अटौर, मोहनपुर, मथुरापुर, कलछीना, नंगलाबेर, त्यौड़ी, नाहली, अतरौली, डिडौली, मनौली, भदौली, सुराना, प्रतापविहार, मिर्जापुर, खोड़ा, कड़कड़ माडल, प्रहलादगढ़ी, झंड़ापुर आदि हैं।

**आठ वर्षों में मरीजों की संख्या**

| वर्ष | डेंगू | मलेरिया |
|---|---|---|
| 2014 | 226 | 152 |
| 2016 | 621 | 128 |
| 2017 | 232 | 293 |
| 2018 | 68 | 105 |
| 2019 | 88 | 146 |
| 2020 | 15 | 12 |
| 2021 | 1,238 | 31 |

**जिले में कहां और कितने केस मिले**

- मकनपुर – 46
- साहिबाबाद – 46
- महाराजपुर – 32
- विजयनगर – 25
- दीनदयालपुरी–21
- कोट गांव – 17
- राजनगर – 15
- हरसाव – 14
- शास्त्रीनगर– 13
- वसुंधरा – 11
- मुरादनगर – 10
- डासना – 10
- दौलतपुरा– 08
- लोनी – 07
- कड़कड़ माडल–07
- शालीमार गार्डन 6
- कैलाभट्टा 5
- हिंडन विहार 5
- अर्थला 4
- खोड़ा कालोनी 4
- कनावनी 4
- भोपुरा 2

(स्वास्थ्य विभाग के अनुसार)

## गला दबाकर युवक को जान से मारने का प्रयास

**गाजियाबाद।** थानाक्षेत्र के गांव अमराला में मामूली विवाद को लेकर युवक को अगवा कर जान से मारने का प्रयास किया गया। किसी तरह युवक जान बचाकर घर पहुंचा। पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव अमराला निवासी राज बसंल उर्फ राजू परिवार सहित रहते है। आरोप है कि दो दिन पहले गांव के ही दो युवक राज बसंल को घर से बुलाकर अपने साथ ले गए थे।

# भूमि विवाद में भाई को जिंदा जलाया, गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती, रजिस्टर में आत्महत्या के प्रयास का भी मामला दर्ज

नोएडा में जमीन और रास्ते के विवाद को लेकर एक व्यक्ति को जान से मारने का प्रयास किया गया है। युवक को जिंदा जलाने की कोशिश की गई है। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल है। पीड़ित की पहचान मोनू निवासी निठारी हुई है। पीड़ित व्यक्ति को नोएडा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उसे दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया है। पीड़ित के भाई ने अपने चाचा के लड़कों सत्येंद्र और भूपेंद्र के खिलाफकार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित व्यक्ति मोनू के भाई सोनू ने बताया कि उनकी जमीन और रास्ते का विवाद काफी समय से चल रहा है। विवाद को रोकने का प्रयास किया, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपी सत्येंद्र पुत्र गजराज और आरोपी भूपेंद्र पुत्र गजराज सिंह ने उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी। एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि मोनू के भाई सोनू ने अपने चचेरे भाई सतेन्द्र व भूपेन्द्र पर जलाने का आरोप लगाया है। मामले में एसीपी.1 नोएडा ने जांच पड़ताल की गई। पूछताछ में सामने आया कि पड़ोसियों ने मोनू को जलते देखा था। तत्काल घर पर इसकी सूचना दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपी दोनों व्यक्ति में से भूपेन्द्र को फोन करने पर उसके द्वारा मोनू को अस्पताल ले जाया गया। घटना के समय सतेन्द्र एक न्यूज चैनल में डयूटी पर था। अस्पताल जाकर जांच करने पर पता चला की अस्पताल में एंट्री आत्महत्या करने के संबंध में की गई है। मामले की जांच जारी है।

## निगम के संभव कार्यक्रम में कई शिकायतें दर्ज

**गाजियाबाद।** नगर निगम सभागार में आज संभव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रत्येक मंगलवार को होने वाले इस कार्यक्रम में नगर निगम में शिकायतों की सुनवाई कर उनका निस्तारण किया जाता है।

निगम में आज जनसुनवाई अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता, चीफ इंजीनियर एनके चौधरी, हेल्थ अफसर डॉ मिथलेश कुमार आदि अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# नाराज कर्मचारियों ने किया जमकर हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● कारों के शीशे तोड़े, ओवरटाइम और तनख्वाह कम मिलने पर की नारेबाजी

ओवर टाइम और तनख्वाह कम आने से नाराज कर्मचारियों ने सोमवार देर रात सेक्टर.63 की कंपनी में जमकर हंगामा किया। कर्मचारियों ने गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 11 कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया है। फैक्ट्री प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मंगलवार को भी कंपनी के गेट पर सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी पहुंचे। उन्होंने सैलरी की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी रखा। कर्मचारियों का कहना है जब तक मांगें पूरी नहीं होती, वे काम पर नहीं लौटेंगे। थाना प्रभारी थाना सेक्टर.63 का कहना है कि इस कर्मचारियों से बातचीत की जा रही है। लॉ एंड ऑर्डर नियंत्रण में हैं। एक शिफ्ट में करीब 6 सौ कर्मचारी काम करते हैं। कंपनी प्रबंधन का कहना है कि आज सभी कर्मचारियों के खाते में पैसा ट्रांसफर कर दिया जाएगा। सेक्टर.63 के डी ब्लॉक में जेट टाउन ब्लूटूथ बनाने की एक कंपनी है। इस कंपनी में सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी काम करते हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें ओवर टाइम कराने के बाद भी पैसे नहीं दिए गए। इसके अलावा कंपनी प्रबंधन ने सैलरी भी कम दी। त्योहार का सीजन आ गया है। कंपनी मैनेजमेंट ने उनको तनख्वाह के साथ ओवरटाइम का पैसा देने के लिए कहा था। कर्मचारियों ने प्रबंधन से मांग की थी कि उन्हें ओवरटाइम के पैसे दिए जाएं। इस मामले में सोमवार रात को कुछ कर्मचारी कंपनी के एचआर से बात करने गए थे, लेकिन उनकी नहीं सुनी गई। आरोप है कि एचआर ने अभद्रता की।

इस पर दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। फिर कर्मचारी एकजुट होकर हंगामा करने लगे। कर्मचारियों ने 6 से अधिक वाहनों के शीशे तोड़ कर पलट दिए।

# मां ने नहीं दिलाई बाइक व मोबाइल, फांसी लगाई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में 18 वर्षीय पारस ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने की वजह भी चौंकाने वाली निकली। वो मां से बुलेट मोटरसाइकिल और नया मोबाइल मांग रहा था। मां के मना करने पर उसने ऐसा आत्मघाती कदम उठा लिया। एक साल पहले साइकिल न दिलाने पर भी उसने नींद की गोलियां खा ली थीं।

इंदिरापुरम थाने के इंस्पेक्टर देवपाल सिंह के अनुसार, ये घटनाक्रम शिप्रा सनसिटी फेज वन का है। सुषमा अपने दो बेटों पीयूष और पारस के साथ फ्लैट में रहती हैं। पीयूष नोएडा सेक्टर–60 की निजी कंपनी में जॉब करता है। जबकि पारस ने एक पैर में लकवा होने की वजह से 11वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी।

सुषमा का पति से तलाक हो चुका है, इसलिए वे दो बेटों के साथ अलग रह रही हैं। सोमवार रात करीब आठ बजे पारस अपने कमरे में था। मां सुषमा ने आवाज लगाई, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। उन्होंने खिड़की से झांक कर देखा तो बेटा पारस फांसी पर लटका था।

# कई दिन खिली धूप, लोगों को मिली राहत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● बरसात के कारण कई जगहों पर जलभराव और जाम से हुई परेशानी

नोएडा में सुबह से रुक.रुककर बारिश हो रही है। बुधवार को भी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग का कहना है दिनभर धूप और बादलों का घेरा बना रहेगा। वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर अब कम हो रहा है। चक्रवाती हवाओं का असर अभी बना हुआ है।

मंगलवार सुबह से हो रही बारिश से सड़कों पर जलभराव और जाम की समस्या रही। कई स्थानों पर नोएडा प्राधिकरण ने सड़कों की मरम्मत का काम करवाया था। वहां भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारी बारिश के चलते 12वीं तक के स्कूलों को बंद किया गया है। प्रदेश में भारी बारिश के बाद हुए हादसों में कई लोगों की मौत हुई है।

दिल्ली–एनसीआर में मंगलवार को भी दिल्ली में बादल छाए रहे। कुछ जगहों पर हल्की बारिश होने के आसार हैं। गर्मी से राहत और ठंडक बरकरार रहेगी। बारिश के चलते बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। नोएडा को दिल्ली से जोड़ने वाले प्रमुख सड़कों पर जाम की स्थिति है। दिल्ली.एनसीआर में अक्टूबर के शुरुआती 10 दिनों में 121.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो पिछले 16 सालों में दूसरा सर्वोच्च रिकॉर्ड है। इस महीने अब तक हुई बारिश अगस्त में दर्ज की गई बारिश 41.6 मिमीद्ध की करीब तीन गुना है। देश की राजधानी में पिछले साल अक्टूबर में 122०5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। आमतौर पर, अक्टूबर में 28 मिमी बारिश हुआ करती है। पिछले तीन दिनों में हुई बारिश तीन हफ्तों में दूसरी सर्वाधिक लंबी बारिश है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश में 13 अक्टूबर तक अधिकतर जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। कुछ जिलों में तेज बारिश के आसार हैं।

# करवाचौथ की तैयारी : महिलाओं ने हाथों में मेहंदी रचाई

## सेक्टर-18 के अट्टा मार्केट समेत अनेक बाजारों में मेहंदी रचाने के लिए लगे अस्थाई स्टाल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



● बाजारों में खरीदारों की उमड़ रही भीड़, चूड़ी और श्रृंगार की दुकानों पर सबसे ज्यादा लोग

करवाचौथ से पहले मंगलवार को महिलाओं ने हाथों में मेहंदी रचाई। बाजारों में दिनभर रौनक रही। त्योहार को यादगार बनाने के लिए नवविवाहिताओं ने खूब खरीदारी की।

कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि यानी गुरुवार को करवाचौथ का त्योहार मनाया जाएगा। ऐसे में तैयारियों के लिए बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। चूड़ी और श्रृंगार के सामान की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई। करवाचौथ की तैयारियों में जुटी महिलाएं खरीदारी के साथ हाथों में मेहंदी भी लगवा रही हैं। मेहंदी के बिना करवाचौथ का श्रृंगार अधूरा माना जाता है। ऐसे में भीड़ से बचने के लिए महिलाएं मंगलवार को मेहंदी लगवाने के लिए बाजार पहुंची। मेहंदी के स्टॉल और ब्यूटी पार्लर में भीड़ ज्यादा होने के कारण महिलाएं अपनी बारी का घंटों इंतजार करती रहीं। सेक्टर.18, अट्टा मार्केट, सेक्टर.28, सेक्टर.52 समेत अनेक बाजारों में मेहंदी रचाने के लिए लगी अस्थाई स्टॉल पर देर शाम तक महिलाएं मेहंदी लगवाती रहीं। बाजार में मेहंदी लगाने के दाम भी समय और डीजाइन के हिसाब से तय होते हैं।

शहर में इस समय ब्यूटी पार्लर और मेहंदी लगाने वालों की दुकान पर एक हाथ पर मेहंदी लगाने के 350 रुपये तक लिए जा रहे हैं, लेकिन बुधवार को यह दाम बढ़कर 400 से 500 रुपये होने की उम्मीद है। कई जगह सड़क किनारे बैठे कारीगर इस समय एक हाथ पर मेहंदी लगाने के 200 रुपये भी ले रहे हैं।

बुधवार को मेहंदी लगवाने को लेकर अगर इसी तरह भीड़ रही तो इनके दाम भी बढ़ जाएंगे। बाजार में जहां एक तरफ महिलाएं साड़ी, लहंगा, आभूषण आदि की खरीदारी कर रही हैं तो वहीं, पुरुष भी अपनी पत्नी के लिए उपहार खरीद रहे हैं। इसको लेकर मंगलवार को शराफा और मोबाइल की दुकान पर खासी भीड़ देखी गई।

ग्राहकों को लुभाने के लिए दुकानों पर भी उपहार के लिए विशेष ऑफर दिए जा रहे हैं।

## बार-बार प्राधिकरण आने वालों की मांगी गई सूची

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु महेश्वरी ने अवांछित लोगों को प्राधिकरण में नहीं घुसने देने के आदेश जारी किए।

सीईओ ने कहा है कि कामकाज ऑनलाइन किए जा रहे हैं, इसके बावजूद प्राधिकरण आने वाले लोगों की संख्या में कोई कमी नहीं आ रही है। इसका मतलब यह है कि ऑनलाइन कामकाज सही ढंग से नहीं हो रहे हैं। ऋतु महेश्वरी ने बिना वजह बार.बार प्राधिकरण आने वाले लोगों की लिस्ट मांगी है। यह पता लगाने का आदेश दिया है कि प्राधिकरण में लोग कहां से प्रवेश करते हैं। ऐसी सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया है।

ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं को जारी किए जाने वाले अधिभोग प्रमाण पत्र पर विभाग अनावश्यक आपत्तियां लगा रहे हैं।

# ट्विन टावर से पास की इमारतों के नुकसान की मिली रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● नोएडा प्राधिकरण ने रिपोर्ट सीबीआरआई को भेजी

सुपरटेक ट्विन टावर ध्वस्त होने के दौरान 50 मीटर दायरे में स्थित सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट और एटीएस विलेज सोसाइटी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक यह दावा सुपरटेक बिल्डर ने किया है।

अब इस रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने रिपोर्ट सीबीआरआई को भेज दी है। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि इस रिपोर्ट को लेकर सीबीआरआई की तरफसे जो भी राय आएगी उसी के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। बिल्डर की ओर से स्ट्रक्चरल ऑडिट के अलावा, कंपन और क्रेक गेजेज की रिपोर्ट सौंपी है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों की मानें तो एक सप्ताह-दस दिन में सीबीआरआई रिपोर्ट का अध्ययन कर अपना जबाव दे देगी।

इसके बाद प्राधिकरण एमराल्ड कोर्ट और एटीएस विलेज सोसायटी की आरडब्ल्यूए- एओए को जानकारी देगा। अधिकारियों ने बताया कि एमराल्ड कोर्ट सोसाइटी के 3 और एटीएस विलेज सोसाइटी का ऑडिट किया गया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिल्ली में नाकाम है सूचना का अधिकार कानून

## केंद्रीय सूचना आयुक्त उदय माहूरकर ने इस संबंध में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को लिखा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सूचना का आधिकार लागू कर पाने में दिल्ली सरकार नाकाम है। इस संबंध में केंद्रीय सूचना आयुक्त उदय माहूरकर ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा सूचना का अधिकार कानून को लागू करने में विफल रहने का जिक्र किया है।

केंद्रीय सूचना आयुक्त ने लिखा कि दिल्ली सरकार में आरटीआइ एक्ट 2005 का पालन नहीं किया जा रहा है। इसकी वजह से सरकार की पारदर्शिता और जवाबदेही तय करना मुश्किल है। जनहित में सरकार के लिए आरटीआई के सवालों का जवाब देना जरूरी है। भ्रष्टाचार को छिपाने के मकसद से ऐसा किए जाने की संभावना है ताकि गड़बड़ी सामने न आए। सीआइसी के इस पत्र के बाद उपराज्यपाल कार्यालय ने मुख्य सचिव को इस पर जल्द कार्रवाई लेने के लिए कहा है। दूसरी तरफ इस मुद्दे पर राज्य सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्र के अनुसार केंद्रीय सूचना आयुक्त द्वारा जिस गंभीर विषय को उजागर किया गया है। उसी को देखते हुए उपराज्यपाल सचिवालय ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वो इस मामले में कानून के अनुसार उचित कार्रवाई करें।

इससे संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए इसमें सुधार किया जाए। पत्र में बताया गया है कि कुछ विभाग जैसे राजस्व, सहकारी, लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं ऊर्जा जो सीधे जनता से जुड़े हैं, वो या तो आम जनता के सवालों को काफी दिनों तक टाल देते हैं या फिर सूचना देने से इनकार कर देते हैं। इनमें सही जवाब नहीं देकर भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। राजस्व विभाग के 60 फीसदी मामलों में सूचना अधिकारी कमिशन के समक्ष पेश नहीं होते हैं। माहूरकर ने कहा कि सरकार से जमीन पाने वाले निजी अस्पताल कैसे आर्थिक रूप से गरीब वर्ग को अस्पताल में मुफ्त उपचार नहीं दे रहे हैं। इसके अलावा टेंडर की प्रक्रिया को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाए हैं। सूत्रों के हवाले से यह भी कहा गया है कि जनता को गुमराह करने के लिए गलत सूचनाएं भी दे दी जाती हैं।

- राजस्व, स्वास्थ्य, सहकारी, लोक निर्माण और ऊर्जा विभाग से नहीं मिल पाती जानकारी, मुख्य सचिव को इस पर जल्द कार्रवाई करने के दिए निर्देश

आयुक्त ने इस चिट्ठी में यह भी कहा है कि जन सूचना अधिकारी भी न तो आयोग के समक्ष पेश होते हैं और ना ही अपने किसी अधिनस्थ या अन्य कर्मचारियों को वहां भेजते हैं। इस खत के साथ सीआइसी ने कुछ ऐसे दस्तावेज भी संलग्न किए हैं, जिनसे पता चलता है कि सूचना देने में लापरवाही बरती गई या फिर गलत जानकारी दी गई।

# पराली से प्रदूषण को लेकर केंद्र की राज्यों के साथ बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता प्रबंधन और पराली से होने वाले वायु प्रदूषण में कमी लाने के मुद्दे पर राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की। इस बैठक में गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के प्रदूषण में लगभग दो तिहाई से ज्यादा बाहर के स्रोतों की भूमिका होती है। सीएसई की पिछले साल की एक रिपोर्ट के अनुसार प्रदूषण में केवल 31 फीसद दिल्ली के अंदर के स्रोत की भूमिका होती है, जबकि बाहरी स्रोत का योगदान 69 फीसद है। इसलिए प्रदूषण को कम करने के लिए एनसीआर के राज्यों को सभी जरूरी कदम उठाने पड़ेंगे। साथ ही पड़ोसी राज्यों में पटाखे पर प्रतिबंध लगाने की सलाह दी। गोपाल राय ने कहा कि सबसे पहले एनसीआर से दिल्ली आने वाले सभी सार्वजनिक परिवहन सीएनजी या इलेक्ट्रिक पर चलने चाहिए। पर्यावरण की समस्या किसी राज्य विशेष से संबंधित नहीं है। राज्यों की अपनी सीमाएं हैं किन्तु प्रदूषण की कोई सीमा नहीं है। इसीलिए एनसीआर के राज्यों के लिए रीजनल कार्यान्वयन कमिटी बनाई जाए जो प्रदूषण की लगातार मॉनिटरिंग कर सके। इस साल भी सर्दी के मौसम में होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार ने सभी विभागों एवं संबंधित एजेंसियों की मदद से 15 सूत्रीय विंटर एक्शन प्लान बनाया है। पिछले दो वर्षों से खेतों में पराली गलाने के लिए पूसा बायो-डीकंपोजर का मुफ्त में सफलता पूर्वक छिड़काव किया है। जिसका सकारात्मक प्रभाव रहा है। पिछले साल से ज्यादा इस साल भी बासमती और गैर-बासमती कृषि भूमि पर मुफ्त में पूसा बायो-डीकंपोजर का छिड़काव किया जाएगा। धूल प्रदूषण को कम करने के लिए 6 अक्टूबर से एंटी डस्ट कैंपेन चलाया जा रहा है।

- पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दी एनसीआर के शहरों में पटाखों पर प्रतिबंध की सलाह

वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए वाहनों के पीयूसी सर्टिफिकेट की जांच एवं 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध के अनुपालन के लिए टीमों का गठन किया गया है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में सीटों के आवंटन व प्रवेश से संबंधित मुद्दों के लिए समिति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सीटों के आवंटन और प्रवेश से संबंधित मुद्दों को सुलझाने के लिए मंगलवार को नौ सदस्यीय समिति का गठन किया है। रजिस्ट्रार विकास गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए संस्कृत विभाग के प्रोफेसर रंजीत बेहरा की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है।



विश्वविद्यालय ने पिछले महीने शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों के लिहाज से प्रवेश प्रक्रिया शुरू की थी। समान सीट आवंटन प्रणाली या कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम के माध्यम से प्रवेश तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है, जिनमें सीएसएएस-2022 आवेदन पत्र जमा करना, कार्यक्रमों का चयन और वरीयताएं भरना तथा सीट आवंटन और प्रवेश शामिल हैं। प्रवेश प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिहाज से स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक केंद्रीय प्रवेश शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है।

- प्रवेश प्रक्रिया के संचालन के लिए संस्कृत विभाग के प्रोफेसर रंजीत बेहरा समिति की अध्यक्षता करेंगे

## धर्मांतरण विवाद में पूर्व मंत्री गौतम से पूछताछ

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम एक धर्मांतरण कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति को लेकर मंगलवार को दिल्ली पुलिस के सामने पूछताछ के लिए पेश हुए। इस कार्यक्रम में हिंदू देवी-देवताओं की कथित तौर पर निंदा की गई थी। गौतम पहाड़गंज थाने में जांच में शामिल हो गए हैं।

राजेंद्र पाल गौतम ने मीडिया से बातचीत में कहा, उन्हे नोटिस मिला और वह पुलिस के साथ (जांच में) सहयोग करेंगे। उन्होंने ट्वीट किया, वह बाबासाहेब अम्बेडकर और भारतीय संविधान को मानने वाले लोग हैं। सोमवार को पुलिस ने इस धर्मांतरण कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति के सिलसिले में उनसे उनके निवास पर पूछताछ की थी।

# पूर्वी दिल्ली के लाखों लोगों को 24 घंटे मिलेगा साफ पानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भागीरथी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की 40 साल पुरानी पानी की पाइपलाइन बदली जाएगी। इससे पूर्वी दिल्ली के लोगों को स्वच्छ गंगा जल उपलब्ध होगा और क्षेत्र में 24 घंटे पानी की आपूर्ति होगी। इस 20 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन के बदलने से इलाके के लाखों लोगों तक 130 एमजीडी साफ गंगाजल पहुंचाया जा सकेगा।

दिल्ली वालों को चौबीस घंटे पानी मुहैया कराने की दिशा में यह फैसला मील का पत्थर साबित होगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 271 करोड़ रूपये की परियोजना को मंजूरी दी है। साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की समय सीमा 31 मार्च 2023 तक बढ़ा दी है। इसके अलावा रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर पेनल्टी को छह महीने के लिए स्थगित करने को स्वीकृति भी दी है। सिसोदिया ने कहा कि 100 वर्ग मीटर या इससे बड़े भूखंडों के भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था के अनिवार्य प्रावधान है।

- भागीरथी प्लांट की पुरानी पाइपलाइन को बदलेगी सरकार, 271 करोड़ रुपये की परियोजना को दी मंजूरी : सिसोदिया

अब इसे इंस्टॉल करने की समय सीमा बढ़ाए जाने से लोगों को राहत मिलेगी।

मनीष सिसोदिया ने अधिकारियों को पानी की 24 घंटे सप्लाई सुनिश्चित कराने के लिए भागीरथी प्लांट से निकलने वाली मुख्य पाइपलाइन को बदलने की परियोजना को सेफ्टी-सिक्योरिटी व क्वालिटी के सभी मानकों का पालन करते हुए समय सीमा के अंदर पूरा करने के निर्देश दिए।

भागीरथी प्लांस से निकलने वाली यह पाइपलाइन पूर्वी दिल्ली में जाती है। केजरीवाल सरकार विभिन्न इलाकों में पानी की पुरानी पाइपलाइन बदकर नई पाइपलाइन बिछाने और लोगों के घरों में शुद्ध पेयजल मुहैया कराने की दिशा में चरणबद्ध तरीके से काम कर रही है। ताकि लोगों को कोई परेशानी न झेलनी पड़े और उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलें।

वर्षा जल एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है और दिल्ली जैसे शहर के लिए इसे सहेजकर रखना बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि दिल्ली पानी के लिए अपने पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है।

वह ग्राउंड वाटर को रिचार्ज कर भूजल स्तर बढ़ाना चाहते हैं, ताकि बाद में उसका इस्तेमाल किया जा सके और पानी के मामले में आत्मनिर्भर बन सके। दिल्ली सरकार ने साल 2020-21 में भी कोविड महामारी के दौरान वर्षा जल संरक्षण स्ट्रक्चर के इंस्टॉलेशन में उपभोक्ताओं की परेशानियों को को देखते हुए आरडब्ल्यूएच जुर्माना स्थगित कर दिया था।

# फूल वालों की सैर शुरू एलजी को दिया पंखा




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

फूल वालों की सैर, जिसे पुष्प महोत्सव के रूप में भी जाना जाता है। दिल्ली के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह फूलों का त्योहार है जो पूरे दिल्ली में मनाया जाता है, लेकिन दक्षिणी दिल्ली के महरौली क्षेत्र में इसका प्रमुख रूप से पारंपरिक पालन किया जाता है।

इस उत्सव में मुख्य रूप से जोग माया के मंदिर और संत कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी के मकबरे पर फूलों की बारिश होती है। फूलन की सायर का त्योहार आम तौर पर सितंबर और अक्टूबर के महीने में मनाया जाता है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को सोमवार को राज निवास में आयोजित समारोह में फूल वालों की सैर की शुरुआत के अवसर पर पारंपरिक पंखा भेंट किया गया। उत्सव अंजुमन सैर-ए-गुल फरोशन के आयोजकों ने शहनाई और अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों के बीच उपराज्यपाल को पंखा भेंट किया।

- अंजुमन सैर-ए-गुल फरोशन ने राज निवास में शहनाई समेत अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन बजाई

इस मौके पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने फूल वालों की सैर को उसकी पारंपरिक भव्यता के साथ पुनर्जीवित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आयोजकों से कहा कि, वह व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए हर कदम उठाएंगे कि दिल्ली की सच्ची समन्वित संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाला यह उत्सव अपने पारंपरिक गौरव को बहाल करे।

# सरकारी अस्पतालों में डेंगू मरीजों के लिए 15 फीसदी बेड

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पिछले दिनों झमाझम बारिश के बाद दिल्ली में मच्छरों से होने वाली बीमारियों के बढ़ने की आशंका है। इसके मद्देनजर दिल्ली सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों में डेंगू मरीजों के लिए 10 से 15 फीसदी बेड सुरक्षित करने का निर्देश दिया है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि बिस्तरों की कमी के चलते किसी भी मरीज को भर्ती करने से मना नहीं किया जाए।

सरकार ने दावा किया है कि पिछले दो हफ्तों में डेंगू के मामलों में वृद्धि हुई है लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि सभी अस्पताल अलर्ट मोड पर हैं। मरीजों को तुरंत इलाज की सुविधा मिलेगी। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि मौजूदा मौसम में डेंगू और अन्य वेक्टर जनित बीमारियाँ के फैलने की आशंका काफी अधिक होती है साथ ही पिछले दो हफ्तों में इन मामलों में वृद्धि देखी गई है, लेकिन लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि अस्पतालों में मरीजों को इलाज मुहैया कराने के लिए उनकी सरकार ने सभी इंतजाम पूरे कर लिए हैं।



मालूम है कि विभिन्न अस्पतालों कोरोना के लिए लगभग 8800 बेड्स आरक्षित किए गए हैं लेकिन कोविड-19 के मामले बेहद कम आ रहे है और वर्तमान में आरक्षित बेड्स के 1 फीसदी से भी कम बेड्स इस्तेमाल में आ रहे है। ऐसे में सरकार द्वारा अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि इन बेड्स का उपयोग वेक्टर जनित बिमारियों के रोगियों के लिए किया जाए जिससे मरीजो के इलाज में परेशानी का सामना न करना पड़े। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पतालों और संबंधित अधिकारियों को डेंगू के मामलों से निपटने व बेहतर रणनीति बनाने में मदद करने के लिए पोर्टल पर मामलों के विवरण को अपडेट करने का निर्देश दिया गया है।

- बिस्तर की कमी बताकर मरीज को भर्ती करने से मना नही करें अस्पताल : सिसोदिया

## हत्या के आरोप में दो किशोर समेत चार लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के नेब सराय इलाके में व्यक्ति की हत्या के आरोप में दो नाबालिग समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान संगम विहार निवासी अजय और आमिर के रूप में हुई है। आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि मारे गए व्यक्ति ने पहले एक किशोर की पिटाई की थी जिसके बाद चारों ने बदला लेने के लिए उस पर हमला किया।

पुलिस को रविवार को चाकू मार कर एक व्यक्ति की हत्या किए जाने की घटना की सूचना मिली थी। हमले में घायल फराज को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# होटल में महिला के साथ गैंग रेप, तीन गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में एक होटल में महिला को ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि पीड़िता के एक जानकार ने मिलने के बहाने उसे इलाके के एक होटल में बुलाया। फिर दो दोस्तों के साथ मिलकर इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता की शिकायत के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान अजय, तारा चंद, और नरेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी राजस्थान के अलवर के रहने वाले हैं।

पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने बताया कि घटना की सूचना देने के लिए आदर्श नगर थाने के पीसीआर (पुलिस नियंत्रण कक्ष) पर रविवार को फोन आया था। महिला ने बताया कि उसे उसके एक परिचित अजय ने रविवार को एक होटल के कमरे में बुलाया था, जहां उसके दो दोस्त भी मौजूद थे। उन्होंने महिला को कोल्ड ड्रिंक में कुछ नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया जिससे वह बेहोश हो गई।।

## मास्क नहीं लगाने पर चालान काटना किया बंद

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के कई जिलों में कोविड-19 महामारी के मद्देनजर सार्वजनिक स्थानों पर मास्क नहीं लगाने पर 500 रुपए का चालान काटना बंद कर दिया है क्योंकि कई स्थानों पर इसे कड़ाई से लागू नहीं किया जा रहा है जबकि मास्क लगाने को अनिवार्य करने संबंधी आदेश को औपचारिक रूप से अभी तक वापस नहीं लिया गया है।

दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की हुई बैठक में फैसला किया गया कि कोविड-19 के मामलों में कमी के मद्देनजर 30 सितंबर से मास्क पहनने को अनिवार्य नहीं किया जाए। डीडीएमए की 22 सितंबर की हुई बैठक के मिनट की जानकारी पीटीआई-भाषा को प्राप्त हुई है।

# संक्षिप्त समाचार



## मंगोलिया से लाई गई बुद्ध की वाणी का प्रकाशन

**नई दिल्ली।** मंगोलिया के 50 बौद्ध मठों और शैक्षणिक संस्थाओं से लाई गई पवित्र बुद्ध की वाणी (कंजूर)का संस्कृति मंत्रालय, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन की ओर से इस सेट के 108 खंड फिर से प्रकाशित कराया गया है। समृद्ध भारत और मंगोलिया के प्रगाढ़ भारतीय सांस्कृतिक संबंधों के चलते यह संभव हो सका है। इसके साथ ही नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने अकादमिक सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से मंगोलिया की चार प्रमुख संस्थाओं- नेशनल युनिवर्सिटी ऑफ मंगोलिया, मंगोलियन एकेडमी ऑफ साइंसेस, गान देन टेक्निकल मोनेस्ट्री और जानबाजार बुद्धिस्ट युनिवर्सिटी ऑफ मंगोलिया के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। भारत की ओर से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने समझौतों पर हस्ताक्षर किए।



## प्रवासी साहित्य का निर्णय उसकी संवेदना से हो

**नई दिल्ली।** डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली के साहित्य अध्ययन केंद्र के अध्यक्ष प्रो. सत्यकेतु सांकृत के निर्देशन में संचालित शोध परियोजना 'प्रवासी कथा साहित्य एक सर्वेक्षण' के अंतर्गत 11 अक्टूबर 2022 को प्रवासी कथा साहित्य इतिहास लेखन की समस्याएं विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भारत और विदेशों के 12 वक्ता शामिल हुए। दो सत्र में आयोजित प्रथम सत्र में अनिल जोशी, डॉ. सुरेश ऋतुपर्ण, प्रो. नवीन चांद लोहनी, रामप्रसाद भट्ट डॉ.अनंत विजय पालीवत, प्रोफेसर कृष्ण कुमार, तेजेंद्र शर्मा, तनुजा पदारथ बिहारी आशीष कांधवे, राकेश पांडेय, डॉ. निकिता जैन मौजूद थीं। इस अवसर पर प्रो. सत्यकेतु सांकृत द्वारा संपादित पत्रिका समीक्षा वार्ता एवं उन्हीं के द्वारा संपादित पुस्तक प्रवासी साहित्य : संघर्ष से शिखर तक का लोकार्पण भी हुआ।

## अक्टूबर में 1956 के बाद सबसे अधिक वर्षा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में इस महीने लगातार हुई वर्षा ने 66 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस महीने अब तक 128.2 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो वर्ष 1956 के बाद राष्ट्रीय राजधानी में अक्टूबर महीने में सबसे अधिक है। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में अक्टूबर 1956 में 236.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में अक्टूबर महीने में सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड वर्ष 1954 के नाम है तब 238.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक इस महीने दिल्ली में मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक 128.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो यहां अक्टूबर महीने में सबसे अधिक बारिश का चौथा रिकॉर्ड है। पिछले साल अक्टूबर में राष्ट्रीय राजधानी में 122.5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। वहीं, दिल्ली में अक्टूबर 2020, 2018 और 2017 में बारिश नहीं हुई थी जबकि 2019 के अक्टूबर में 47.3 मिमी बारिश यहां दर्ज की गई थी। मौसम कार्यालय का पूर्वानुमान है कि बुधवार को भी दिल्ली में बादल छाए रहेंगे।

# ग्रामीण इलाकों में परिवहन व्यवस्था होगी बेहतर : केजरीवाल

## मुख्यमंत्री ने 50 नई लो-फ्लोर सीएनजी बसों को दिखाई हरी झंडी, प्रवर्तन शाखा केलिए 30 इनोवा और 36 बाइक दीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ग्रामीण इलाकों में परिवहन व्यवस्था अब पहले से बेहतर होगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को राजघाट क्लस्टर डिपो से 50 नई एसी सीएनजी बसों और प्रवर्तन शाखा के लिए 30 इनोवा कार और 36 मोटरसाइकिल को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बसें बवाना में बने डिपो में रखी जाएंगी और छह नए रूटों पर चलेंगी। इससे ग्रामीण इलाका शहर के विभिन्न इलाकों से संपर्क बेहतर होगा। सभी सीएनजी बसें सीसीटीवी कैमरा, पैनिक बटन और जीपीएस समेत कई आधुनिक उपकरणों से लैस हैं। खास बात यह है कि बस लेन एनफोर्समेंट के लिए पहली बार मोटर साइकिल शामिल की गई है। इनका इस्तेमाल संकरी सड़कों पर किया जाएगा।




अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अब तक की सबसे ज्यादा कुल 7320 बसें सड़कों पर हैं। जिसमें 4010 बसें डीटीसी, 3310 बसें क्लस्टर और 250 इलेक्टिक बसें हैं। वर्ष 2025 तक 80 फीसद इलेक्ट्रिक बसों के साथ 10 हजार सेज्यादा बसें राजधानी की सड़कों पर दौड़ेंगी। पिछले दो-तीन साल में सार्वजनिक परिवहन में बहुत सारी नई इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसों को शामिल किया गया है। इसका मकसद दिल्ली का ट्रांसपोर्ट सिस्टम दुनिया के किसी भी विकसित देश के किसी भी शहर से बेहतर करना है। इन एसी सीएनजी बसों को सार्वजनिक बस बेड़े में शामिल होने के बाद दिल्लीवालों का सफर और आसान हो जाएगा। इन बसों में सुरक्षा मानकों का विशेष ख्याल रखा गया। अभी तक क्लस्टर बसों के 360 रूट हैं। यह जो 50 नई सीएनजी बसों आई हैं, इनके 6 अतिरिक्त रूट बनाए गए हैं जो ग्रामीण एरिया को कवर करते हैं।

**प्रवर्तन दस्ता होगा मजबूत होगा :** मुख्यमंत्री ने बताया कि अप्रैल में बस लेन एनफोर्समेंट की कार्रवाई शुरू की थी और अब इसके सकारात्मक नतीजे आ रहे हैं। इनर और आउटर रिंग रोड पर बस लेन एनफोर्समेंट के लिए दो पहिया वाहन वाली 11 टीमें शिफ्टों में तैनात की गई हैं। शेष 14 बाइकों को 7 टीमों और 2 शिफ्टों में 6 क्रिटिकल स्ट्रेच पर तैनात किया जाएगा। वहीं, 84 चार पहिया वाहनों का उपयोग कर 84 टीमें बनाई गई हैं। प्रत्येक टीम में एक चार पहिया वाहन (इनोवा) तैनात किया गया। एनफोर्समेंट के लिए जो नए वाहनों को शामिल किया गया है, उनमें से चार वाहनों को विभाग द्वारा चिंहित किए गए 15 क्रिटिकल स्ट्रेच पर तैनात किया जाएगा। प्रवर्तन दस्ते पहली बार मोटर साइकिल को शामिल किया गया है तो संकरी सड़कों एनफोर्समेंट के लिए इस्तेमाल की जाएंगी। जहां इनोवा जाने में दिक्कत होती थी। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि उनकी सरकार सस्ती, आरामदायक और त्वरित परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। **छह नए रूटों पर चलेंगी यह बसें:** रूट नंबर- 215 पर यह बसें बवाना जेजे कॉलोनी, राजीव रतन आवास योजना, रोहिणी सेक्टर 34 पॉकेट-एक, शाहबाद डेयरी, शाहबाद दौलतपुर गांव, जीटीके डिपो, आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन, मॉडल टाउन-2, आईएसबीटी कश्मीरी गेट, लाल किला, दिल्ली गेट (जेएलएन मार्ग), पीएस कमला बाजार, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन गेट 2 तक जाएंगी।

# गुरुग्राम में होंगे घुड़सवारी के रोमांचक मुकाबले


गुरुग्राम में होंगे घुड़सवारी के रोमांचक मुकाबले

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## 14 अक्टूबर से एक्वेस्ट्रियन स्पोर्ट्स अकादमी सेक्टर-62 में होंगे ये मुकाबले

## तीन दिन तक चलेंगी ये प्रतियोगिताएं, दर्शकों के लिए एंट्री रहेगी फ्री

**गुरुग्राम** में 14 से 16 अक्टूबर तक तीन दिवसीय रीजनल घुड़सवारी चैंपियनशिप व हॉर्स शो के आयोजन किया जा रहा है। यह चौम्पियनशिप गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर सेक्टर-62 में एक्रेस्ट्रियन स्पोर्ट्स अकादमी में होगी। जिसमें देशभर से 70 से 100 घुड़सवार भाग लेंगे। इस आयोजन से हरियाणा विशेषकर गुरुग्राम में घुड़सवारी को बढ़ावा मिलेगा।

इस प्रतियोगिता व होर्स शो में देशभर से पुलिस, सेना, बीएसएफ, आईटीबीपी के अलावा विभिन्न स्कूलों तथा सिविलियन घुड़सवार भाग लेंगे। ये प्रतियोगिता एक्रेस्ट्रियन फैडरेशन ऑफ इंडिया तथा हरियाणा एक्रेस्ट्रियन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में करवाई जा रही है। हरियाणा एक्रोस्टेरियन स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एचईएसए) के महासचिव कर्नल (सेवानिवृत) आरएस आहलुवालिया के अनुसार 14 से 16 अक्टूबर तक होने वाली रीजनल घुड़सवारी चौंपियनशिप में देशभर से 100 घुड़सवार तथा 70 घोड़े आने की आशा है। उन्होंने बताया कि इस चौंपियनशिप में हॉसज़ शो का भी आयोजन किया जाएगा, जो बहुत ही आकर्षक होगा। कर्नल आहलुवालिया ने बताया कि 3 दिवसीय चौंपियनशिप में टैंट पैगिंग, क्षेत्रीय घुड़सवारी लीग, हॉर्स शो आदि का आयोजन होगा और इसमें दर्शकों के लिए एंट्री नि:शुल्क है।

# रजिस्ट्री होने के साथ ही उसके इंतकाल की ऑटोमैटिक हो एंट्री : मंडलायुक्त

## मंडलायुक्त बिढान ने कहा, राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों का सरलीकरण करें

## स्वामित्व योजना के विवादों को संबंधित तहसीलदार सुनवाई करके निपटाएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के मण्डलायुक्त रमेश चंद्र बिढान अपने कार्यालय से मण्डल के जिलों के उपायुक्तों के साथ राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों के सरलीकरण को लेकर ऑनलाइन बैठक करते हुए।

**गुरुग्राम** के मण्डलायुक्त रमेश चंद्र बिढान ने मंगलवार को मण्डल के तीनों जिलों के उपायुक्तों के साथ राजस्व विभाग तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े विषयों पर बैठक की और उन्हें निर्देश दिए कि वे राजस्व रिकॉर्ड की नकल ऑनलाईन माध्यम से देने की प्रक्रिया शुरू करें। इसके लिए प्रक्रिया को इतना सरल बनाया जाए कि लोगों को अपनी जमीन की फरद लेने में कठिनाई ना हो।

उन्होंने राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके सरलीकरण के लिए उपायुक्तों से सुझाव भी मांगे। मण्डलायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों की खेवट का कई सालों से बंटवारा नहीं हुआ है, जिसकी वजह से उनमें इतने ज्यादा हिस्सेदार हो गए हैं कि मामला उलझा हुआ नजर आ रहा है और उनमें आपसी खींचतान बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि खेवट में अलग हिस्सेदारी करने को लेकर उपायुक्त अपने-अपने जिला में एक गांव को पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर लें और उस गांव के रकबे में खेवट अलग करना अनिवार्य कर दें। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी यदि इस काम को सिरे चढा पाते हैं तो यह ग्रामीण लोगों के प्रति बड़ी सेवा होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि जमीन की रजिस्ट्री होने के साथ ही उसके इंतकाल की ऑटोमैटिक एंट्री हो जाए, ऐसी व्यवस्था बनाएं। उन्होंने कहा कि एंट्री होने के बाद तहसील स्तर पर उसकी मंजूरी की कार्यवाही पूरी करें।

मण्डलायुक्त ने यह भी कहा कि तहसील स्तर पर पटवारियों के लिए बैठने की जगह निर्धारित हो और वहीं पर उस तहसील से संबंधित कागजात या दस्तावेज रखें हों ताकि लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य करवाने में दिक्कत ना आए। इस कार्य को भी जिला में किसी एक तहसील में पायलेट आधार पर शुरू किया जा सकता है। वहां पर रहने वाली कमियों को दूर करके इसे बाद में जिला की सभी तहसीलों में लागू करें। इससे राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार होगा और विभाग का कार्य भी बेहत्तर ढंग से पूरा हो पाएगा जिससे लोगों में राजस्व विभाग की छवि भी अच्छी बनेगी।

उन्होंने ऑनलाईन गिरदावरी करने पर जोर देते हुए कहा कि पटवारी गांवों में जाकर वहीं से पऊसलों की फोटो लेकर टेबलेट पर अपलोड करें। इससे उनके कार्य में पारदर्शिता आएगी। इस पर एक-दो जिलों के उपायुक्तों ने कहा कि एक पटवारी के पास 10 से 15 गांव हैं, इसलिए पटवारियों की कमी को देखते हुए उनके साथ सहायक लगाने की जरूरत है। इस सुझाव पर मण्डलायुक्त ने सहमति जताते हुए कहा कि वे इस मामले पर राजस्व विभाग के उच्च अधिकारियों से परामर्श करेंगे।

# अब समग्र हिन्दू सेवा संघ कहलाएगी संयुक्त हिंदू संघर्ष समिति


गुरुग्राम के शीतला माता मंदिर में बैठक में मौजूद समग्र हिंदू सेवा संघ के सदस्य।

## स्वरूप परिवर्तन कर समग्र हिन्दू सेवा संघ का हुआ गठन

## ब्रहम प्रकाश कौशिक को बनाया अध्यक्ष

**गुरुग्राम।** मांस की अवैध बिक्री, सार्वजनिक जगहों पर नमाज न पढ़े जाने जैसे मुद्दों को लेकर बहुचर्चित संयुक्त हिन्दू संघर्ष समिति के नए परिवर्तित स्वरूप में समग्र हिन्दू सेवा संघ का हरियाणा स्तर पर गठन कर सर्वसम्मति से ब्रहम प्रकाश कौशिक को अध्यक्ष, राजीव मित्तल को महामंत्री तथा चेतन शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया।

मंगलवार को शीतला माता मन्दिर परिसर में सम्पन्न गुरुग्राम के बुद्धिजीवी वर्ग और राष्ट्र समर्पण के लिए सदा समर्पित युवाओं और महिलाओं की। राजनैतिक दलों को अलग रखकर केवल धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के वरिष्ठ प्रतिनिधियों को इसका सदस्य बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नवगठित संघ के संरक्षक तथा लोकतंत्र सेनानी महावीर भारद्वाज ने बताया कि इसका मुख्य संरक्षक इन्द्रेश को तथा संरक्षक समिति सूची में उनके अतिरिक्त आर्य प्रतिनिधि कन्हैयालाल आर्य, रिटायर्ड सेशन जज अनिल विमल, सनातन धर्म सभा से सुरेन्द्र खुल्लर, 36 बिरादरी का प्रतिनिधित्व करने वाले नत्थू सिंह सरपंच तथा श्याम ठाकरान को शामिल किया गया है।

सर्वसम्मति से हरियाणा की कमेटी का गठन किया गया, जिसमें ब्रहम प्रकाश कौशिक, महामंत्री राजीव मित्तल तथा कोषाध्यक्ष चेतन शर्मा ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर रेनु गुप्ता को महिला प्रमुख तथा मीनाक्षी सक्सेना को सह प्रमुख, मंत्री पद पर शीतला कालोनी से जितेन्द्र कुमार, समाजसेवी राजकुमार राजू को सह मंत्री, उपाध्यक्ष के लिए अतर सिंह, खाण्डसा वाले सतपाल प्रधान सम्पर्क प्रमुख, प्रमोद गुप्ता को व्यवस्था प्रमुख बनाया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## मांगों को लेकर नप सफाई कर्मचारी बैठे भूख हड़ताल पर


नगर परिषद कार्यालय परिसर में मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मी।

**सोहना।** नगर परिषद के सफाई कर्मियों न अपनी मांगों को लेकर दो दिन की भूख हड़ताल शुरू कर दी है। सफाई कर्मी सभी सरकारी विभागों से लेकर ग्राम पंचायतों में लगे कच्चे सफाई कर्मियों को पक्का करने तथा समान कार्य, समान वेतन की मांग कर रहे हैं। मंगलवार की सुबह नगर परिषद के सफाई कर्मचारी यूनिट प्रधान विक्रम सिंह की अध्यक्षता में अपनी मांगों को दो दिन की भूख हड़ताल पर बैठ गए है। यूनिट प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि भूख हड़ताल में 11 कर्मचारियों ने भाग लिया है। यूनिट प्रधान विक्रम सिंह का कहना है कि एक तरफ से सरकारी और प्रशासनिक अधिकारी कच्चे कर्मचारियों से पूरा कार्य करा रहे है। अवकाश वाले दिन भी कच्चे कर्मचारियों को कार्य पर बुलाया जाता है। आज कच्चा कर्मचारी पक्के कर्मचारियों से अधिक कार्य करने के बावजूद कम वेतन ले रहा है। यह सरकार की दोहरी नीति कच्चे कर्मचारियों के साथ नाइंसाफी कर रही है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद समेत सभी सरकारी विभाग और सरकार के अधीनस्थ विभागों में तैनात कर्मचारियों को पक्का किया जाए। उन्हें स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए। पक्के कर्मचारियों को मिल रही सुविधाएं कच्चे कर्मचारियों को पक्के होने तक दी जानी चाहिए।

## होटल कारोबारी से दिनदहाड़े दो हजार रुपये झपटे

**सोहना।** होटल कोराबारी से बाइक सवार दो युवकों ने दिनदहाड़े नकदी लूट ली। शोर मचाने पर कारोबारी को चाकू मार देने की धमकी दी। पुलिस ने कोराबारी की शिकायत पर एक नामजद समेत दो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उत्तर प्रदेश गाजियाबाद निवासी अफरोज अहमद ने पुलिस को बताया कि सोमवार को समय करीब ढाई बजे दिन में वह अपने रिश्तेदार के साथ सोहना में होटल चलाने के लिए जगह तलाशने के लिए आया था। वह और उसका रिश्तेदार जब सोहना के वार्ड-13 में पुराना अलवर मार्ग पर पैदल जा रहे थे। तभी उनके पास एक बाइक आकर रुकी। बाइक पर पीछे बैठे युवक ने उनसे आईडी मांगी। आईडी दिखाने के दौरान बाइक चला रहे युवक ने दो हजार का नोट पर्स में से झपट लिया। अफरोज ने बताया कि एक युवक का नाम धन्ना निवासी आईटीआई कॉलोनी सोहना का ही रहने वाला है। उमेश कुमार शहर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम को आरोपियों की धड़पकड़ के लिए लगा दिया है। आरोपियों के घर गिरफ्तारी को लेकर छापा मारा गया है, लेकिन अपने घरों से फरार है।

## पदाधिकारियों से जिलाध्यक्ष ने पंचायत चुनावों पर किया मंथन



**गुरुग्राम।** भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने मंगलवार को पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कल्याण सिंह चौहान, पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मांगे राम, प्रकोष्ठ के प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख यशपाल फरीदपुर, जिला संयोजक सुंदरलाल सरपंच, सह-संयोजक नीरज जुडौला, प्रदीप वशिष्ठ के साथ बैठक की। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि बैठक में आगामी समय में जिले में होने वाले जिला परिषद, सरपंचों, पंचों एवं ब्लाक समिति मेंबरों के चुनाव को लेकर आगामी तैयारियों पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ एवं पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कल्याण सिंह चौहान ने कहा कि हरियाणा में पंचायतों के चुनाव दो चरणों में हो रहे हैं, जिसमें गुरुग्राम जिले में जिला परिषद, ब्लॉक समिति एवं सरपंचों, पंचों के चुनाव दूसरे चरण में होंगे। बैठक में जिला महामंत्री मनीष गाडौली, महेश यादव कार्टरपुरी, जिला सचिव जितेंद्र चौहान उपस्थित रहे।

## सीएचसी फर्रूखनगर में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**गुरुग्राम।** आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को हर दिन हर घर आयुर्वेद विषय पर आधारित सीएचसी फरूखनगर में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिला आयुष अधिकारी डा. मंजू बांगड़ के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श व दवाईयां वितरित की गई। शिविर में 82 लोगों का प्रकृति परीक्षण किया गया तथा 188 लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। शिविर में प्रकृति परीक्षण भी किया गया। प्रकृति परीक्षण का सबसे लाभदायक अंश यह है कि इससे हम अपनी प्रकृति के बारे में जानकर और उसके अनुसार अपने खान-पान और रहन-सहन में सुधार करके सदैव स्वस्थ रह सकते हैं। स्वयं का बीमारियों से बच कर सकते हैं। इसके साथ-साथ शिविर में लगाई गई प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को सामान्य जीवन के कुछ बिंदुओं से अवगत करवाकर स्वस्थ रहने के गुर बताए गए। डा. मंजू बांगड़ ने बताया कि नवरत्न आटा मतलब 9 तरह का आटा उचित अनुपात में गेहूं के साथ मिलाकर हम स्वयं ही पिसवा सकते हैं और संपूर्ण पोषण पा सकते हैं।

# सदा गुरुओं का सम्मान करें छात्र : मनजीत सिंह



**नोएडा।** जेवर विधानसभा क्षेत्र के गांव दयानतपुर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को जूते वितरित किए गए। जूता वितरण भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं जेवर विधानसभा से युवा नेता मनजीत सिंह ने किया। इस दौरान भाजपा आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज साथ रहे। कालेज के प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह भाटी ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

मनजीत सिंह ने कहा कि हम अपने गुरुओं और प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह भाटी के आदर्शों को लेकर आगे बढ़े हैं, जिससे हमको और आने वाली युवा पीढ़ी के छात्रों को प्रेरणा लेनी चाहिए। सभी छात्रों को गुरु की आज्ञा का पालन करना चाहिए। जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज ने कहा कि प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह भाटी के नेतृत्व में सर्व हितकारी इंटर कॉलेज निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐसे गुरुओं का हम सब को सम्मान करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को समझाते हुए कहा कि अगर मंदिर और देवालय से बड़ा कोई स्थान है तो वह विद्यालय है, जिसमें शिक्षा ग्रहण करके हम मंदिर जाकर अपने भगवानों को पूजते हैं।

वह शिक्षा हमको एक गुरु ही दे सकता है। इसलिए सभी छात्र-छात्राओं को हमेशा गुरु की आज्ञा का पालन करना चाहिए। शिक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी सदस्य मनजीत सिंह ने कहा कि वह आगे भी होनहार व जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय में हमेशा योगदान देते रहेंगे।

# पीएचसी वजीराबाद : हरियाणा में पहला आईएसओ : 9001 प्रमाणित पीएचसी बना

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## प्रमाणन निकाय ने पीएचसी वजीराबाद की पूरी प्रक्रिया की है ऑडिट

## प्रबंध निदेशक और संचालन निदेशक ने डा. वीरेंद्र यादव को सर्टिफिकेट सौंपा

**प्राथमिक** स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) वजीराबाद अब आईएसओ 9001:2015-गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली से प्रमाणित हो गया है। एसआईएस प्रमाणन प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम स्थित प्रमाणन निकाय ने पीएचसी वजीराबाद की पूरी प्रक्रिया ऑडिट की। इस दौरान पाया गया कि वजीराबाद स्थित पीएचपी अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन प्रणाली मानक-आईएसओ 9001 की सभी आवश्यकताओं का अनुपालन करती है।

आईएसओ 9001 प्रमाणित होने का अर्थ है कि संगठन को रोगियों और संबंधित पक्षों को दी जा रही उच्चतम स्तर की सेवाओं के साथ सत्यापित किया गया है। स्वास्थ्य देखभाल केंद्र द्वारा दी जाने वाली सेवाएं अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के उच्चतम मानदंडों के साथ संचालित होती हैं। एसआईएस प्रमाणन के लेखा परीक्षकों के साथ प्रबंध निदेशक और संचालन निदेशक द्वारा सर्टिफिकेट सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र यादव और पीएचसी के कर्मचारियों को सौंप दिया गया था। सिविल सर्जन ने पीएचसी वजीराबाद में आयोजित समारोह की सराहना की। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आईएसओ 9001 प्रमाणित सार्वजनिक स्वास्थय देखभाल केंद्र में अब लोगों को पीएचसी वजीराबाद से उच्च स्तरीय सेवाएं जैसे ओपीडी सेवाएं, लैब टेस्ट, इंडोर मेडिकल सर्विसेज, डिलीवरी सर्विसेज, इमरजेंसी केयर और अपने राज्य में कई अन्य सेवाएं मिलेंगी।

एसआईएस सटिफिकेशन के प्रबंध निदेशक ने स्वास्थ्य केंद्र के पूरे स्टाफ द्वारा की गई कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने रोगियों और संबंधित पक्षों के प्रति स्टाफ सदस्यों द्वारा दिए गए व्यावसायिकता और समर्पण की भी सराहना की। डॉ. वीरेंद्र यादव ने अपने स्टाफ सदस्यों डॉ. शालू एस. वशिष्ठ, डॉ. अंजुल, डॉ. अंशुल, डॉ. बाला, डॉ. नीलिमा और डॉ. अनामिका की सराहना की।

# दीवाली पर गुरुग्राम में केवल ग्रीन पटाखे बेचने, चलाने की अनुमति

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिला में इस बार उन पटाखों के बनाने, बेचने और चलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा, जिनसे वायु प्रदूषण होता है। उसकी जगह अब केवल ग्रीन पटाखे ही चलाए जा सकते हैं। ये आदेश सख्ती से लागू होंगे।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) तथा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशानुसार एनसीआर क्षेत्र सहित पूरे राज्य में केवल ग्रीन पटाखे बनाने, चलाने व उनकी बिक्री की अनुमति दी गई है। अन्य सभी प्रकार के पटाखे व सामान्य पटाखे बनाने, बेचने तथा चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह प्रतिबंध आगामी आदेशों तक जारी रहेगा। प्रदेश में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यह फैसला किया है। बोर्ड ने केवल ग्रीन पटाखे चलाने की छूट दी है।

# सड़क किनारे के गड्ढ़े जानलेवा हादसों को दे रहे दावत

## सड़के किनारे की मिट्टी के ये कटाव तीन फुट गहरे और 3 से 5 फुट तक हैं लंबे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


भोंडसी से सिलानी जाने वाले परमिट लाइन मार्ग पर सड़क किनारे मिट्टी कटाव से बना गड्ढ़ा।

**बरसात** मौसम के बाद ग्रामीण क्षेत्र में बनी सड़कों के साथ हुए मिट्टी कटावों को भरा नहीं गया है। मिट्टी कटाव वाले स्थान जानलेवा हादसों को खुला न्यौता दे रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्र की भोंडसी से सिलानी परमिट लाइन मार्ग से लेकर सोहना से दमदमा, दमदमा से भोंडसी, सोहना से दौला, सोहना से बल्लभगढ़, निमौठ से बल्लभगढ और पलवल, सोहना से वाया मौहम्मदपुर गुर्जर, सांप की नंगली, बेरका, अलीपुर से हरियाहेड़ा और रामनगर को जाने वाली सड़कों के साथ बारिश के दिनों में मिट्टी का कटाव हो गया।

मिट्टी के ये कटाव दो से तीन फुट गहरे तथा 3 से 5 फुट तक लंबाई में हो रहे हैं। मिट्टी कटाव वाले स्थानों पर सड़क के नीचे गहरे गड्ढ़े बन चुके हैं। गांव गढ़ीबाजीदपुर निवासी प्रवेश यादव ने बताया कि मिट्टी कटाव से बने गड्ढ़े ऊपर से नजर नही आते है। लेकिन इन में आते जाते समय कोई भी छोटा-बड़ा वाहन गिरने से जान लेवा हादसा घटित हो सकता है।

### वाहन टकराने से हो रहे रोज झगड़े

**सड़क** के बीचों बीच या किनारों पर बारिश के दौरान बने गड्ढ़ों से बचाव करते समय वाहन लहराते हुए चलते हैं। ऐसे में वाहन चालक कब अपने वाहन को दाएं या बाएं मोड़ दे तथा कब अचानक से ब्रेक लगा दे। इसका अंदेशा पीछे से आ रहा वाहन चालक को मालूम तक नहीं होता है। ऐसे लहराने से आए दिन वाहन आपस में भिड़ जाते हैं। ऐसी सबसे ज्यादा घटनाएं भोंडसी से सिलानी जाने वाले परमिट लाइन मार्ग पर आए दिन घटित हो रही हैं। वाहनों की भिड़ंत होने से बाइक-स्कूटी सवार कई बार घायल हो जाते हैं।

> **बारसात** मौसम के बाद से एक बार सड़क किनारे बने मिट्टी कटाव वाले स्थानों को भरा गया है, लेकिन पिछले दिनों हुई भारी बारिश में मिट्टी का कटाव दोबारा हो जाने से गड्ढ़े फिर से बने हैं। जल्द ही इन गड्ढ़ों को भरने का कार्य शुरू किया जाएगा। गड्ढ़ों को भी भरने का कार्य साथ के साथ चलेगा।
>
> **अजीत सिंह**
> (एसडीओ बीएण्डआर विभाग)

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देश की सबसे बड़ी पौधशाला : दीपक मैनी

**गुरुग्राम।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देश की सबसे बड़ी पौधशाला हैं, जहां उद्योगों को प्रशिक्षित ओर कौशल कार्य में निपुण श्रमिक उपलब्ध होते हैं। यह बात फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी ने कही। वे मंगलवार को यहां राजकीय मॉडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय परशिक्षुकता मेले के आयोजन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

दीपक मैनी के साथ उनकी टीम में एफआईआई के जिला अध्यक्ष पीके गुप्ता, महासचिव डॉ. एसपी अग्रवाल व पायनियर इंडस्ट्रियल एरिया बिलासपुर के उपाध्यक्ष अमन गुप्ता भी विशेष तौर पर कार्यक्रम उपस्थित रहे। कौशल विकास उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार व निदेशालय कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेले का राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम के प्रांगण में आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य जयदीप कादियान ने बताया कि इस मेले में सरकारी व प्राइवेट कुल 18 प्रतिष्ठानों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षुता मेले में आईटीआई पास आउट कुल 434 सरकारी व गैर सरकारी प्रतिष्ठानों द्वारा प्रशिक्षुता ट्रेनिंग/प्लेसमेंट के लिए चयन किया गया। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमण्डल ने पूरे राजकीय आईटीआई महाविद्यालय का निरीक्षण किया। प्रांत महासचिव दीपक मैनी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कंपनियों को अधिक से अधिक अपरेंटिस को नियुक्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। नियोक्ताओं को उनकी क्षमता का पता लगाने और विकसित करने में भी मदद करना है। स्टूडेंट्स ट्रेनिंग के दौरान न सिर्फ नए स्किल्स सिख पाएंगे, बल्कि कुछ आमदनी भी कर सकेंगे। दीपक मैनी ने आईटीआई मैनेजमेंट को आश्वासन दिया की प्रधानमंत्री प्रशिक्षुता/अप्रेंटिसशिप योजना को यथासंभव बढ़ावा देने और गुरुग्राम के उद्योगों में आईटीआई के स्टूडेंट्स को अधिक से अधिक प्लेसमेंट दिलवाने का प्रयास करेंगे।


गुरुग्राम स्थित मॉडल आईटीआई का दौरा करते फेडरेशन ऑफइंडियन इंडस्ट्री के पदाधिकारी।

# बरसाती पानी से मच्छर जनित बीमारी फैसने का खतरा बढ़ा

## बरसाती पानी जमा होने से मच्छरों का आतंक बढ़ गया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना के महाराज अग्रसैन पार्क के पास जमा बरसात का पानी।

**नगर** परिषद के लिए शहर के आम रास्ते से लेकर सर्विस मार्ग या सार्वजनिक स्थान पर जमा बरसात का पानी चुनौती दे रहा है। बरसाती पानी जमा होने से मच्छरों का आतंक बढ़ गया है। जिससे डेंगू व मलेरिया जैसी जान लेवा बीमारी फैलने का आसर बनने लगे है।

पिछले दिनों हुई भारी बारिश से शहर में दर्जनभर ऐसे स्थान है। जहां अभी भी बरसात का पानी जमा है। जिसके निकासी की सुविधा न होने से लोगों को पैदल निकलना पड़ रहा है। ऐसे स्थानों में अग्रसैन चौक, बस स्टैंड के सामने बनी सर्विस मार्ग, बालूदा मार्ग पर सड़क के साथ-साथ 6 से 7 ऐसे स्थान है। जहां पर बरसात व नाले का पानी जमा हो रहा है। इसके अलावा बस स्टैंड का खाली परिसर, अनाज मंडी में आढ़तों के सामने बनी नालियों में पानी गंदगी के कारण निकल नहीं पा रहा है।

**फॉगिंग कराने की मांग :** बेमौसम बरसात के बाद से शहर में मच्छरों का आतंक तेजी से बढ़ा है। राजौरिया कॉलोनी निवासी राजेश कुमार का कहना है कि बरसात के बाद से मच्छर इतना हो गया है कि एक पल बिना पंखा चलाएं नहीं रह सकते। ठंडा मौसम होने पर भी घरों में बिजली के पंखे चलाने पड़ रहे हैं। अनिल कुमार का कहना है कि नगर परिषद को शहर में मच्छरों के आतंक से राहत दिलाने के लिए नगर फॉगिंग करानी चाहिए। जिससे वर्तमान में मच्छरों से होने वाली बीमारी से आम नागरिक बच सके।

> **शहरी** क्षेत्र में फॉगिंग कराने की जिम्मेदारी नगर परिषद को सौंपी हुई है। जिसके लिए दवा उनके द्वारा उपलब्ध करा दी जाएगी। बरसात के बाद मच्छरों का आतंक बढ़ जाता है। इस संबंध में जल्द ही नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी से सम्पर्क करते हुए फॉगिंग कराने को कहा जाएगा।
>
> **दशरथ राव**
> (एसएमओ नागरिक अस्पताल)

> **शहर** में फॉगिंग के लिए जल्द ही टीम का गठन किया जाएगा। ताकि शहर के प्रत्येक वार्ड में फॉगिंग की जा सके।
>
> **अतरसिंह**
> (कार्यकारी अधिकारी नप)

# जर्जर हाल स्कूल के कमरों में पढ़ने को मजबूर बच्चे

कविता। फरीदाबाद

### खस्ता हाल एनएच-तीन के सरकारी स्कूल में भरा है बरसाती पानी

**एनएच**-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 1995 छात्राएं पढ़ती हैं। इस विद्यालय में मंगलवार को बरसात के बाद पानी और गंदगी देखने को मिला। विद्यार्थियों से पूछने पर पता चला कि नगर निगम द्वारा स्कूल परिसर के भीतर ही डस्टबिन हुआ है। जिस जिससे यहां गंदगी फैली हुई है। बरसात में तो यहां स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि छत से पानी टपकता है और स्कूल परिसर तलाब का रूप ले लेता है। स्कूल के कमरे जर्जर हालत में हैं। यहां बच्चों को बैठने से भी डर लगता है। उन्होंने कहा कि कमरों की छत से भी लेंटर झड़ रहा है।

**यह था हाल :** स्कूल के मुख्य द्वार पर ही गंदा नाला बह रहा है। बच्चियों ने बताया कि बरसात में नाला ओवरफ्लो होने से पानी स्कूल के अंदर भर जाता है। वहीं नगर निगम ने स्कूल के भीतर व बाहर कचरे का ढेर लग रखा है। निगम कर्मचारी कचरे को उठाते ही नहीं हैं। डस्टबिन अंदर होने से यहां बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है। स्कूल के अंदर बरसाती पानी का तलाब नजर आया और निगम का डस्टबिन पूरा भरा हुआ था। वहीं स्कूल के कमरे इतने जर्जर हैं कि कक्षाओं में बरसाती पानी टपकता है। जिससे कमरों में बच्चों को अध्यापक पढ़ा नहीं पाते। स्कूल परिसर में पानी इस तरह भर जाता है कि स्कूल में मौजूद क्लास रूमों तक बच्चे पहुंच नहीं पाते। जिस कारण बरामदें में बैठकर अध्यापक कक्षाएं लेते हैं। बरसात के दिनों में तो यहां छत का हिस्सा भी गिर सकता है।


राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भरा पानी।


स्कूल में बच्चों के ऊपर की छत्त का दृश्य।

**यह है स्थिति :** यहां 1995 पहली से 12वीं कक्षा के बच्चे पढ़ते है। बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल में करीब 68 अध्यापक है। मंगलवार को जब स्कूल का दौरा किया गया तो पता चला कि स्कूल में कुल 54 कमरे हैं। लेकिन इनमें 12 कमरों को कंडम घोषित किया हुआ है। जिस कारण स्कूल के मात्र 42 कमरों में ही कक्षाएं चलती हैं। लेकिन इनमें अधिकांश कमरों की छतों से लेंटर झड़ रहा है, सरिये दिखाई दे रहे हैं। बरसात में पानी छत से टपकता है। बच्चों ने बताया कि संख्या अधिक होने के कारण उन्हें इन जर्जर कमरों में पढ़ाया जा रहा है, दीवारों में भी यहां दरारे आने लगी हैं।

# संदिग्ध हालत में गोली लगने से व्यवसायी की मौत, हत्या का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** के सेक्टर-65 में स्थित केएलजी सोसायटी के परिसर में रहस्यमय हालत में गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के दौरान मृतक सोसायटी परिसर में अपनी कार खड़ी कर उसमें बैठकर दोस्तों के साथ शराब पी रहा था। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में दोस्तों ने बताया कि मृतक ने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। जबकि मृतक के परिजनों ने दोस्तों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। थाना सदर बल्लभगढ़ पुलिस ने मृतक के मामा की शिकायत पर मृतक के दो दोस्तों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक पलवल के गांव घरोट का रहने वाला अरविंद 30 वर्षीय अरविंद शहर में बिल्डिंग मैटेरियल सप्लाई करने का व्यवसाय चलाता था। इसके अलावा उसके पास अपनी जेसीबी मशीन और डंपर भी मौजूद हैं। पिछले कुछ समय से अरविंद बल्लभगढ़ के सेक्टर 65 स्थित केएलजी सोसायटी के एक फ्लैट किराये पर लेकर दोस्त दिनेश के साथ रह रहा था।


बीके अस्पताल की मोरची से बाहर आते पुलिस अधिकारी।


अरविंद का फाइल फोटो

बताया गया है कि अन्य दिनों की तरह बीती रात भी वह काम से घर लौट आया था। जहां उसने अपने 27 वर्षीय दोस्त दिनेश को बुला लिया। जिसके बाद दोनों अरविंद्र स्वीफ्ट कार में बैठकर शराब पीते हुए बातचीत करने लगे। कुछ देर बाद अरविंद ने फोन कर टोल कंपनी में काम करने वाले मडकौला गांव निवासी अपने दोस्त सुरेंद्र को भी वहां बुला लिया। जिसके बाद तीनों कार में बैठकर शराब पीने लगे। बताया गया कि बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर तीनों की आपस कहासुनी होने लगी। उसी दौरान संदिग्ध हालत में अरविंद कर अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली लगने से मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह, डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा, एसीपी क्राइम और थाना सदर प्रभारी महेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने मृतक के दोनों दोस्तों को तुरंत हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में दोनों का कहना है कि अरविंद ने लाइसेंसी पिस्तौल से गोली मारकर आत्महत्या की है। वहीं दूसरी तरफ मृतक अरविंद के परिजनों ने उसके दोनों दोस्तों पर गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। थाना सदर पुलिस ने मृतक के मामा की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस पूरे मामले की गहनता के साथ छानबीन कर रही है।

# निगम कर्मियों ने शुरू की क्रमिक भूख हड़ताल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सरकार** की वादा खिलाफी, सफाई कर्मचारियों के शोषण पर रोक लगाने, ठेका प्रथा समाप्त करने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों द्वारा रजिस्ट्रेशन न करने वाले कर्मचारियों का पांच माह का वेतन जारी करने, सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, रिक्त पदों पर नियमित भर्ती करने, पुरानी पेंशन का लाभ देने सहित अन्य न्याय उचित मांगों को मनवाने के लिए आज 11 अक्टूबर से 59 पालिकाओं, 22 परिषदों, 11 नगर निगमो वह 89 अग्निशमन केंद्रों के कर्मचारियों ने बालिकाओं परिषदों नगर निगमों के समक्ष दो दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी है, जो कल भी जारी रहेगी। यदि सरकार ने मांगों का निपटान 18 अक्टूबर तक नहीं किया तो पालिका, परिषद, नगर निगम व अग्निशमन विभाग के 40 हजार कर्मचारी 19 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक 2 दिन के लिए हड़ताल पर चले जाएंगे यदि प्रदेश की जनता को दीपावली जैसे बड़े त्योहार के अवसर पर परेशानी होती है तो इसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने क्रमिक भूख हड़ताल की सफलता का दावा करते हुए कहा कि क्रमिक भूख हड़ताल मैं कर्मचारियों बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है और कल भी कर्मचारी इस क्रम को जारी रखें शास्त्री ने कहा कि संघ दो दिवसीय काम छोड़ हड़ताल की तैयारियों की समीक्षा के लिए 15 अक्टूबर को रोहतक कर्मचारी भवन में पालिका कर्मचारियों एवं अग्निशमन विभाग के सभी नियमित, अनियमित व विभिन्न प्रकार के ठेका प्रथाओं में कार्यरत सभी तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की राज्य स्तरीय कन्वेंशन बुलाई गई है। इस कन्वेंशन में संघर्ष को तेज करने की योजना बनाई जाएगी।


कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नरेश शास्त्री।

# 20 वर्ष में रोडवेज बसों की सबसे बड़ी खरीद : मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### एक हजार सामान्य बसें, 125 मिनी एसी बसें और 150 एसी बसों की होगी खरीद परिवहन मंत्री ने सीएम मनोहर लाल का जताया आभार

**हरियाणा** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि 31 मार्च तक हरियाणा रोडवेज के बेड़े में 5 हजार बसें हो जाएंगी। पिछले 20 वर्षों में रोडवेज की 1300 बसों की सबसे बड़ी खरीद के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंजूरी दी है। मूलचंद शर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे आम जनता को सीधे लाभ मिलेगा।

परिवहन मंत्री ने कहा कि हरियाणा रोडवेज गरीब आदमी का जहाज है। आज देशभर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में हरियाणा रोडवेज की धाक है। हरियाणा रोडवेज में आए दिन बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा देने के लिए सरकार ने 1300 बसों की खरीद का फैसला लिया है। इसमें 1 हजार सामान्य बसें, 125 मिनी एसी बसें और 150 एसी बसें शामिल हैं। इन बसों की खरीद को हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में मंजूरी मिल गई है।

**100 बसें मिली :** परिवहन मंत्री शर्मा ने कहा कि हरियाणा रोडवेज की 809 बसों की बॉडी भी तैयार हो रही है। अभी तक 100 बसों की बॉडी तैयार हो चुकी है, जो अलग-अलग डिपो में जा चुकी हैं। बाकी 700 बसों की बॉडी भी जल्द तैयार हो जाएगी और इनकी डिलीवरी भी जल्द मिलेगी। इसके बाद प्रदेश में कुल 5 हजार बसों का बेड़ा हो जाएगा।

**550 इलेक्ट्रॉनिक बसों का टेंडर:** मंत्री ने कहा कि हरियाणा रोडवेज के बेड़े में जल्द ही इलेक्ट्रॉनिक बसों को भी शामिल किया जाएगा। परिवहन विभाग अगले महीने 550 इलेक्ट्रॉनिक बसों का टेंडर करने जा रहा है। उसके बाद जल्द ही इन इलेक्ट्रॉनिक बसों की खरीद की जाएगी।

# एक्टिव एआई बी2बी सप्लाई चेन में ला रहा परिवर्तन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एक्टिव.एआई** ने आज बताया कि कंपनी का उद्देश्य भारत में छोटे व मध्यम उद्यमों को किफायती एवं आसान क्रेडिट की उपलब्धता संभव बनाना है। एक्टिव एआई एक एआई पॉवर्ड एंटरप्राईज़ सास प्लेटफॉर्म है, जिसमें बी2बी के लिए बीएनपीएल (बाय नाउ पे लेटर) एम्बेडेड है। अपनी तरह का पहला कैटेगरी निर्माता एक्टिव.एआई उद्यमों को अपने सप्लाई चेन परिवेश का प्रभावशाली प्रबंधन करने में समर्थ बनाता है। कंपनी ने एक ऐसे प्लेटफॉर्म का निर्माण किया है, जो उद्यमों, उनके वितरकों और रिटेलर्स एवं वित्तीय संस्थानों को एक मंच पर लाता है।

एक्टिव.एआई के फाउंडर एवं ग्लोबल सीईओ, रघु सुब्रमण्यम ने कहा, ''हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होने के बाद भी भारत में 80 प्रतिशत छोटे व मध्यम उद्यमों के पास औपचारिक क्रेडिट की सुविधा नहीं है। इसलिए टेक्नॉलॉजी पर आधारित प्लेटफॉर्म द्वारा, हमारा उद्देश्य इस सेवाओं से वंचित श्रेणी तक पहुंचना और उन्हें प्रभावशाली वित्तीय, क्रेडिट एवं पार्टनर मैनेजमेंट प्रदान करना है। संपूर्ण सप्लाई चेन परिवेश को एक व सुगम मंच पर लाने का हमारा उद्देश्य व्यवसायिक वृद्धि को संभव बना रहा है।''

अपने टेक्नॉलॉजी प्लेटफॉर्म का उपयोग कर एक्टिव.एआई वितरकों एवं सप्लायर्स की एंटरप्राईज के नेटवर्क में आसान ऑनबोर्डिंग संभव बनाता है। बिजनेस पार्टनर्स के वित्तीय और गैरवित्तीय डेटा के साथ एक्टिव स्कोर वित्तीय संस्थानों एवं बीमा प्रदाताओं को बी2बी बीएनपीएल (बाय नाउ पे लेटर) एवं बीमा उद्यमों को देने में समर्थ बनाता है। इससे रिटेलर्स के लिए आसान ब्याज दर पर किफायती कार्यशील पूंजी की तेजी से उपलब्धता संभव बनती है।

उद्योग में यह पेशकश करने की जरूरत के बारे में एक वितरक ने बताया, ''आज यदि मैं किसी भी वित्तीय संस्थान के पास जाता हूँ, तो क्रेडिट लेने के लिए मुश्किल पेपरवर्क और औपचारिकताओं को पूरा करना पड़ता है। पेपरवर्क पूरा कर लेने के बाद भी यह निश्चित नहीं होता है कि हमें जरूरत के समय पूंजी मिल जाएगी। लेकिन एक्टिव.एआई एवं इसकी प्रस्तुतियों द्वारा हर व्यवसाय की विभिन्न समस्याओं का समाधान पेश किया गया है, और मुझे विश्वास है कि इससे मेरा व्यवसाय ज्यादा प्रभावशाली तरीके से चलाने में मदद मिलेगी।''

पिछले कुछ महीनों से एक्टिव.एआई के साथ काम कर रहे एक उद्यम ने कहा, ''एक्टिव.एआई ने मुझे सही वितरक तलाशने और एक प्लेटफॉर्म द्वारा संपूर्ण सप्लाई चेन का प्रबंधन करने में मदद की। इससे हमारी ऑपरेशनल एफिशियंसी में काफी सुधार हुआ।''

वर्तमान में एक्टिव.एआई के पास एसएमबी के लिए अनसिक्योर्ड, कम ब्याज पर, क्लोज़्ड-लूप क्रेडिट (बी2बी के लिए बीएनपीएल) प्रदान करने के लिए ब्रिटानिया, निविया, और अडानी विल्मर जैसे उद्यम; कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, एमस्वाईप आदि जैसे साझेदार हैं, तथा 10,000 से ज्यादा वितरक कंपनी के साथ ऑनबोर्ड हो चुके हैं।

# 12 नवंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**फरीदाबाद।** सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुकिर्ती गोयल ने बताया कि अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 12 नवंबर को जिला फरीदाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के लिए वादीगण स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुकिर्ती गोयल ने आगे बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 12 नवंबर को जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण/ केस न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है।

# बालिका दिवस : अब हमारा समय है, हमारे अधिकार, हमारा भविष्य

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सराय** ख्वाजा स्थित गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जूनियर रेडक्रॅास और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर सशक्त बालिका देश का भविष्य विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया।

प्राचार्य ने कहा कि विश्व में बढ़ते महिलाओं के प्रति अत्याचारों और असमानताओं जैसे भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बाल विवाह एवं अशिक्षा को देखते हुए और उन्हें इन सभी समस्याओं और चुनौतियों से स्वयं को तैयार करने के उद्देश्य से ही हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का थीम आवर टाइम इज नाउ – आवर राइट्स आवर फ्यूचर अर्थात अब हमारा समय है- हमारे अधिकार, हमारा भविष्य। इस दिवस पर सेव द गर्ल चाइल्ड, चाइल्ड सेक्स रेशियो और बालिकाओ के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षित वातावरण बनाने सहित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भारत सरकार ने समाज में समानता लाने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुरुआत भी की है। इस अभियान का उद्देश्य देश की लड़कियों को जागरूक करना है। सामान्य जनों को यह बताना है कि समाज के निर्माण में महिलाओं का समान योगदान है इसमें सभी क्षेत्रों के लोगों को बताया गया है कि लड़कियों को भी निर्णय लेने का अधिकार होना चाहिए। प्राचार्य और एक्टिविटीज कॉर्डिनेटर गीता ने बताया कि समाज में लड़कियों की स्थिति में सुधार के लिए यह दिवस मनाया जाता है। महिलाओ को अपने घरों, कार्यस्थलों और दैनिक जीवन में कई प्रकार के भेदभाव का सामना करना पड़ता है। बालिकाओं में जागरूकता पैदा करने के लिए एवम किशोरियों के कल्याण के लिए सरकार ने समग्र बाल विकास सेवा, धनलक्ष्मी, सबला जैसी योजनाएँ चलाई हैं। इन सबका उद्देश्य लड़कियों, विशेषकर किशोरियों को सशक्त बनाना है ताकि वे आगे चलकर एक भविष्य के समाज के निर्माण में योगदान दे सकें।


सराय के सरकारी स्कूल में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में बनाई गई पेटिंग दिखाते छात्र-छात्रा।

# चैरिटेबल हॉस्पिटल की नई शाखा का शुभारंभ

**फरीदाबाद।** शिवमती धर्मार्थ चैरिटेबल हॉस्पिटल की एक और नई शाखा का शुभारंभ एनएच पांच जे ब्लॉक में किया गया। शाखा का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी शर्मा ने रिबन काटकर किया गया।

इस अवसर पर शिवमती धर्मार्थ चैरिटेबल हॉस्पिटल की प्रबंधक अशोक कुमार तथा डा. विंध्या गुप्ता ने मुख्य अतिथि शर्मा का बुके देकर, शॉल भेंट कर स्वागत किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए बार काऊसिंल पंजाब एवं हरियाणा के पूर्व वाइस चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी शर्मा ने कहा कि शिवमती धर्मार्थ चैरिटेबल हॉस्पिटल ने हमेशा गरीबों व जरूरतमंदों का नि:शुल्क उपचार कर उन्हें दवाईयां आदि वितरित करते हुए। इसके अलावा समय-समय पर जरूरतमंदों को भोजन सामग्री, बच्चों को पाठ्य सामग्री तथा महिलाओं व बुजुर्गों को वस्त्र आदि भेंट करते रहते है। इस अवसर पर शिवमती धर्मार्थ चैरिटेबल हॉस्पिटल के प्रबंधक अशोक कुमार व डा.विंध्या गुप्ता ने कहा कि उनका तीसरा धर्मार्थ हॉस्पिटल है।

# बिजली कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** कर्मचारी महसंघ से संबंधित हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्करज यूनियन ने सबडिविजिन वेस्ट सेक्टर-19 पर कर्मचारियों ने एसडीओ वेस्ट को एचएसईबी वर्करज यूनियन दवारा पूर्व में दिए गए बिजली कर्मचारियों से जुड़ी लाम्बित समस्याओं के मांग पत्र पर कोई कार्यवाही ना करने एवम यूनियन की ओर से दिए गए नोटिस के बाद सर्कल कमेटी के आदेशों पर कार्यवाही को करते हुए दो घन्टे अपना विरोध प्रदर्शन कर रोष जताया। विरोध प्रदर्शन के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ उपप्रधान विपिन कुमार के नेतृत्व में हुई।

सब डिविजिन वेस्ट के कर्मचारियों का आरोप है कि बिजली निगम के अधिकारी कर्मचारियों पर जबरन दवाब देने की नीति से काम कराते हैं। जिसकी वजह से कर्मचारी मानसिक तौर पर दुखी हैं। जब कर्मचारी फील्ड में बाधित लाइन काम करने जाते हैं तो उस समय अपनी सुरक्षा को लेकर कर्मचारियों के पास सम्पूर्ण उपकरणों का ना होना, साधन की कमी और संसाधन मुहैया कराने की बात की जाती हैं। तब अधिकारी वर्ग कर्मचारियों पर जल्दी से जल्दी काम को अंजाम देने का दवाब बनाकर परेशान करते हैं। बिजली शिकायत केन्द्रों का इतना बुरा हाल है, कि बरसात के इस मौसम में पानी भर जाने से वहां सांप, गोहेरा व बिच्छु तक निकल आते हैं। दफ्तर के अधीन शिकायत केन्द्रों की हालत काफी दयनीय है। जहां पर्याप्त तौर पर उपभोक्ताओं को तो छोड़ें अलबत्ता कर्मचारियों के लिये फर्नीचर, कुर्सी मेज आदि तक नही है, ट्रांसफार्मर पर चढ़ने के लिये सीढ़ी नहीं, पोल पर चढ़ने के लिये रस्सा नहीं, फ्यूज लगाने के लिये तार नहीं आदि तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।


पाईप चोरी के आरोप में गिरफ्तार आकिल और दिलशाद।

## संक्षिप्त समाचार

### हाइवे पर ऑटो चालक को पीट युवक हुआ फरार



**फरीदाबाद।** नेशनल हाईवे पर एक ऑटो चालक को कार सवार युवक ने बुरी तरह से पीटा, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने ऑटो चालक को इतना पीटा कि उसकी नाक की हड्डी टूट गई। वहीं आरोपी मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक नेशनल हाईवे पर बाटा के निकट एक तेज रफ्तार से दौड़ रहे स्वीफ्ट कार चालक ने एक ऑटो चालक को टक्कर मार दी। जिससे ऑटो पलट गया। वहीं ऑटो चालक ने इसका विरोध किया, तो कार चालक ने गाड़ी से उतर कर ऑटो ड्राइवर के संग मारपीट शुरू कर दी। जिससे ऑटो चालक बुरी तरह से घायल हो गया। वायरल वीडियो के संग शेयर किए जा रहे संदेश में बताया जा रहा है कि ऑटो चालक की नाक की हड्डी टूट गई। वहीं बताया जा रहा है आरोपी पृथला गांव व स्थानीय विधायक के नाम की धमकी देकर वहां से भाग निकला।

### शिविर में 30 यूनिट रक्त एकत्र

**फरीदाबाद।** रक्तदान-महादान है और जरूरतमंद व्यक्ति के लिए रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। इसी उद्देश्य को लेकर यहां स्थानीय सेक्टर-21डी स्थित जीबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर की प्रमुख आयोजन संस्था टेन स्माइल्स फाउंडेशन एवं खुशी एक एहसास के स्वैच्छिक रक्तदाता सदस्यों द्वारा इस शिविर में 30 यूनिट रक्त दिया गया। शिविर के आयोजन में सेक्टर-21 बी की आरडब्ल्यूए तथा जीबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-21डी द्वारा भरपूर सहयोग दिया गया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन थैलेसीमिया से ग्रस्त बच्चों को रक्त उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से किया गया। शिविर में महिला रक्तदाताओं ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद की अध्यक्षा रोटेरियन लिली ढल, रोटेरियन राजेश ढल, रोटेरियन अमरजीत नारंग तथा रोटेरियन मीनेश भाटिया सहित कई अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे। उक्त सभी आयोजन संस्थाओं के पदाधिकारियों ने रक्तदाताओं का आभार प्रकट किया।

### लोगों की मांसपेशियां हो गई कोरोना काल में कमजोर


**फरीदाबाद।** अर्थराइटिस के बारे में लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से हर साल 12 अक्टूबर को 'वर्ल्ड अर्थराइटिस डे' मनाया जाता है। जानकारी देते हुए मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल से आर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के निदेशक डॉ. सुमित बत्रा ने बताया कि कोरोना काल में लोग लंबे समय तक घरों में रहे, व्यायाम नहीं कर पाये और धूप न मिलने के चलते विटामिन डी की कमी के कारण लोगों की मांसपेशियां कमजोर हो गईं। इलाज के लिए समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाए। अर्थराइटिस में जितना जल्दी बीमारी का पता चल जाए, इलाज के उतने ही अच्छे परिणाम आते हैं। कोरोना काल में जहां बीमारी के पता चलने एवं इलाज में देरी हुई, वहीं लोग फिजियोथेरेपी नहीं करा पाए। इस सबके कारण लोगों की समस्या बढ़ गईं. लोग अर्थराइटिस की लेट स्टेज में आ रहे हैं। घरों में रहने की वजह से भी लोगों का वजन बढ़ा है, इससे भी लोगों को जॉइंट में दर्द की समस्याएँ आ रही हैं। रोजाना ओपीडी 20-25 मरीज अर्थराइटिस के आते हैं। ये 40-50 वर्ष की आयु वर्ग के होते हैं। इनमें 60 फीसदी मरीज घुटनों में दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी, पैरों में दर्द, कमर दर्द के होते हैं। महिलाओं में पुरुषों की तुलना में अर्थराइटिस की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। कोविड से ठीक हो चुके लोगों को मांसपेशियों में बहुत दर्द, चलने, उठने में दिक्कत, शरीर में अकड़न, विटामिन-डी की कमी और मांसपेशियों में कमजोरी की समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है। ऐसे मरीजों को मांसपेशियों में दर्द को ठीक होने में 3-4 महीने तक का समय लगा। अर्थराइटिस पेशेंट्स की कोविड से ग्रस्त होने के बाद मांसपेशियों में दर्द की समस्या ज्यादा बढ़ गई थी। घर से काम करने वाले युवा लोगों में मांसपेशियों में दर्द, गर्दन दर्द और कंधों में दर्द की समस्या भी देखी जा रही है। कामकाजी पुरुषों में ये समस्या ज्यादा आ रही है। मरीजों को मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए शारीरिक क्रियाएं बढ़ाने जैसे व्यायाम एवं योग करने और प्राकृतिक विटामिन-डी प्राप्त करने के लिए धूप में बैठे की सलाह दी जाती है।

### केन्द्रीय राज्य मंत्री ने किया रैली स्थल का दौरा



**फरीदाबाद।** भारत सरकार के भारी उद्योग और उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने मंगलवार सायं आगामी 27 अक्टूबर को देश के गृह मंत्री अमित शाह की फरीदाबाद में होने वाली रैली के लिए रैली स्थल का चुनाव करने के लिए सेक्टर 61 ट्रांसपोर्ट नगर और सेक्टर 12 ग्राउंड का निरीक्षण किया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के साथ विधायक बड़खल सीमा त्रिखा, फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, जिला उपायुक्त विक्रम सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के भाई टिपरचंद शर्मा, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोकचंद, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बडखल पंकज सेतिया, सीटीएम अमित मान, ज्वाइंट कमिश्नर एनआईटी शिखा, एचसीएस गौरव अंतिल, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित जिला के तमाम प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मारपीट और झपटमारी का आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराध में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच उंचा गांव प्रभारी जगबीर की टीम ने लड़ाई-झगड़ा कर स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अमन फरीदाबाद के गांव तिलोरी खादर का रहने वाला है। आरोपी ने साथियों गजेंद्र उर्फ अंकुश, संजू उर्फ भोंपू, मोहित व पारस के साथ मिलकर 25 फरवरी को भूपेंद्र, सागर व दीपेश के साथ मारपीट कर मोबाइल फोन छीनने की वारदात को अंजाम दिया था। क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा पहले ही आरोपी मोहित, गजेंद्र उर्फ अंकुश, पारस व संजू उर्फ भोंपू को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों से मोबाइल फोन भी बरामद किया जा चुका है। आरोपी अमन को थाना तिगांव के मुकदमे में गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### वॉटर सप्लाई पाइप लाइन चुराने वाले गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वार अपराधियों की धरपकड़ के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच उंचा गांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने वॉटर सप्लाई लाइन के पाइप तोड़ कर चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में आकिल उर्फ बोलर तथा दिलशाद का नाम शामिल है। दोनों आरोपी गांव धौज के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गांव धौज से काबू किया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर गांव धौज के पाहाड़ पर पानी की सप्लाई करने वाली लाइन के पाइप तोड़ कर चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियों से 100 किलोग्राम देकचून पाइप स्क्रेप बरामद की गई है। आरोपियों ने चोरी किए गए पाइप में से कुछ को करीब 20000/-रुपये में बेच दिया है। आरोपी नशा करने के आदी है नशे की पूर्ती के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पानी की पाइप लाइन की देखरेख में अब्दुल गफूर की ड्यूटी लगी है जिने अंजान व्यक्तियों के खिलाफ 08 अक्टूबर को थाना धौज में शिकायत दी थी। जिसका मुकदमा थाना धौज में दर्ज है। क्राइम ब्रांच टीम अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। वारदात में शामिल अन्य आरोपियो को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# नेताजी का निधन

## एक युग का अंत

**मुलायम** सिंह यादव को अक्सर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा उचित ही 'नेताजी' कहा जाता था। वे भारतीय राजनीति के उन पुराने नेताओं में थे जो विपक्षी के प्रति सम्मान गंवाए बिना कठोर राजनीतिक संघर्ष करते थे। यही कारण है कि उनके मित्र सभी पार्टियों में थे। इसे देखते हुए 2019 में संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करना उनके लिए आश्चर्य की बात नहीं थी। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी की विजय की भी कामना की थी। यह गहन राजनीतिक ध्रुवीकरण के वर्तमान समय में आश्चर्यजनक करने वाली चीज लगती है। यह इस तथ्य के बावजूद था कि मुलायम सिंह यादव ने कभी भारतीय जनता पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं बनाया। इस मामले में वे बिहार के नेता लालू प्रसाद यादव के समान थे। इसने मुलायम सिंह यादव तथा उनके द्वारा स्थापित समाजवादी पार्टी को मुसलमानों का प्रिय बना दिया था। उन्होंने उनको व समाजवादी पार्टी तथा उनके बेटे अखिलेश यादव को मजबूत समर्थन दिया और अब भी उन पर विश्वास करते हैं। बिहार के लालू प्रसाद यादव की तरह मुलायम सिंह यादव ने भी मुस्लिम-यादव का विजय दिलाने वाला गठबंधन तैयार किया था। इसका अर्थ यह भी था कि 'भगवा ब्रिगेड' उनको नापसंद करती थी। 30 अक्टूबर, 1990 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में मुलायम सिंह यादव ने अयोध्या में एकत्र कारसेवकों पर पुलिस को गोली चलाने का आदेश दिया था। भाजपा की उनके प्रति नापसंद एक प्रकार से घृणा में बदल गई थी। उनको निन्दाजनक रूप से 'मौलाना मुलायम' कहा जाता था। लेकिन एक दशक से भी कम समय में यह घृणा उस समय हमदर्दी में बदल गई जब उन्होंने 1989 में सोनिया गांधी



के प्रधानमंत्री बनने के प्रयास में अडंगा लगा दिया था।

पूर्व पहलवान मुलायम सिंह यादव ने देश के सबसे बड़े राज्य में कठोर संघर्ष किया और वे तीन बार मुख्यमंत्री बने। 1980 के दशकांत तक उत्तर प्रदेश की राजनीति में तथाकथित उच्च जातियों का वर्चस्व था जिनकी प्रमुख जातियां ब्राह्मण व राजपूत थे। मंडल आयोग संस्तुतियां लागू करने के बाद अन्य प्रभुत्वशाली जातियों का उभार हुआ जिनको अन्य पिछड़ा वर्ग या ओबीसी कहते हैं। लालू प्रसाद यादव तथा कुछ सीमा तक नीतीश कुमार के साथ मुलायम सिंह यादव उत्तर भारत के प्रमुख नेता बन कर उभरे। से सभी समाजवादी आंदोलन के ध्वजावाहक थे, लेकिन मंडल के बाद यह आंदोलन जातिवाद से जुड़ गया, हालांकि इसे 'शोसल इंजीनियरिंग' के शानदार लगने वाले नाम से भी जाना गया। लेकिन नाम चाहे जो हो, यह धीरे-धीरे उत्तर प्रदेश और बिहार में केवल यादव वर्चस्व में बदल गया जिससे मुलायम सिंह यादव व लालू यादव, दोनों कमजोर पड़ गए। इसके बावजूद मुलायम सिंह यादव की अलग अर्थनीति थी और उन्होंने कभी बिजनेस-विरोधी नहीं दिखने का प्रयास किया। अमर सिंह के साथ के कारण मुलायम सिंह यादव की कुछ बिजनेस नेताओं से निकटता बढ़ी, लेकिन इसे असली उद्योग-समर्थक राजनीतिक परिवर्तन के बजाय व्यापक रूप से 'दरबारी पूंजीवाद' की तरह देखा गया। लेकिन उनके नेतृत्व में कानून-व्यवस्था विरले ही संतोषजनक रही। उनके बेटे अखिलेश यादव भी प्रशासनिक कमियों से नहीं निपट सके। इसके बावजूद मुलायम सिंह यादव को ऐसे नेता के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने लोकतंत्र को समावेशी बनाया।

# उद्धव ने गंवाई पिता की विरासत

**निर्वाचन आयोग द्वारा शिवसेना के चुनाव निशान पर रोक लगाने से स्पष्ट है कि उद्धव ठाकरे ने अपने पिता बाल ठाकरे की विरासत गंवा दी है।**



**सुमित भसीन**
(लेखक, पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक हैं।)

महाराष्ट्र की राजनीति में उलटफेर देश की सभी वंशवादी राजनीतिक पार्टियों के लिए एक सबक है कि वे अपने परिवारों के संकुचित दायरों से बाहर निकलें। राजनीतिक वंशवादियों द्वारा अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं पर थोपे गए दृष्टिकोण कुछ समय तक प्रभावी हो सकते हैं, पर यदि वे लंबे समय से चली आ रही विचारधारा के विपरीत होते हैं तो इनके खिलाफ विस्फोट लगभग अपरिहार्य हो जाता है। महाराष्ट्र में शिवसेना के मामले में यही हुआ है।

निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से शिवसेना के नाम तथा उसके चुनाव निशान धनुष बाण पर अपने दावे का आधार सिद्ध करने के लिए पत्र लिखा था। शिवसेना विधायक और सांसद अपने मन से समझते थे कि उन्होंने विधानसभा व संसदीय चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर जीता है। लेकिन उनके नेता उद्धव ठाकरे ने इस भावना तथा भाजपा के साथ चुनाव-पूर्व गठबंधन का धर्म तोड़ने का फैसला किया। इन परिस्थितियों में महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 55 में से 40 विधायकों तथा 18 में से 12 सांसद तोड़ कर शिवसेना को वैचारिक रूप से बचा लिया। एकनाथ शिंदे के पास उपलब्ध संख्याबल से स्पष्ट है कि असली शिवसेना अब उद्धव ठाकरे के साथ न होकर स्वर्गीय बाल ठाकरे के असली शिष्य एकनाथ शिंदे के साथ है।

महाराष्ट्र प्रकरण ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि विख्यात राजनेताओं के बेटे और बेटियां भले ही उनकी कानूनी विरासत का दावा करने योग्य हों, पर उनके द्वारा राजनीतिक व वैचारिक विरासत प्राप्त करना जरूरी नहीं है। उद्धव ठाकरे के लालच ने उस सद्भावना को बिखरा दिया जिसे उन्होंने अपने पिता बाल ठाकरे के समर्थकों में प्राप्त किया था। जमीनी नेताओं व कार्यकर्ताओं के संपूर्ण विद्रोह के कारण उनकी शिवसेना से विदाई यह सिद्ध करती है कि आने वाले दिनों में अपने 'लोकतांत्रिक





साम्राज्य' बनाने की इच्छा रखने वाले वंशवादियों के दिन गिने-चुने हैं। बाल ठाकरे ने आजीवन कांग्रेस के खिलाफ संघर्ष किया। वे एक शेर थे और कांग्रेस के दुष्कृत्यों पर दहाड़ते रहे। उनमें महाराष्ट्र के लोग कांग्रेस के खिलाफ अपने गुस्से का मूर्ति रूप देखते थे। महाराष्ट्र के लोग बाल ठाकरे का बहुत सम्मान करते थे क्योंकि उन्होंने कभी 'हिंदुत्व' के मामले पर समझौता नहीं किया और हमेशा कांग्रेस द्वारा जारी 'तुष्टीकरण' नीतियों के खिलाफ मुखर रहे। अन्य क्षेत्रीय दलों ने भी यही नीतियां अपना रखी थीं।

बाल ठाकरे महाराष्ट्र में शिवसेना को जीवन्त शक्ति इसलिए बना सके क्योंकि उन्होंने पार्टी में कठोर परिश्रम करने वाले कार्यकर्ताओं को महत्व दिया। वे जिलों और क्षेत्रों में पार्टी का किला संभाले रहे। संगठनात्मक कौशल में माहिर न होने के बावजूद उद्धव ठाकरे ने शिवसेना का नेतृत्व संभाला। एक राजनेता के रूप में उनकी कमजोरी यह थी कि उन्होंने अपने बेटे आदित्य ठाकरे को शिवसेना की कतारों में तेजी से आगे बढ़ाया। इस प्रकार थोड़े ही समय में उद्धव ठाकरे ने शिवसेना को एक परिवारी-स्वामित्व वाले उद्यम में बदल दिया। इससे उन शिवसेना नेताओं में असंतोष पैदा होना स्वाभाविक था जो जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए कठोर परिश्रम कर रहे थे।


इसके साथ ही शिवसेना नेता बाल ठाकरे की विचारधारा को पूरी तरह से छोड़ देना सहन नहीं कर सकते थे। पालघर में साधुओं पर किए अत्याचार उद्धव ठाकरे पर एक धब्बा हैं जिन्होंने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन औरंगाबाद व उस्मानाबाद का नाम बदल कर क्रमश: धाराशिव व संभाजीनगर कर दिया था। यदि वास्तव में वे इन दो जिलों के नाम बदलना चाहते थे तो यह काम पद पर आने के बाद पहले दिन ही कर सकते थे। इससे सिद्ध होता है कि वे रिमोट-संचालित मुख्यमंत्री थे और उनकी डोर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तथा कांग्रेस के हाथ में थी। हालांकि, उद्धव ठाकरे को शिवसेना को परिवार-स्वामित्व वाले उद्यम में बदलने का खामियाजा भुगतना पड़ा है, व्यावहारिक रूप से यह देखने का अवसर है कि जो पार्टियां कठोर परिश्रम करने वाले नेताओं को स्थान नहीं देती हैं उनकी बुरी गति हो सकती है। समाजवादी पार्टी में बेटे अखिलेश यादव को मुलायम सिंह यादव की विरासत मिली, जबकि उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव व रामगोपाल यादव इसके ज्यादा योग्य थे।

बिहार में राष्ट्रीय जनता दल को भी इसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि लालू यादव के सभी समकालीनों को हाशिए पर धकेल दिया गया है और पार्टी का स्वामित्व उनके बेटे तेजस्वी यादव के पास पहुंच गया है। समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल को अपने प्रमुख मतदाता आधार में भी पहली बार मतदाताओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

इसके उलट भाजपा वंशवादी राजनीति के खिलाफ डट कर खड़ी है। भाजपा के सभी अध्यक्ष पहली पीढ़ी के राजनेता हैं। जे.पी. नड्डा तक भाजपा का एक भी अध्यक्ष ऐसा नहीं रहा है जिसने पारिवारिक विरासत के रूप में पार्टी का यह पद प्राप्त किया हो। भाजपा के दो कद्दावर नेताओं-अटल बिहारी वाजपेयी व लालकृष्ण आडवाणी ने अपने निकटस्थ लोगों को राजनीति से दूर रखा। एम. वेंकैया नायडू, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह और जे.पी. नड्डा सामान्य पार्टी कार्यकर्ता से चलते हुए पार्टी के सर्वोच्च पद तक पहुंचे। भाजपा अवसर तथा प्रगति का समुचित स्पेस दे कर नेतृत्व को विकसित करती है। इससे स्पष्ट होता है कि पार्टी उन क्षेत्रों में लगातार क्यों आगे बढ़ रही है जहां पहले इसका कोई प्रभाव नहीं था।

दूसरी पार्टियों से भाजपा में आने वाले लोगों को भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सर्मा तथा पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेन्दु अधिकारी के उदाहरण से यह पूरी तरह स्पष्ट है। भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों में दूसरी पार्टियों से आने वाले नेताओं को उपाध्यक्ष व महासचिव जैसे पद तक दिए गए हैं। हालांकि, भाजपा में कुछ ऐसे नेता हैं जिनके माता-पिता पार्टी में थे। लेकिन उन्होंने अपने कठोर परिश्रम से ही वर्तमान पद प्राप्त किए हैं। वे अपनी स्थितियों का लाभ उठा कर निर्वाचित प्रतिनिधि भी बने हैं, लेकिन यह उनके वंश के नाम के बजाय कठोर परिश्रम में के कारण है। इसी कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नियमित रूप से जनता से राजनीतिक वंशवादियों से सावधान रहने की बात कहते हैं क्योंकि ऐसे लोग आज भी जमींदारी के पुराने युग में जीवित हैं तथा जनता व पार्टी कार्यकर्ताओं से अपने गुलामों जैसा व्यवहार करते हैं। अब वह समय बीत गया है तथा पिछले एक-डेढ़ दशक में लोकतंत्र काफी परिपक्व हुआ है। उद्धव ठाकरे की विदाई तथा 'शिवसेना के स्वामित्व' का उनका संभावित नुकसान उन वंशवादियों के लिए चेतावनी है जो तमिलनाडु व आंध्र प्रदेश में शासन कर रहे हैं। उनको स्वयं को इन स्थितियों के लिए तैयार करना चाहिए नहीं तो जनता उनको जल्द ही अस्वीकार कर देगी। तेलंगाना में भी सत्तारूढ़ टीआरएस एक परिवार-स्वामित्व वाले उद्यम की तरह काम कर रही है। देश की जनता ने देखा है कि किस प्रकार वंशवादियों को उनके राज्यों ने अस्वीकार कर दिया है और टीआरएस भी इसी स्थिति का सामना कर सकती है। पिछले कम से कम एक दशक में भारतीय लोकतंत्र में व्यापक परिवर्तन आए हैं और अब जनता निर्वाचित सरकारों के कामकाज पर खासतौर से नजर रखती है। उद्धव ठाकरे सर्वाधिक खराब मुख्यमंत्रियों में शामिल थे। कोई भी पारिवारिक विरासत ऐसे प्रदर्शन करने वाले वंश-परिवार वाले नेताओं को सुरक्षा नहीं दे सकती है। वर्तमान समय में हमें अंतत: सुरंग के अंत में प्रकाश दिख रहा है। आज जनता या तो परिवार-नियंत्रित राजनीतिक पार्टियों को अस्वीकार कर देती है या उनमें परिवर्तनों के लिए मजबूर करती है। इस दृष्टिकोण से देखें तो परिवार से शिवसेना की मुक्ति एक नई शुरुआत है।

# सर संघचालक का हिन्दू समाज को बड़ा संदेश




**अनूप चतुर्वेदी**
(लेखक, हिन्दी पायनियर से जुड़े हैं)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने जाति और वर्ण व्यवस्था को समाप्त करने की अपील कर हिंदू समाज को बहुत बड़ा संदेश दिया है। उन्होंने नागपुर में एक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहाकि समाज का हित चाहने वाले हर व्यक्ति को यह कहना चाहिए कि वर्ण और जाति व्यवस्था पुरानी सोच थी जिसे अब भूल जाना चाहिए। ऐसी कोई भी चीज जो भेदभाव पैदा कर रही हो उसे पूरी तरह से खारिज कर देना चाहिए। भारत हो या फिर कोई और देश पिछली पीढ़ियों ने गलतियां जरूर की हैं। हमें उन गलतियों को स्वीकार करने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

वास्तव में भागवत ने जो बोला है, वह शास्त्र सम्मत तो है ही, वर्तमान समय की मांग भी है। जाति आज एक व्यवस्था के रूप में अंतिम सांसें गिन रही है, क्योंकि उसके सारे कार्य लगभग समाप्त हो चुके हैं। आज जब हिंदू समाज अपने को संगठित कर रहा है तो उसके विरोधी जाति का आधार लेकर ही विभाजन को बढ़ावा देने में लगे हैं। जबकि जाति हिंदू समाज का अंग है ही नहीं। हिंदुओं के किसी भी धार्मिक ग्रंथ में जातियों का उल्लेख नहीं मिलता। हमारे मूल धार्मिक ग्रंथ वेद हैं जिनमें चार वर्णों का उल्लेख है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र यह चारों वर्ण कर्म के आधार पर निर्धारित किए गए हैं। इनमें कोई भी जन्म के आधार पर नहीं है। वेदों में उल्लेख है कि एक ही पिता की संतानें कर्म के आधार पर अलग-अलग वर्ण से जुड़ जाती हैं। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में कहा गया है-

ब्राह्मणोस्य मुखमासीद बाहू राजन्य कृत।
उरु तदस्य यद्वैश्य: पद्मा शूद्रो अजायत।।

अर्थात 'विराट पुरुष' का मुख ब्राह्मण, भुजाएं क्षत्रिय, जंघाएं वैश्य और पैर शूद्र हैं। यहां 'विराट पुरुष' का आशय प्रकृति और ब्रह्मांड से है। इसका सरल भाषा में अर्थ है कि चारों वर्ण एक ही 'विराट पुरुष' के शरीर के भाग हैं। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं चारों वर्णों की उत्पत्ति एक ही विराट पुरुष से हुई है। फिर उनकी संतानों में ऊंच-नीच कैसे हो सकता है? इस मंत्र का यही सार है कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र ये हमारे ही शरीर के मुख्य अंग है। हर व्यक्ति में ब्राह्मणत्व (बुद्धि), क्षत्रियत्व (पराक्रम), वैश्यत्व (व्यापार) और शूद्रत्व (सेवा भाव) होता है। चारों वर्ण श्रम विभाजन को दर्शाते हैं, इनका जाति या जन्म से कोई सम्बन्ध नहीं है। ऋग्वेद के अनुसार जो जिस योग्यता का हो उसे उसी वर्ण का माना जाना चाहिए। जैसे कोई एक पिता का एक पुत्र यदि शिक्षक है तो वह ब्राह्मण है और दूसरा सेना में है तो वह क्षत्रिय है। इसी तरह दूसरे व्यक्तियों के बारे में भी उसके कर्म और गुण के अनुसार उन्हें मान्यता देनी चाहिए। यही धर्मशास्त्रों की वर्ण-व्यवस्था है। यही एक आदर्श समाज का मापदण्ड भी होना चाहिए।



भगवान कृष्ण ने गीता में चारों वर्णों की रचना के बारे में कहा है-चातुर्वण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागश:। यानी गुण और कर्म के ही आधार पर ईश्वर ने चारों वर्णों को बनाया है। इसके अलावा गीता में चारों वर्णों के कर्म और गुणों के बारे में भी तर्कसंगत और उपयोगी वर्णन किया गया है। यहां भी यह बताया गया है कि जन्म से कोई व्यक्ति न ऊंचा होता है और न ही नीचा। इस तरह चारों वर्णों में न कोई ऊंचा है और न ही नीचा। जो जैसा कर्म करता है, वह ईश्वर को उसी तरह से प्राप्त होता है। शूद्र को उतना ही कर्म-धर्म करने का अधिकार है, जितना ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य को।

पुराणों में भी वर्ण-व्यवस्था के बारे में अनेक कथाएं हैं, जिनसे साबित होता है कि व्यक्ति अपने अच्छे कार्यों से नीच कुल में पैदा होकर भी उच्च बन सकता है। स्कंद पुराण में कहा गया है-

जन्मना जायते शूद्र: संस्काराद् द्विज उच्यते।
वेदपाठाद् भवेद् विप्र: ब्रह्म जानाति ब्राह्मण:।।

अर्थात जन्म से मनुष्य शूद्र, संस्कार से द्विज, वेद के पठन-पाठन से विप्र और ब्रह्म को जानने के बाद ब्राह्मण कहलाता है।

कर्म से वर्ण-व्यवस्था को सही ठहराते हुए भागवत पुराण में कहा गया है- जिस वर्ण के जो लक्षण बताए गए हैं, यदि उनमें वे लक्षण नहीं पाए जाएं बल्कि दूसरे वर्ण के पाए जाएं हैं तो वे उसी वर्ण के कहे जाने चाहिए। भविष्य पुराण में कहा गया है- यदि शूद्र ब्राह्मण से उत्तम कर्म करता है तो वह ब्राह्मण से भी श्रेष्ठ है। मनुस्मृति में भी कहा गया है-

शूद्रो ब्राह्मणतामेति ब्राह्मणश्चैति शूद्रताम।
क्षत्रियाज्जातमेवन्तु विद्याद्वैश्यात्तथैव च।।

अर्थात जो शूद्रकुल में उत्पन्न हो कर ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य के सदृश गुण, कर्म, स्वभाव वाला हो, तो वह शूद्र, ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य हो जाए। वैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य के कुल में उत्पन्न हुये शूद्र के सदृश हों, तो शूद्र हो जाए। वैसे ही क्षत्रिय , वैश्य के कुल में उत्पन्न होके ब्राह्मण वा शूद्र के समान होने से, ब्राह्मण और शूद्र भी हो जाते हैं। अर्थात् चारों वर्णों में गुणानुसार जो जिस वर्ण के सदृश हो, वह उसी में गिना जाए। ये अनेक उदाहरण यह सिद्ध करने के लिए पर्याप्त हैं कि सनातन यानी हिंदू धर्म में ऊंच-नीच और छुआछूत के लिए कोई स्थान नहीं है। फिर भी हमारे कई धर्म ग्रंथों में कहीं-कहीं स्वार्थी तत्वों द्वारा मिलावट की गई और ऐसे कुछ उदाहरण सामने आते हैं जिसमें असमानता की बातें प्रकट होती हैं लेकिन हमें उनको पूरी तरह से नकारना करना होगा क्योंकि ऐसी बातें सनातन धर्म की मूल भावना के बिल्कुल प्रतिकूल हैं। जिस प्रकार आज के समय में संविधान विरुद्ध किसी कानून का कोई अर्थ नहीं होता उसी प्रकार वेद विरुद्ध और सनातम धर्म की मूल भावना के विरुद्ध किसी भी अन्य धार्मिक ग्रंथ में लिखी बात अर्थहीन ही मानी जाएगी।

देखा जाए तो हिंदू धर्म ही विश्व का एकमात्र ऐसा धर्म है जो निरंतर अपने को परिमार्जित और शोधित करता आ रहा है। हजारों साल पुराने सनातन धर्म में समय-समय पर उसी प्रकार विकृतियां आती रहीं जैसे किसी सुंदर घर में भी कूड़ा करकट आ जाता है या झाड़-झंखाड़ उग आते हैं लेकिन हमने उनकी निरंतर सफाई की है। जाति व्यवस्था भी एक ऐसी ही विकृति है जो हिंदू समाज में अनेकानेक कारणों से जड़ें जमा कर बैठ गई है। अब समय आ गया है कि इसे उखाड़ फेंके। यह काम इतना आसान तो नहीं है लेकिन असंभव भी नहीं है। इसके लिए धर्म गुरुओं, संत महात्माओं, सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध वर्ग को आगे आना होगा और व्यापक दीर्घकालिक कार्य योजना बनानी ही होगी। क्योंकि हिंदू विरोधी शक्तियां दिन-रात हमें विभाजित करने में लगी हुई हैं और तमाम तरह के षड्यंत्र कर रही हैं। इनका उत्तर हमें एकजुट होकर ही देना होगा। विदेशों में विशेष तौर पर पश्चिमी देशों में रह रहे करोड़ों हिंदू जाति विहीन समाज के रूप में विकसित हो रहे हैं। इसलिए आशा की जानी चाहिए कि भारत में भी हिंदू समाज धीरे-धीरे जाति छोड़ कर मात्र हिंदू के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा।

## आप की बात

### मुलायम का निधन

**समाजवादी** पार्टी के संस्थापक एवं संरक्षक मुलायम सिंह के निधन पर पूरे देश के नेताओं और कार्यकर्ताओं की प्रतिक्रिया आना स्वाभाविक था और ऐसा ही हुआ भी। परन्तु कुछ कार्यकर्ता और नेताओं ने सोशल मीडिया आदि पर राममंदिर प्रकरण से जोड़कर दिवंगत को घेरने का कार्य भी किया। परन्तु प्रधानमंत्री मोदी और योगी ने उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त कर नए नेताओं के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है ऐसा ही उदाहरण मुलायम सिंह ने भी प्रस्तुत किया था कुछ समय पहले, जब उन्होंने प्रधानमंत्री की तारीफ की थी। रामायण काल में रावण के वध के समय श्रीराम ने लक्ष्मण को आदेशित किया और रावण की लाख बुराइयों के बाद भी शिक्षा लेने के लिए कहा। क्योंकि आवश्यक नहीं कि बुराइयों को ही उल्लेखित और अनुसरण किया जाए। ज्ञानी और विद्वानों में व्यक्तिगत बुराई हो सकती हैं परन्तु किसी भी व्यक्ति के लिए सीखने का विकल्प अवश्य होता है। इसलिए नवोदित, नवीन और आधुनिक राजनेताओं को इस समय और प्रकरण से बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। वैसे भी मुलायम सिंह यादव का निधन एक युग का अंत है जिससे सबक लेने की जरूरत है।

–**मनोज**, मेरठ

### परमाणु युद्ध का खतरा

**लगता** था विश्व के देशों के पास बड़े पैमाने पर मौजूद परमाणु हथियारों का जखीरा मानवता को परमाणु युद्ध से बचाये हुए है। हिरोशिमा एवं नागासाकी से स्वयं अमेरिका भी डर गया था। मगर आज 77 साल बाद हालात एकदम बदल से गए हैं। पिछले आठ महीने से रुसी तानाशाह पुतिन, यूक्रेन के ऊपर हमले पर हमलो से लगता नहीं है कि, हम अणु युद्ध को और अधिक टाल पाएंगे। रूस को क्रीमिया से जोड़ने वाले कर्च ब्रिज पर धमाके के बाद से पुतिन के ऊपर राक्षस सवार हो चुका है। यूक्रेन की राजधानी कीव समेत 9 शहरों पर सोमवार देर रात 84 मिसाइलें दागी गई हैं। दर्जनों लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हुए हैं। पुतिन पुल पर विस्फोट को यूक्रेन का आतंकी कृत्य बता रहा है। मगर वो जो 24 फ़रवरी से, यूक्रेन को तहस नहस करने पे तुला हुआ है, वो क्या है? नाटो, अमेरिका भले ही, भौतिक रूप से इस दंगल से दूर हैं। मगर शायद ज्यादा दिनों तक दूर न रह सकें। ऐसा लगता है कि आज दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध का खतरा झेल रही है। इस स्थिति में विश्व शांति के व्यापक प्रयासों की जरूरत है।

–**जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर


### गुजरात चुनाव

**गुजरात** में हमेशा से भाजपा और कांग्रेस के बीच ही सीधी टक्कर होती रही है, परन्तु इस बार लगता है आप ने इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है वैसे चुनावी रैलियों में भीड़ और वोटिंग का कोई सीधा कनेक्शन नहीं है परन्तु आप का अच्छा प्रदर्शन कांग्रेस को सीधे-सीधे नुक्सान पहुंचाएगा। आप का सत्ता पर काबिज होना तो बड़ा मुश्किल प्रतीत होता है लेकिन उसके अच्छे प्रदर्शन और कुछ सीटें जीतने से उसका कद निश्चित तौर पर देश की राजनीति में बढ़ेगा। विशेषकर पंजाब की चुनावी जीत के बाद आप का उत्साह सातवें आसमान पर है। रही बात खैरात की घोषणा की तो केजरीवाल और आप को यह अच्छे से समझ लेना चाहिए पंजाब की भांति गुजरती वोटर इस तरह के प्रलोभन में आने वाले नहीं हैं और पंजाब में भी जो एमएसपी आप किसानों को दे रही है, वह केंद्र सरकार की तरफ से है। गुजरात में पंजाब की तरह कोई खाली स्थान भी नहीं है जो कांग्रेस में विघटन तथा भाजपा-अकाली गठबंधन टूटने के कारण पैदा हुआ था। भाजपा गुजरात की पहचान बन गई है।

–**बाल गोविंद**, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




"**मैं** निर्वाचन आयोग के फैसले से आश्चर्यचकित हूं। लेकिन मेरा शिवसेना समर्थकों में विश्वास दृढ़ है।

– **उद्धव ठाकरे**
शिवसेना प्रमुख

**निसंदेह** यह अत्यधिक महत्वपूर्ण सिविलियन ढांचे के खिलाफ आतंकी कार्रवाई है।

– **व्लादीमिर पुतिन**
रूसी राष्ट्रपति





**आपको** उनके स्टालों से सब्जियां नहीं खरीदनी चाहिए। वे नानवेज बेचते हैं। उनके रेस्टोरेंटों का बहिष्कार करें।

– **प्रवेश वर्मा**
भाजपा सांसद"

# जेपी ने आजादी के बाद भी जलाए रखी क्रांति की लौ

## योगी और शाह ने छपरा में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की मूर्ति का किया अनावरण

**पायनियर समाचार सेवा।** छपरा, लखनऊ



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को छपरा के सिताबदियारा में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उनकी मूर्ति का अनावरण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश जी के नेतृत्व में सम्पूर्ण क्रांति का नारा देकर भारत के लोकतंत्र को बचाने के लिए जो कार्यक्रम प्रारंभ हुआ था इसके लिए मैं उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए विन्रम श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में बाढ़ की समस्या के लिए हमें नदी के ड्रेजिंग कार्यक्रम को आगे बढ़ाना चाहिए। ये जल यातायात की सुविधा के साथ भी जोड़ेगा और हर वर्ष आने वाली बाढ़ की समस्या का समाधान भी करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण और डॉ राम मनोहर लोहिया के नाम पर राजनीति करने वालों का चरित्र जनता के सामने है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध और राजनीति जब आपस में मिल जाती हैं तो कोढ़ में खाज की स्थिति हो जाती है। बिहार में तेजतर्रार दिमाग होने के बाद भी वहां युवाओं की प्रतिभा अपने अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी के चम्पारण आंदोलन को इसी बिहार की धरती ने गति दी थी। लोकतंत्र के प्रति बिहार जितना सजग है वह देखने लायक है। लोकतंत्र को कुचलने के लिए तब जो प्रयास हो रहे थे उसे बचाने के लिए जेपी के नेतृत्व में शुरू हुआ आंदोलन अभूतपूर्व था। उसने तत्कालीन सरकार को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार जय प्रकाश नारायण और डा राम मनोहर लोहिया के सपनों को साकार कर रही है। मोदी सरकार 135 करोड़ भारत वासियों के लिए समर्पित है। यही डॉ लोहिया और जेपी का सपना था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद भी देश में जयप्रकाश नारायणए पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डा राम मनोहर लोहिया ने क्रांति की लौ को अपने चिंतन के माध्यम से आगे बढ़ाने का कार्य जारी रखा। सभी ने आजादी के बाद देश की व्यवस्था कैसी हो इसके लिए एक स्वस्थ संसदीय प्रणाली को अपनाया लेकिन सत्ता मोह में उस समय की सरकार इस कदर आंखों पर पट्टी बांध चुकी थी कि उसने एक समय में लोकतंत्र को भी कुचलने का काम किया। ऐसे समय में बिहार शांत कैसे बैठ सकता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में बाढ़ की समस्या के लिए हमें नदी के ड्रेजिंग कार्यक्रम को आगे बढ़ाना चाहिए। ये जल यातायात की सुविधा के साथ भी जोड़ेगा और हर वर्ष आने वाली बाढ़ की समस्या का समाधान भी करेगा। यूपी में वर्ष 2017 के पहले 38 जिले ऐसे थे जहां भीषण बाढ़ आती थी। वहीं अब केवल केवल 3 से 4 जिलों में बाढ़ आ पाती है। इन जिलों की समस्या भी दो वर्ष में समाप्त कर देंगे।

# एनक्यूएसी में यूपी को मिला पहला स्थान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के सरकारी जिला चिकित्सालयों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन (एनक्यूएसी) के तहत यूपी को पूरे देश में पहला स्थान मिला है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अब तक प्रदेश के 46 जनपदों की 79 चिकित्सा इकाईयाँ सर्टिफिकेशन प्राप्त कर चुकी हैं। इनमें 42 जनपद स्तरीय, 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 21 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शामिल है। साथ ही जनपद स्तरीय चिकित्सालय श्रेणी में 35 तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रेणी में 15 चिकित्सा इकाईयाँ लक्ष्य सर्टिफिकेशन लेबर रूम एवं आपरेशन थियेटर प्राप्त कर चुकी है।

उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता को आश्वस्त किया कि आगामी समय में अधिक से अधिक चिकित्सा इकाईयों के सर्टिफिकेशन हेतु रणनीति तैयार की जायेगी। जिससे कि प्रदेश की जनता गुणवत्तापरक उपचार जीरो पॉकेट खर्च के रूप में हो सके। चूंकि गम्भीर मरीजों का इलाज जनपद स्तरीय चिकित्सा इकाईयों में ही संभव है इस कारण से जनपद स्तरीय चिकित्सा इकाईयों में क्वॉलिटी पैरामीटर्स को पूर्ण करने की प्राथमिकता दी गयी। जिसके फलस्वरूप जनपद स्तरीय चिकित्सालय श्रेणी में प्रदेश को देश में प्रथम स्थान का गौरव प्राप्त हुआ है। ब्रजेश पाठक ने बताया कि चिकित्सा इकाईयों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नेशनल क्वॉलिटी एश्योरेंस स्टैण्डर्ड के अन्तर्गत नेशनल क्वॉलिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन वर्ष 2013 में प्रारम्भ किया गया। सर्टिफिकेशन हेतु तीन चरणों में असेसमेंट निर्धारित चेकलिस्ट के माध्यम से किया जाता है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अन्तिम चरण का असेसमेंट भारत सरकार द्वारा नामित राष्ट्रीय स्तर पर इम्पैनल्ड एक्सटर्नल असेसर्स द्वारा सघन रूप से किया जाता है। पाठक ने बताया कि सर्टिफिकेशन प्रक्रिया में गतिशीलता लाने हेतु बेसलाइन असेसमेंट कराने के उपरान्त चिकित्सा इकाईयों में क्वॉलिटी टीम का गठन, प्रशिक्षण तथा वर्चुअल माध्यम से नियमित रूप से गैप क्लोजर की प्रगति समीक्षा की। उन्होनें बताया कि सर्टिफाइड चिकित्सा इकाईयों में मरीजों एवं तीमारदारों की संन्तुष्टि का स्तर बढ़ा है तथा मरीजो का विश्वास सरकारी चिकित्सालयों के प्रति सकारात्मक हुआ है।

# निकायों को अमृत-दो में हुए कामों की देखरेख पांच साल स्वयं करनी होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने अमृत-दो में होने वाले विकास कामों और उसके देखरेख के साथ ही वित्तीय स्थिति तय कर दी है। इस योजना में होने वाले कामों को निकायों को अपने खर्च पर पांच साल तक देखरेख करनी होगी। विशेष सचिव नगर विकास धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने शासनादेश जारी करते हुए निकायों को भेज दिया है। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री की बैठक में बनी सहमति के आधार पर 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले निकायों में अमृत योजना में होने वाले कामों की कुल लागत का केंद्र 25 प्रतिशत देगा। इसमें राज्य को 45 और निकायों को 30 फीसदी अपना हिस्सा मिलाना होगा। एक लाख से 10 लाख तक जनसंख्या वाले निकायों को कुल लागत का 33.33 प्रतिशत केंद्र देगा। राज्य को 46.67 और निकायों को 20 फीसदी मिलाना होगा।

एक लाख से कम जनसंख्या वाले निकायों को केंद्र 50 फीसदी देगा। इसमें 30 राज्य और 20 फीसदी निकायों को मिलाना होगा। परियोजना लागत के अलावा अमृत-दो में सृजित होने वाली परियोजनाओं व परिसंपत्तियों की न्यूनतम पांच साल तक रख-रखाव के लिए पैसे की व्यवस्था निकायों को करनी होगी। इसका खर्च निकायों को स्वयं उठाना होगा। इसके साथ ही निकायों को केंद्र द्वारा निर्धारित सुविधाएं देनी होगी। जरूरत के आधार पर पानी, सड़क, पार्क के साथ सामुदायिक सुविधाओं की व्यवस्था करनी होगी।

# ऐतिहासिक क्षण है श्री महाकाल लोक का लोकार्पण: भूपेन्द्र चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने राष्ट्रीय पुर्नजागरण के अभियान में करोड़ों लोगों की आस्था के केन्द्र 'बाबा महाकाल' की नगरी उज्जैन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'श्री महाकाल लोक' के लोकर्पण को मील का पत्थर बताया। उन्होंने 'श्री महाकाल लोक' के लोकार्पण को अध्यात्म और संस्कृति की दृष्टि से ऐतिहासिक क्षण बताते हुए भारत की विरासत को सजाने और सवारने के लिए लगातार किए जा रहे कार्यों के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद भारतीय संस्कृति और मनसा के संरक्षक सम्राट विक्रमादित्य की नगरी में सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण के अनुष्ठान में 'श्री महाकाल लोक' का लोकार्पण कर प्रधानमंत्री ने एक और संकल्प को पूरा किया है। ये कार्य न सिर्फ अध्यात्मिक रूप से भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा देने वाला है, अपितु ये वर्तमान पीढ़ी को सनातन इतिहास की गौरवमयी गाथाओं से परिचित कराते रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मध्ययुगीन आक्रांताओं ने हमारे आस्था के केंद्रों, शक्तिपूंजों को क्षतिग्रस्त कर हमारे गौरव व स्वाभिमान को खंडित करने का प्रयास किया। आजादी के बाद बनी सरकारों ने भी तुष्टिकरण की नीति के चलते भारत के गौरव, स्वाभिमान व सांस्कृतिक पहचान से दूरी बनाए रखी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक शक्ति व इसके केंद्रों के पुर्निर्माण का बीड़ा उठाया। आज भारत के आस्था व आध्यात्म के केंद्र एक बार पुन: अपनी प्राचीन आभा व गौरव से आलोकित हो रहे हैं।

# रालोद मुख्यालय में मनाई गई जेपी की जायंती

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयन्ती के अवसर पर उनके चित्र पर राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं और पदाधिकारियों द्वारा पुष्प अर्पित कर याद किया गया। साथ ही रालोद नेताओं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव को भी श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें अन्तिम प्रणाम किया गया। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने स्व जयप्रकाश नारायन के चरित्र पर प्रकाश डालते हुये कहा कि जयप्रकाश नारायन ने अपने विद्यार्थी जीवन में स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया। जेपी ने घोषणा की थी कि भ्रष्टाचार मिटाना, बेरोजगारी दूर करना, शिक्षा में क्रान्ति लाना आदि ऐसी चीजे हैं जो आज की व्यवस्था से पूरी नहीं हो सकती क्योंकि वे इस व्यवस्था की ही उपज हैं। वे तभी पूरी हो सकती है जब सम्पूर्ण व्यवस्था बदल दी जाए और सम्पूर्ण व्यवस्था के परिवर्तन के लिए सम्पूर्ण क्रान्ति आवश्यक है।

# डीजीपी के निर्देश पर दीपक हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी गठित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** डीएस चौहान के निर्देश पर एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने मेरठ के चर्चित दीपक हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। बागपत के एएसपी मनीष मिश्रा एसआईटी के प्रभारी होंगे। उनके साथ सीओ क्राइम ब्रांच, एसओजी प्रभारी, फ रेंसिंक टीम और एक महिला दारोगा को भी शामिल किया गया है। एएसपी की निगरानी में ही अब इस हत्याकांड की जांच-पड़ताल होगी। अभी तक इसकी जांच बागपत क्राइम ब्रांच कर रही थी।

बीती 25 सितंबर को मेरठ के ग्राम खजूरी निवासी धीरेंद्र त्यागी उर्फ भगतजी के बेटा दीपक त्यागी रहस्यमय परिस्थितियों में घर से लापता हो गया था। दो दिन बाद उसका सिर कटा शव गन्ने के खेते से बरामद हुआ था। स्थानीय पुलिस का कहना था कि अवैध संबंधों की रंजिश में गांव के ही एक मुस्लिम युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर दीपक की हत्या की है। इसके विपरीत मृतक के परिजनों ने पुलिस के खुलासे पर अविश्वास जताया था। उनका कहना था कि हत्या के पीछे गहरी साजिश है और इसमें कई लोग शामिल हैं। परिजनों ने इस मामले में डीजीपी डीएस चौहान और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद से मिलकर न्याय की गुहार की थी।

मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार डीजीपी डीएस चौहान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए एसआईटी गठित करने के एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार निर्देश दिए थे। जानकारी के अनुसार गठित की गई एसआईटी ने तत्काल प्रभाव से जांच भी संभाल ली है। मौके से बरामद साक्ष्यों को एसआईटी ने जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेज दिया है।

# मुख्तार के बेटे अब्बास के खिलाफ ईडी ने जारी किया लुकआउट नोटिस

लखनऊ। प्रदेश सरकार के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी माफिया सरगना मुख्तार अंसारी व उनके परिवार के खिलाफ शिकंजा कस दिया है। ईडी ने मुख्यार के विधायक बेटे अब्बास अंसारी के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया है। जिसके बाद वह देश छोड़कर नहीं भाग सकेगा। ईडी इससे पूर्व मुख्तार की पत्नी आफशा अंसारी के खिलाफ भी नोटिस जारी कर चुका है। मुख्तार अंसारी फि लहाल बांदा जेल में बंद हैं। उस पर मनी लांड्रिंग के तहत पर्वतन निदेशालय में जांच चल रही है। हाल ही में ईडी ने मुख्तार अंसारी के 12 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने गाजीपुर, लखनऊ और दिल्ली में खोजबीन की। जिसमें कई लेन-देन के प्रमाण मिले। ईडी ने मुख्तार अंसारी की पत्नी और बेटे को नोटिस जारी करके बयान के लिए बुलाया था लेकिन वे नहीं आए। यूपी पुलिस अब्बास अंसारी को फरार घोषित कर चुकी है। वह लखनऊ के एक मुकदमे में फरार चल रहा है।

# देश ने सामाजिक न्याय के पथ प्रदर्शक को खो दिया: फतेह बहादुर

- सामाजिक संस्था बहुजन भारत ने दी नेताजी को भावभीनी श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सामाजिक** संस्था बहुजन भारत ने समाजवादी पार्टी के संरक्षक एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर संस्था मुख्यालय पर शोकसभा का आयोजन किया। संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस कुंवर फतेह बहादुर ने भारत के पूर्व रक्षा मंत्री व यूपी में तीन बार मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव के निधन पर गहरा शोक जताया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। फतेह बहादुर न कहा कि नेताजी के जाने से देश ने समाजवादी आन्दोलन एवं सामाजिक न्याय के अग्रिम पंक्ति के पथ प्रदर्शक को खो दिया है। परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि वे दिवंगत की आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके शोक संतप्त परिवार, शुभचिंतकों को इस दारूण दुख को सहन करने की शक्ति दे। संस्था के महासचिव चिंतामणि ने कहा कि मुलायम सिंह का निधन शोषित-वंचित समाज के लिए दुखद है। ईश्वर दिवंगत की आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति दे। शोक सभा में संस्था के उपाध्यक्ष नन्द किशोर, नवल किशोर, रामकुमार गौतम, कृष्ण कन्हैया पाल, अनुराग यादव आदि ने भी नेताजी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# विवेकानंद डोबरियाल के बेटे समीर की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर

**लखनऊ (विसं)।** आय से अधिक सम्पति अर्जित करने व भ्रष्टाचार के मामले में फंसे राजस्व परिषद के अधिकारी विवेकानंद डोबरियाल के बेटे समीर डोबरियाल की अग्रिम जमानत याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मंजूर कर ली है। पीठ ने आदेश दिया है कि विवेचना के दौरान यदि मुल्जिम को गिरफ्तार किया जाता हैए तो उसे दो जमानत व 25 हजार रुपए का व्यक्तिगत बंधपत्र दाखिल करने पर रिहा कर दिया जाए। जस्टिस राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने यह आदेश समीर डोबरियाल की अग्रिम जमानत याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है।

# मोहन भागवत के खिलाफ दाखिल क्रिमिनल रिवीजन अर्जी खारिज



**विधि सवांददाता।** लखनऊ

**एडीजे** विनय सिंह ने राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के खिलाफ दाखिल क्रिमिनल रिवीजन अर्जी को खारिज कर दिया है। इस क्रिमिनल रिवीजन अर्जी में निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी। उन्होंने निचली अदालत के आदेश को विधिसम्मत करार दिया है। 25 जुलाई 2016 को निचली अदालत ने मोहन भागवत के खिलाफ दाखिल परिवाद को खारिज कर दिया था। निचली अदालत में यह परिवाद ब्रहमेंद्र सिंह मौर्य ने दाखिल किया था। परिवाद में मोहन भागवत के साथ ही संघ के तत्कालीन सचिव तथा बप्पा रावल की संपादक डाण् राधिका लढ़ा के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की गई थी। परिवादी ब्रहमेंद्र सिंह मौर्य का कहना था कि 23 जूनए 2016 को उदयपुर के एक अखबार में यह समाचार प्रकाशित हुआ था कि संघ परिवार की नजर में अकबर के बाद अब सम्राट अशोक खलनायक और बौद्ध राष्ट्रद्रोही हैं। 24 जून को उसने यह लेख अपने व्हाट्सएप पर आए मैसेज में पढ़ा था। इसे पढ़कर उसकी भावनाओं को काफी धक्का लगा व समाज की भावनाएं भी आहत हुई हैं। निचली अदालत ने परिवाद को ग्राह्यता के स्तर पर ही यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि मोबाइल पर आए मैसेज से उत्पन्न अपराध इस अदालत के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है।

## तिकुनिया कांड मामला: अंकित दास की दूसरी जमानत याचिका पर सरकार से जवाब तलब

**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कांड मामले में निरुद्ध मुल्जिम अंकित दास की दूसरी जमानत याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार व इस मामले के वादी पक्ष को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। पीठ ने अगली सुनवाई के लिए इस याचिका को छह हफ्ते बाद पेश करने का आदेश दिया है। पीठ ने इसके साथ ही यह भी कहा है कि यदि सुप्रीम कोर्ट में इस मामले के दूसरे मुल्जिम गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा की जमानत पर फैसला हो जाता हैए तो अंकित दास के वकील छह हफ्ते से पहले ही सुनवाई का अनुरोध कर सकते हैं। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश अंकित दास की दूसरी जमानत याचिका पर दिया है। याचिका में मुल्जिम की बीमारी का हवाला देते हुए जमानत पर रिहा करने की मांग की गई है।

# कांग्रेस में 50 प्रतिशत पद 50 वर्ष से नीचे की आयु के लोगों को दिए जाएंगे: खड़गे

- अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे मल्किार्जुन खड़गे ने लखनऊ आकर मांगा यूपीपीसीसी पदाधिकारियों का समर्थन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के तहत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राज्यसभा सदस्य मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी में पचास प्रतिशत पद पचास वर्ष से नीचे की आयु के लोगों को दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मैने उदयपुर चिंतन शिविर में जो घोषणाएं की थीं उसे ही अपना घोषणा पत्र बनाया है। इनमें जो भी घोषणाएं हैं उन्हें अध्यक्ष बनने के बाद लागू करूंगा।

खड़गे अध्यक्ष पद के चुनाव में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का समर्थन मांगने मंगलवार को लखनऊ पहुंचे थे। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं पूरे देश में अपनी पार्टी के 9000 से ज्यादा डेलीगेट्स और शुभचिन्तकों से मिलकर अपने लिए समर्थन मांग रहा हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि सभी डेलीगेट्स का समर्थन मुझे मिलेगा। उनके साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रवक्ता गौरव वल्लभ पंत एवं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी भी मौजूद रहे।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफेंस में खड़ग ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए गांधी परिवार के चुनाव लड़ने से मना करने के बाद मैंने अपने शुभचिन्तकों से सलाह मशविरा करने के उपरान्त चुनाव लड़ने का निर्णय लिया और जब मैंने अपना नामांकन किया तो विभिन्न प्रदेशों के वरिष्ठ एवं प्रमुख कांग्रेसजन नामांकन में मौजूद थे। कांग्रेस की मजबूती और कांग्रेस की विचारधारा को बचाने के लिए मैंने चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। कांग्रेस में हो रहे संगठनात्क चुनाव और राहुल गांधी द्वारा की जा रही भारत जोड़ो यात्रा पर भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस तमाम सवाल खड़े कर रही है जिसका लोकतंत्र में विश्वास नहीं है और जो अंग्रेजों की फूट डालो शासन करो की नीति पर विश्वास करते हैं। देश की आजादी कांग्रेस ने दिलाई। भारतीय जनता पार्टी या संघ का कोई भी कार्यकर्ता देश की आजादी के लिए ना ही जेल गया और न ही फांसी पर लटका बल्कि इनके कार्यकर्ता अंग्रेजों के सहयोगी रहे।

# डेनमार्क व यूपी के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जाएगा

- पर्यटन के क्षेत्र में डेनमार्क उत्तर प्रदेश को देगा हर संभव सहयोग: फ्रेडी स्वेन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारत** में डेनमार्क के राजदूत फ्रे डी स्वेन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन भवन में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों देशों के बीच में सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाये जाने पर चर्चा हुई। इसके अलावा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए डेनमार्क की सहभागिता पर भी गहन विचार विमर्श किया गया।

प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि डेनमार्क और भारत के पुराने संबंध हैं। इन संबंधों को और विस्तार दिये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से उत्तर प्रदेश के माहौल में काफ ी बदलाव आया है। यहॉ पर पर्यटन एवं निवेशकों के लिए अनुकूल परिस्थितियॉ मौजूद हैं। योगी के नेतृत्व में सेवा सेक्टर एवं कनेक्टीविटी के साथ ही सैलानियों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही हैं।

जयवीर सिंह ने डेनमार्क के राजदूत को निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि उप्र में निवेश के लिए असीमित संभावनाए हैं। निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए जनवरी-2023 में उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश-विदेश की जाने माने औद्योगिक घराने एवं कम्पनियां भाग लेगी। उप्र के सामर्थ्य एवं बदले परिवेश को प्रस्तुत करते हुए निवेशकों से निवेश के लिए आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उप्र में सांस्कृतिक विविधता के साथ ऐतिहासिक, धार्मिक, पौराणिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थल मौजूद हैं।

# एक्सप्रेसवे के किनारे कंक्रीट की फेंसिंग की योजना बनाएं: नन्दी

## तार की फेंसिंग ग्रामीणों द्वारा काट लिए जाने से एक्सप्रेसवे पर आ जाते हैं पशु

- डिफेंस एक्सपो गुजरात में होगी उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने मंगलवार को यूपीडा सभागार लखनऊ में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडिस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के विभिन्न परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। जिसमें मंत्री नन्दी ने अधिकारियों को एक्सप्रेसवेज की यात्रा को और अधिक सुरक्षात्मक एवं सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिए। मंत्री नन्दी ने कहा कि एक्सप्रेसवे पर पशुओं को आने से रोकने के लिए कंटीले तार की फेंसिंग अधिक कारगर नहीं है। इसलिए कंक्रीट की फेंसिंग किए जाने की योजना पर काम किया जाए और इसे अमल में लाने का प्रयास किया जाए। क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन अमूल्य है। एक्सप्रेसवे पर उनकी यात्रा को पूरी तरह से सुरक्षित बनाना हमारा कर्तव्य है। मंत्री नन्दी ने अधिकारियों से पूछा कि एक्सप्रेसवे पर जुलाई महीने तक ओवर स्पीड में कितने चालान हुएए क्या सभी एम्बुलेंस आाधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। जिस पर अधिकारी ओवरस्पीड में चालान की संख्या नहीं बता सके। वहीं एम्बुलेंस के बारे में बताया कि कुछ सुविधाएं कम हैं। जिस पर मंत्री नन्दी ने कहा कि पुराने एम्बुलेंस की जगह आधुनिक सुविधाओं वाले एम्बुलेंस को लगाया जाए। कहा कि जो एम्बुलेंस गड़बड़ हैं उन्हें तत्काल हटाया जाए। मंत्री नन्दी ने अधिकारियों से पूछा कि एक्सप्रेसवे पर मृत पशुओं को हटाने की व्यवस्था क्या है? कितना काम हुआ। कितना भुगतान हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 1.80 लाख रूपए प्रति पैकेज भुगतान होता है। जिस पर मंत्री नन्दी ने कहा कि एक्सप्रेसवे पर जानवर न आएं, इसका परमानेंट समाधान क्या है? अधिकारियों ने बताया कि गांव वाले तार की फेंसिंग काट देते हैं जिसकी वजह से पशु एक्सप्रेसवे पर चले आते हैं। अधिकारियों ने कहा कि एनएचएआई द्वारा बनाए गए मुम्बई-नागपुर एक्सप्रेसवे पर कंक्रीट की फेंसिंग की गई है। अगर एक्सप्रेसवे पर भी कंक्रीट की फेंसिंग कर दी जाए तो पशु नहीं आ सकेंगें। जिस पर मंत्री नन्दी ने कहा कि यह सुझाव बेहतर है। इस पर काम किया जाए। क्योंकि एक्सप्रेसवे पर यात्रा को सुरक्षात्मक बनाना पहली प्राथमिकता है। पैकेजवार फेंसिंग करने में कितना खर्च आएगा, इसका पूरा आंकलन कर बताएं, जिसके आधार पर निर्णय लिया जा सकेगा। क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन अमूल्य है और सभी की यात्रा को सुरक्षित बनाना हमारा कर्तव्य है। मंत्री नन्दी ने कहा कि आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शौचालय की व्यवस्था ठीक नहीं है। जिस पर अधिकारियों ने कहा कि सफाई व्यवस्था देखने वाली एजेंसी को निर्देशित किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर आठ में सात पेट्रोल पम्प प्रारम्भ हो गए है। अधिकारियों ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 23 जुलाई से टोल शुरू हुआ है। अब तक करीब 23 करोड़ रूपए ही ट्रैफिक से प्राप्त हुए है। मंत्री नन्दी ने कहा कि केवल कटौती न करें बल्कि पेनाल्टी भी लगाएं। बताया गया कि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे पर चार पैकेज में पेट्रोल पम्प का काम हो रहा है। चारों का लीज रेंट हो गया है। रजिस्ट्री कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का 53 प्रशित कार्य पूरा हो चुका है। दिसम्बर 2023 में कार्य पूरा होने की उम्मीद है। मिट्टी के कार्य में कठिनाई आ ही है। अब नवम्बर-दिसम्बर के बाद ही कार्य प्रारम्भ होगा। क्योंकि चार पुल पानी के नीचे हैं। डेढ़ किलोमीटर का पुल है। गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रगति बताते हुए कहा गया कि 97 प्रतिशत जमीन क्रय कर ली गई है। शेष 12 में से 6 जनपदों में कब्जा मिल गया है। इसका निर्माण करने वाली कम्पनी का चयन कर लिया गया है। तीन हिस्सा का निर्माण अडानी तो एक हिस्सा का निर्माण आईआरबी कम्पनी करेगी। बैठक में बताया गया कि 18 से 22 अक्टूबर गुजरात के गांधीनगर में डिफेंस एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। यूपीडा के डिफेंस कॉरिडोर का स्टॉल लगाया गांधीनगर में लगाया जाएगा। जहां यूपी की भी हिस्सेदारी रहेगी। उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर में बन रहे डिफेंस आर्म्स के स्टॉल लगाए जाएंगे।

# रामपुरमथुरा में खतरे के निशान पर पहुंची सरयू, बढ़ा खतरा

**● गांवो में घुस रहा बाढ़ का पानी, लोग परेशान**

संवाददाता। रामपुरमथुरा सीतापुर

**सरयू नदी** का जलस्तर खतरे के निशान से 80 सेमी ऊपर बहने से क्षेत्र के चार ग्राम पंचायतों के करीब 65 गांव बाढ़ की भीषण चपेट में आ गए हैं। इधर चौका नदी भी उफान पर होने से क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पानी भरने के साथ मुख्य मार्गो पर भी पानी बहना शुरू हो गया है। बैराजों से छोड़े जा रहे पानी से आज उफनाई सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 80 सेमी ऊपर पंहुच गया है। फत्तेपुरवा गांव के पास लगे मीटर गेज पर सरयू नदी का जलस्तर 119.80 सेमी पंहुच गया। लगातार जल स्तर बढने से इलाके के कोठार, फत्तेपुरवा, दुबेपुरवा, मिश्रणपुरवा ,जगरूपपुरवा, कुंभरौरा, कटुआघाट, रानीगंज, अखरी रामरूपपुरवा,निरंजनपुरवा, कनरखी, प्यारेपुरवा, सुंदर पुरवा, अंगरौरा, सोतीपुरवा, खरगीपुरवा, बंगालीपुरवा, हरिपुरवा, अखरी, बाबाकुटी, शंकर पुरवा, क्योडा, गोमतीपुरवा, बनवारीपुरवा, जगन्नाथपुरवा, बलेसरपुरवा समेत करीब 65 गांवो में बाढ़ का पानी भर गया है। बक्सीपुरवा, दुबेपुरवा, शंकरपुरवा, अखरी, प्यारेपुरवा, निरंजनपुरवा, गोमतीपुरवा, जगरुप्पुरवा, झगटुपुरवा, हरिपालपुरवा, बुचौपुरवा, कोठार, अहिरनपुरवा, सोहलियागंज, नागेसरपुरवा, पीताम्बरपुरवा, छोटेपुरवा, लोधनपुरवा, शिवनाथपुरवा, हरिपुरवा, कैलाशपुरवा, कंनरखी घाट सहित करीब 35 गांवो में करीब 6 से 7 फ्टि गहरा पानी बह रहा है। इन गांवो को जाने के सभी संपर्क मार्ग नदी में तब्दील हो चुके है। यहां पर केवल नाव द्वारा ही पंहुचा जा सकता है।रामपुर मथुरा-टिगड़ा, धन्धी-रामपुर मथुरा, तटबन्ध-अखरी,रामपुर मथुरा-महमूदाबाद मार्ग पर बने दुलम्पुरवा रपटा पुल, रामपुर मथुरा-तिवारीपुर, बांसुरा-भगौतीपुर, भगौतीपुर-पारा क्योडा, दहला-थानगांव, चंदौली पुल-बांसुरा घाट,बहादुरगंज-ग्वाहडीह सहित कई मुख्य व लिंक मार्ग कटने की कगार पर है। इनके कटने से पड़ोसी मुख्य बाजारों से संपर्क भी टूट सकता है।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों की हरसंभव की जाएगी मदद: तहसीलदार

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर



**तहसील क्षेत्र** के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विगत कई दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश और विभिन्न बैराजों से छोड़े गए भारी-भरकम पानी से तहसील क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए है, जिसको लेकर तहसील प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। बताते चलें तहसीलदार शशि बिंदु द्विवेदी लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और संबंधित राजस्व कर्मियों को अलर्ट रहने के निर्देश भी दे रहे हैं। गौरतलब है कि विभिन्न बैराजो से छोड़े गए पानी एवं हो रही लगातार बारिश के चलते बाढ़ प्रभावित गांव हरखीबेहड़, चौखड़िया, खालेपुरवा आदि कई गांवो में तहसीलदार शशि बिंदु द्विवेदी ने बैलगाड़ी और ट्रैक्टर के सहारे जाकर ग्रामीणों से मिलकर बाढ़ से निपटने के उपाय बताएं और साथ ही सभी को सावधान रहने के लिए बताया, इसी क्रम में तहसीलदार ने बाढ़ प्रभावित गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को फरूट सामग्री का भी वितरण किया और सभ ही कहां की तहसील प्रशासन आप सब की हर संभव मदद करने के लिए तत्पर है घबराए नहीं, और ग्रामीणों को बताते हुए कहा कि सभी लोग इस वक्त खेतों में मत जाएं, क्योंकि 2 या 3 दिन में आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावनाएं हैं, इसी के तहत तहसीलदार ने बाढ़ चौकियों पर तैनात राजस्व कर्मियों को निर्देश दिए कि हर समय अलर्ट रहें, इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण एवं तहसील प्रशासन की टीम मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### पुराने भवन में अल्ट्रासाउंड सेवा शुरू

**लखीमपुर-खीरी।** मंगलवार से जिला पुरुष चिकित्सालय के पुराने भवन में अल्ट्रासाउंड की सेवा शुरू कर दी गई है। डॉ दिनेश पुष्कर द्वारा 22 अल्ट्रासाउंड किए गए हैं। वह रोजाना 8 से 10 बजे तक जिला चिकित्सालय के पुराने भवन में अल्ट्रासाउंड करेंगे। उसके बाद जिला पुरुष चिकित्सालय ओयल एमसीएच विंग में अल्ट्रासाउंड करेंगे। और हर माह की 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय में पूरा दिन अल्ट्रासाउंड किया जाएगा।

### बीजेपी से अमन ने दाखिल किया दो सेट में नामांकन



**लखीमपुर खीरी।** कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में 139, गोला गोकरननाथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन 2022 के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए रिटर्निंग अधिकारी/ एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी से अमन गिरि ने दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। वही 02 लोगों ने ( मंजू देवी-01 सेट व नरेश सिंह भदोरिया-01) नामांकन स्थल से नामांकन पत्र प्राप्त किया। रिटर्निंग अधिकारी/ उप जिला मजिस्ट्रेट (गोला) अनुराग सिंह ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 139 गोला गोकरणनाथ के नामांकन कक्ष से अब तक 11 व्यक्तियों ने नामांकन पत्र के 23 सेट प्राप्त किए।

### उप्र रोडवेज कर्मचारी संघ ने दिया धरना



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को सौंपे ज्ञापन में उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ ने कहा है कि नच 31 टी,8849 के वाहन स्वामी द्वारा संविदा परिचालक अभिषेक शुक्ला शाखा मंत्री के साथ केंद्र प्रभारी के कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान जिस प्रकार की अभद्र एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया गया है एवं जिसकी रिकॉर्डिंग उक्त परिचालक द्वारा गोला डिपो के व्हाट्सएप के माध्यम से आप तक भी पहुंचाई गई है संगठन पुरजोर तरीके से मांग करता है इस घटना का उचित समाधान करते हुए उक्त वाहन स्वामी के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। अंत में संगठन ने चेतावनी दी है की कार्यवाही ना होने पर संगठन श्रम अशांति अर्थात चक्का जाम करने के लिए विवश होगा जिसकी जिम्मेदारी विभाग व शासन प्रशासन की होगी। धरना प्रदर्शन उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप व कोतवाली गोला में मुकदमा दर्ज होने के बाद खत्म हुआ है।

## ग्राहक व दुकानदार में मारपीट, पुलिस बल तैनात

**लालगंज रायबरेली।** गांधी चौराहा स्थित मंडी समिति में मंगलवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सब्जी लेने के दौरान ग्राहक व दुकानदार में मारपीट हो गई। देखते ही देखते बवाल इतना बढ़ गया कि भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात करना पड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी हासिल की। बताया गया है कि बहाई गांव निवासी इकसमुद्दीन सब्जी लेने के लिये मंडी आया था। शिवम् सोनकर की दुकान में सब्जी लेने के दौरान ही दोनो मे किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई जिसके बाद दोनो पक्षो की ओर से दर्जनो लोग एकत्र हो गये और पूरे परिसर को दगंल के रूप में बदल दिया। जिससे वहां मौजूद ग्राहको व दुकानदारो में भगदड मच गई। मामूली बात को लेकर शुरू हुई कहासुनी को साम्प्रदायिक मोड़ भी देने की पूरी कोशिश की गई। बवाल की सूचना पर कोतवाली प्रभारी हरिशंकर सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। मामले की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी भी मौके पर पहुंचे और घायलो समेंत दुकानदारो व पुलिस से मामले की जानकारी हासिल की। मारपीट की इस घटना में आधा दर्जन से अधिक लोगो को चोटें आई है। दोनो पक्षो ने एक दूसरे पर बिना वजह मारपीट का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीरें दी है। जिसमें एक पक्ष के शिवम सोनकर व दूसरे पक्ष के इफ्तखारूद्दीन ने पुलिस को तहरीर देते हुए एक दूसरे पर बेवजह मारपीट का आरोप लगाया है। क्षेत्राधिकारी महिपाल पाठक, उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह आदि ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने के साथ मातहतो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। कोतवाली प्रभारी हरिशंकर सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर कई आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछतांछ की जा रही है। कानून से खिलवाड करने वाले आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## करवा चौथ से पहले बेमौसम बरसात से व्यापारी हुए मायूस

**●बरसात ने बर्तन, सर्राफा, कपड़ा व्यवसायियों की उम्मीदों पर फेरा पानी**

संवाददाता। सीतापुर

**बारिश ने** किसानों की फसलों को ही बर्बाद नहीं किया है, बीते 5 दिनों से हो रही बारिश की मार दुकानदारों पर भी पड़ी है। करवाचौथ पर अच्छी बिक्री होने का अनुमान लगाकर बर्तन, सर्राफ, कपड़ा और पूजन सामग्री विक्रेताओं ने अच्छी बिक्री करने को लेकर खूब दुकानों में माल लगाया था, लेकिन बेमौसम हुई बारसात ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। आलम यह है कि वह ग्राहकों के आने का इंतजार कर रहे है, सुबह से लेकर शाम तक बमुश्किल दो से चार ग्राहक ही दुकानों पर पहुंच रहे है, जिससे उनके आगे बिक्री न होने की समस्या उत्पन्न हो गई है। सबसे ज्यादा समस्या तो मिट्टी के करवा विक्रेताओं को हो रही है, क्योंकि उन्हें करवाचौथ पर्व पर ही करवों की बिक्री का अवसर मिलता है। करवाचौथ की तैयारियों को लेकर सर्राफ व्यवसायी, बर्तन विक्रेता और वस्त्र विक्रेता दुकानदारों से पायनियर ने जब बातचीत की तो उन्होंने बरसात की वजह से बिक्री न होना बताया।

## ई-रिक्शा पलटने के बाद जहांगीराबाद कस्बे की सड़क का कार्य शुरू

संवाददाता। सीतापुर

**आखिरकार जिम्मेदार** नींद से जागे और सोमवार को ही कस्बा जहांगीराबाद में उस जगह पर सड़क मरम्मत की तैयारियां शुरू कर दी, जहां डीएम का काफिला निकलते समय ई-रिक्शा पलट गया था। सड़क मरम्मत कराने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी थी। मंगलवार सुबह जैसे ही विभाग के कर्मचारियों/ ठेकेदारों द्वारा रोड पर पानी भरे गड्ढों में गिट्टियां डाली गयीं वैसे ही उनमें होकर निकलने वाले बड़े वाहन फंसने लगे जिससे रोड पर दोनों ओर जाम लग गया। जाम में घण्टों बड़े वाहन और बसें फंसी रहीं जिससे यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। काफी देर बाद छोटे वाहनों को मार्ग परिवर्तित कर कस्बे के अन्दर से निकाला गया। लगभग चार घण्टों बाद यातायात बहाल हुआ। जाम लगने से काफी देर तक दोनों ओर अफरा तफरी का माहौल रहा।वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। चौराहे पर भारी भीड़ जमा रही। बताते चलें कि कस्बा जहांगीराबाद में सोमवार को दोपहर बाद जब जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के काफिला जहांगीराबाद के रास्ते निकल रहा था, उस समय चौराहे के पास एक गड्ढे में फंस कर ई-रिक्षा पलट गया था। इस घटना को आई इंडिया ने प्रसारित किया, जिसके बाद जिम्मेदारों की नींद टूटी। सोमवार रात्रि में ही ट्रकों से पत्थर की गिट्टियां और राबिश आ गयी। फिलहाल चौराहे पर पत्थर की बड़ी बड़ी गिट्टियां डाल दी गई है, लेकिन उनमें होकर पैदल व बाइक चालकों को निकलने में भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर पूरी गिट्टियों पर राबिन न डाली गयी और बरसात न रुकी तो स्थिति और खराब हो जायेगी।

## ...जब स्टीमर पर चढ़कर बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे एमएलए ज्ञान तिवारी



**● रेउसा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवो में पहुंचे विधायक ज्ञान तिवारी**

**●बाढ़ पीड़ितों को विधायक ने बांटी राहत सामग्री**

**●बोले विधायक, केन्द्र व प्रदेश सरकार है बाढ़ पीड़ितों के साथ**

**●अधिकारियों के संग प्रभावित गांवों का स्टीमर से लिया जायजा**

संवाददाता। सीतापुर

**रेउसा के** बाढ़ प्रभावित इलाकों का विधायक ज्ञान तिवारी ने मंगलवार को पहुंचकर जायजा लिया, विधायक ने इलाके के प्रभावित गांवो का भ्रमण कर राहत सामग्री वितरित की। विधायक ने पीड़ितों से भी बातचीत कर उनका हालचाल जाना साथ ही उन्होंने इस बात का आश्वासन दिया कि प्रदेश की योगी सरकार और केन्द्र की मोदी सरकार बाढ़ प्रभावितों के साथ खड़ी है। इलाके के ज्यादा गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, नदी काफी ऊपर बह रही है जिसको लेकर लोगों में काफी चिंता बनी हुई है। जिला प्रशासन की तरफसे बाढ़ को लेकर तमाम उपाय भी किए गए हैं और बाढ़ राहत केंद्र भी खोले गए हैं. साथ ही साथ तमाम बाढ़ चौकियों को भी एक्टिवेट कर दिया गया है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी स्वयं बाढ़ के हालात पर नजर रखे हुए हैं। बाढ़ प्रभावित इलाके मे विधायक ने राहत सामग्री व खाना वितरित के साथ स्टीमर से गावों में जाकर जल प्रलय की हकीकत भी जानी।

## डीएम के निर्देश पर बाढ़-पीड़ितों के बीच पहुंचे सीडीओ-एडीएम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**खीरी में** लगातार हो रही बारिश, अतिवृष्टि सहित नदियों का जलस्तर ब ?ने से बाढ़की विभीषिका पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह सतर्क दृष्टि रखकर हर गतिविधि को अनुश्रवण कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन एवं निर्देशन में पूरा प्रशासनिक अमला लोगों को राहत दिलाने में पूरी तटस्थता से जुटा है।मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह ने तहसील गोला विकासखंड बिजुआ के ग्राम दाउदपुर, करसोल, मु ?िया एवं कोरियाना सहित कई बाढ़प्रभावित गांव का दौरा किया, जहां उन्होंने स्थलीय भ्रमण कर बाढ़का दंश झेल रहे ग्रामीणों से स्वयं बातचीत करके प्रशासनिक मदद की पुष्टि की।सीडीओ व एडीएम ने बाढ़पी ?तों को प्रशासन की ओर से मुहैया कराई जाने वाली राहत सामग्री की समीक्षा की। अफसरों ने बाढ़पी ?तों से बातचीत करके उनका दुख दर्द जाना एवं प्रशासन की ओर से हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। हालांकि ग्रामीणों ने प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई जा रही मदद को बेहतर बताया। सीडीओ ने ग्रामीणों से पुरजोर अपील की कि वह सुरक्षित स्थानों पर रहे।अफसरों के पूछने पर एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि अब तक इन गांव में सात हजार लंच पैकेट वितरित किए जा चुके हैं। शाम तक 1500 लंच पैकेट और वितरित किए जाएंगे। वही अलग-अलग स्थानों पर भोजन तैयार करने की व्यवस्था है, ताकि आपूर्ति बाधित ना हो।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़की विभीषिका से राहत दिलाने के लिए प्रशासन की टीम में पूरी तत्परता से फील्ड में काम कर रही हैं। बाढ़से कोई जनहानि नहीं हुई, सभी सुरक्षित हैं। घाघरा का जलस्तर लगातार कम हो रहा है। बाढ़का पानी स्थिर है जो धीरे धीरे कम हो रहा है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी गोला अनुराग सिंह, खंड विकास अधिकारी बिजुआ देवेंद्र सिंह, राजस्व एवं विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## नकलविहीन व निष्पक्ष होगी पीईटी परीक्षा:डीएम

**●डीएम ने ली पीईटी परीक्षा की तैयारी बैठक, दिए निर्देश**



**लखीमपुर-खीरी।** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2022 को नकलविहीन, शुचितापूर्वक, शान्तिपूर्ण परीक्षा का आयोजन कराये जाने हेतु मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी सेक्टर, स्टैटिक सहित केंद्र व्यवस्थापको की बैठक ली, जरूरी निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रशासन आगामी 15 एवं 16 अक्टूबर, 2022 को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अंतर्गत आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2022 को पूर्ण रूप से नकलविहीन, शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए दृढ़संकल्पित है। परीक्षा आयोजन के लिए सभी जरूरी तैयारियां के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। परीक्षा को सुव्यस्थित रूप संचालित कराने के लिए 27 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा सम्पन्न होगी।डीएम ने कहा कि परीक्षा से जुड़े सभी कार्मिक प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा 2022 को निष्पक्ष, सकुशल एवं निर्विघ्न संपन्न कराए जाने हेतु आयोग की निर्देश पुस्तिका के सभी नियमों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। परीक्षा को नकलविहीन एंव पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा कक्षों एवं अन्य मुख्य स्थानों पर सतत् निगरानी के लिए अफसरों को तैनात किया है ताकि हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा सके और परीक्षा पूर्ण मानक के अनुरूप सम्पन्न कराई जा सके। सभी केन्द्रों पर समुचित संख्या में पुरूष एवं महिला पुलिस की तैनाती की व्यवस्था की गयी है ताकि परीक्षा में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो सके।

## पेज एक का शेष

### भारत की...

में विकास के नए अध्याय लिखे जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार चार धाम परियोजना के जरिए, हमारे चारों धाम सर्वमौसम मार्ग से जुड़ने जा रहे हैं तथा आजादी के बाद पहली बार करतारपुर साहिब खुला है। उन्होंने कहा, स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना से देशभर में हमारी आध्यात्मिक चेतना के ऐसे कितने ही केंद्रों का गौरव पुन: स्थापित हो रहा है। और अब इसी कड़ी में भव्य और अतिभव्य महाकाल लोक भी अतीत के गौरव के साथ, भविष्य के स्वागत के लिए तैयार हो चुका है।

### आईएमएफ ने...

उत्पादन नहीं बढ़ा। फलत: वस्तुओं की आपूर्ति में देरी हुई और दाम चढ़े। आईएमएफ का अनुमान है कि दुनियाभर में उपभोक्ता मूल्य में इस साल 8.8 प्रतिशत की वृद्धि होगी जो 2021 में 4.7 प्रतिशत थी।

### ए राजा...

पूर्व दूरसंचार मंत्री राजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था लेकिन एक विशेष अदालत ने उन्हें बरी कर दिया था क्योंकि एजेंसी उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई भी आरोप साबित नहीं कर पाई थी।

### पंचतत्व में...

प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री अपना दल (एस) की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद समेत राज्य सरकार के कई मंत्री, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार व सुप्रिया सुले समेत अनेक नेता श्रद्धांजलि देने सैफई पहुंचे। महाराष्ट्र में मुंबई से सपा नेता अबू आजमी, अपना दल (कमेरावादी) की अध्यक्ष कृष्णा पटेल, किसान नेता राकेश टिकैत, केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी बघेल व साध्वी निरंजन ज्योति समेत अनेक प्रमुख लोगों ने मुलायम के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उद्योगपति अनिल अंबानी भी मुलायम सिंह के अंतिम संस्कार में भाग लेने सैफई पहुंचे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मुलायम को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पत्रकारों से कहा, उनकी प्रतिपूर्ति नहीं की जा सकती। उनके निधन से बहुत बड़ी क्षति हुई है। उन्होंने कहा, आदरणीय मुलायम सिंह यादव से मेरे बहुत अच्छे रिश्ते थे। वह भारत की राजनीति की बहुत बड़ी शख्सियत थे और उन्हें धरती से जुड़ा नेता माना जाता था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने भी यादव को श्रद्धांजलि दी। भाजपा सांसद वरुण गांधी ने अखिलेश यादव को गले लगाकर उन्हें सांत्वना दी। मेला ग्राउंड में लोगों की बढ़ती भीड़ और नेताजी के अंतिम दर्शन करने की उनकी होड़ को देखते हुए शिवपाल यादव ने सभी से शांति बनाए रखने की अपील की। सिने अभिनेता अभिषेक बच्चन और उनकी मां जया बच्चन भी यादव को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। योग गुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण मुलायम को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष व सांसद जयंत चौधरी, निषाद पार्टी के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद, अपना दल (कमेरावादी) की अध्यक्ष कृष्णा पटेल, आम आदमी पार्टी उप्र के प्रभारी व सांसद संजय सिंह समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने वहां पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता रीता बहुगुणा जोशी उन नेताओं में शामिल हैं, जो यादव को अंतिम विदाई देने के लिए यहां सैफई मेला ग्राउंड पंडाल में जल्दी पहुंचे। यादव की अर्थी के पास खड़े सपा नेता धर्मेंद्र यादव अपने आंसू नहीं रोक पाए। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नायडू ने यादव के निधन को उत्तर प्रदेश के लिए नुकसान करार दिया। जोशी ने कहा कि यादव ने कभी भी अपने राजनीतिक विरोधियों को दुश्मन नहीं माना और उनका हर नेता के साथ एक निजी संबंध था। इसके पहले सुबह साइकिल, मोटरसाइकिल, कार, एसयूवी और परिवहन के अन्य साधनों में सवार सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता और लोग आस-पास के इलाकों से मंगलवार सुबह अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने के लिए सैफई पहुंचे। शोक में इटावा जिले के स्कूल, बाजार, प्रतिष्ठान व्यापारियों और संचालकों ने स्वेच्छा से बंद कर रखें।

### भारत ने...

नहीं करने का फैसला किया। इस प्रस्ताव के पक्ष में 16 देशों ने मतदान किया जबकि 34 देशों ने इसमें भाग नहीं लिया। संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थाई प्रतिनिधि वसीली नेबेंजिया ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र एक धोखाधड़ी का गवाह बना, जिसमें दुर्भाग्य से महासभा के अध्यक्ष की एक अहम भूमिका रही। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सोमवार को इस मुद्दे पर चर्चा शुरू की कि क्या रूस को यूक्रेन के चार क्षेत्रों पर कब्जे की कार्रवाई को वापस लेने को कहा जाए या नहीं। चर्चा ऐसे समय में शुरू की गई, जब रूस ने सोमवार को यूक्रेन की राजधानी कीव समेत उसके कई शहरों को मिसाइल हमलों के जरिए निशाना बनाया था। इन हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। रूस के राजदूत ने इस चर्चा को रूस विरोधी नजरिए को बढ़ावा देने का एकतरफा प्रयास बताया और इस बहस की निंदा की।

### चार माह...

है, लेकिन यह सरकारी अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामलों को रद्द करने का आधार नहीं होगा। न्यायालय ने कहा कि अनुमति देने वाला प्राधिकार अवश्य ही यह ध्यान में रखे कि लोग कानून का शासन में विश्वास करते हैं। कानून का शासन न्याय प्रशासन में यहां दांव पर लगा हुआ है। पीठ ने कहा कि अनुमति के अनुरोध पर विचार करने में विलंब कर अनुमति देने वाला प्राधिकार न्यायिक पड़ताल को अनुपयोगी बनाता है, इससे भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ आरोपों के निर्धारण की प्रक्रिया बाधित होती है। न्यायालय ने कहा कि भ्रष्ट व्यक्ति पर मुकदमा चलाने में देर करने से दंडित नहीं किए जाने की संस्कृति पनपती है और यह सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार की मौजूदगी के प्रति एक प्रणालीगत आत्मसमर्पण है। इस तरह की अकर्मण्यता से भविष्य की पीढ़ी भ्रष्टाचार को जीवन जीने के तरीका का हिस्सा मानते हुए इसके प्रति अभ्यस्त हो जाएगी। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 197 और भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम की धारा 97 के तहत आपराधिक मामलों में लोक सेवकों को अभियोजित करने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) तथा अन्य जांच एजेंसियों को तीन महीने की अवधि उपलब्ध है, जिसमें कानूनी परामर्श के लिए एक महीने का विस्तार किया गया है। पीठ ने विजय राजामोहन नाम के एक सरकारी अधिकारी की मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ अपील पर सुनवाई करते हुए यह कहा।

### सुप्रीम कोर्ट...

(पति) के वकील उसकी ओर से पेश हुए और यह बात दोहराई कि वह गुजारा भत्ते के मुद्दे पर समझौता करने के लिए सहमत नहीं है। अंतिम सुनवाई के लिए विषय को जनवरी के तीसरे हफ्ते में सूचीबद्ध किया जाए। शीर्ष न्यायालय तीन अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिनमें एक याचिका गाजियाबाद निवासी बेनजीर हिना ने दायर की है। उन्होंने एकतरफा न्याएत्तर तलाक-ए-हसन की पीड़िता होने का दावा किया है। उन्होंने तलाक के लैंगिक एवं धार्मिक रूप से तटस्थ और सभी नागरिकों के लिए एक समान आधार के वास्ते दिशानिर्देश तैयार करने का केंद्र को निर्देश देने का भी अनुरोध किया है। इससे पूर्व, शीर्ष न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं के पतियों से याचिकाओं पर जवाब मांगा था। मंगलवार को सुनवाई शुरू होने पर बेनजीर के पति की ओर से न्यायालय में पेश हुए अधिवक्ता ने कहा कि उनके मुवक्किल की अपनी पत्नी के साथ विवाद में कोई समझौता संभव नहीं है। इस पर, पीठ ने पक्षों से अपना जवाब दाखिल करने को कहा। साथ ही यह भी कहा कि वह जनवरी 2023 के तीसरे सप्ताह में सुनवाई करेगा।


### भारत से...

से उबरने के लिए दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को बहाल करने की मांग तेज हो रही है। पाकिस्तानी मीडिया का कहना है कि पाकिस् ?तान की शहबाज सरकार इस मामले में लचीला रुख अख्तियार कर रही है। सितंबर में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान में बाढ़ के बाद मलेरिया जैसी बीमारियां दूसरी आपदा का कारण बन सकती है और कहा था कि जनवरी 2023 तक 27 लाख लोगों के इस बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, सिंध और बलूचिस्तान के बाढ़ प्रभावित जिलों में मलेरिया परीक्षण किट, मलेरिया-रोधी दवाओं और मच्छरदानी की सख्त जरूरत है।

# जेपी के शिष्यों ने अपनी विचारधारा त्याग कर कांग्रेस से हाथ मिलाया

## ● लालू और नीतीश दोनों पर शाह का कटाक्ष

भाषा। सिताब दियारा


बिहार में रैली को संबोधित करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में महागठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि खुद को जयप्रकाश नारायण का शिष्य बताने वालों ने उनकी समाजवादी विचारधारा को त्याग दिया है। जेपी के नाम से लोकप्रिय जयप्रकाश नारायण के सारण जिले में स्थित पैतृक गांव में समाजवादी नेता की 15 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करने के बाद मंगलवार को शाह ने एक रैली को संबोधित करते हुए कटाक्ष किया, वह सत्ता के भूखे हैं। सत्ता के लिए उन्होंने जेपी की विचारधाराओं का त्याग किया और कांग्रेस से हाथ मिला लिया। उनका जेपी की विचारधाराओं से कोई लेना-देना नहीं है। गौरतलब है कि अगस्त में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से नाता तोड़कर लालू प्रसाद नीत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस सहित सात दलों के एक नए महागठबंधन के साथ नई सरकार बनाने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर व्यंग्य करते हुए शाह ने उक्त बातें कहीं। शाह ने अपने संक्षिप्त भाषण में कहा, केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज के गरीब और कमजोर वर्गों के लिए काम कर रहे हैं, जिनकी चिंता जेपी किया करते थे। यही कारण है कि केंद्र ने अंत्योदय अन्न योजना और उज्ज्वला योजना शुरू की। उनका (मोदी) जेपी की विचारधारा में दृढ़ विश्वास है। शाह ने जेपी की प्रतिमा की स्थापना के लिए (केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय की एक परियोजना) प्रधानमंत्री को भी श्रेय दिया। उन्होंने कहा, जेपी का हजारीबाग जेल से भागना, संपूर्ण क्रांति का उनका आह्वान, पटना के गांधी मैदान में उनका ऐतिहासिक संबोधन और आपातकाल के दिनों में उनका संघर्ष उनकी विरासत है। दिग्गज समाजवादी नेता की 120वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार ने उत्तर प्रदेश के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सीताब दियारा के क्षेत्रों के विकास के लिए बहुत कुछ किया है।उन्होंने कहा, जेपी एक महान राष्ट्रीय नेता थे, उन्हें केवल उत्तर प्रदेश और बिहार तक ही सीमित नहीं रखा जा सकता।

### कोई आए या जाए, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ताः नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की दिग्गज समाजवादी नेता लोक नायक जयप्रकाश नारायण की 120वी जयंती के अवसर पर उनकी जन्मस्थली सिताब दियारा के दौरे को बेहद हल्के में लेते हुए मंगलवार को कहा कि कोई आए या जाए, हमको कोई फर्क नही पड़ता। पत्रकारो के सवालो का जवाब देते हुए कुमार ने कहा, कोई आए या जाए, हमको कोई फर्क नही पड़ता है। जदयू नेता ने यह भी कहा कि वह महान समाजवादी नेता के सम्मान में आयोजित एक समारोह मे शामिल होने के लिए कल नागालैंड मे होंगे। जय प्रकाश नारायण ने 1960 के दशक मे उत्तर पूर्वी राज्य मे तीन साल बिताए थे जहां वे अभी भी स्थानीय निवासियो द्वारा पूजनीय है। कुमार ने कहा कि बुधवार को वह समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के पैतृक आवास सैफई के लिए रवाना होंगे। यादव का सोमवार को निधन हुआ और मंगलवार को सैफई मे उनका अंतिम संस्कार किया गया। अपने राजनीतिक जीवन के एक बड़े हिस्से के दौरान राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के सहयोगी रहे कुमार ने अगस्त मे भाजपा के साथ संबंध तोड़ लिया था। भाजपा पर अपनी पार्टी जदयू को बांटने का प्रयास करने का आरोप लगाने वाले नीतीश आजकल 2024 लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता बनाने की कोशिश कर रहे है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ शाह का सिताब दियारा केंद्रीय गृह मंत्री का दौरा एक महीने से भी कम समय मे शाह का दूसरा बिहार दौरा है। भाजपा सूत्रों ने कहा कि पार्टी जिसे अब सात दलो के एक दुर्जेय महागठबंधन से लड़ना है, के प्रमुख रणनीतिकार माने जाने वाले शाह ने अपने कैडर का मनोबल बढ़ाने के लिए हर महीने बिहार का दौरा करेंगे। महागठबंधन में जदयू, लालू प्रसाद नीत राजद, कांग्रेस और तीन वाम दल शामिल है।


राजकोट में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## टीएमसी के विधायक माणिक भट्टाचार्य गिरफ्तार

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती में अनियमितताओं के मामले में मंगलवार तड़के तृणमूल कांग्रेस के विधायक माणिक भट्टाचार्य को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माणिक से रातभर पूछताछ करने के बाद उन्हें तड़के गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भट्टाचार्य को कथित तौर पर जांच में सहयोग नहीं करने पर गिरफ्तार किया गया है। एजेंसी के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, भट्टाचार्य को पूछताछ के दौरान जांचकर्ताओं के साथ सहयोग न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उनसे पूछताछ सोमवार दोपहर को शुरू की गई थी। उन्होंने जांचकर्ताओं को गुमराह करने की कोशिश भी की। माणिक भट्टाचार्य नादिया जिले के पलाशिपारा के विधायक हैं। इससे पहले, उच्चतम न्यायालय ने भट्टाचार्य को मामले की जांच कर रहे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गिरफ्तार किए जाने से संरक्षण प्रदान किया था। ईडी इस कथित घोटाले में पैसे के लेन-देन की जांच कर रही है, जबकि सीबीआई भर्ती में की गई कथित अनियमितताओं की जांच कर रही है।

## शीर्ष अदालत ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को रखा बरकरार

### ● कलकत्ता विश्वविद्यालय कुलपति मामला

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को मंगलवार को बरकरार रखा, जिसमें सोनाली चक्रवर्ती बनर्जी की कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में फिर से नियुक्ति को रद्द कर दिया गया था। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की एक पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय का आदेश कानूनी व तथ्यात्मक रूप से सही है और इसमें हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। अदालत ने कहा कि राज्य पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के अनुमोदन की आवश्यकता वाले खंड को समाप्त नहीं कर सकता। राज्यपाल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 13 सितंबर को कलकत्ता विश्वविद्यालय की कुलपति के तौर पर सोनाली चक्रवर्ती की पुनर्नियुक्ति को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार ऐसा करना पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। विश्वविद्यालय के एक पूर्व छात्र की जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए उच्च न्यायालय ने कहा था कि 27 अगस्त 2021 को विशेष सचिव द्वारा जारी किया सरकारी आदेश कानूनी रूप से सही नहीं है। पूर्व छात्र ने कुलपति की नियुक्ति को अदालत में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने कहा था कि कलकत्ता विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा आठ या फिर इस कानून की संबंधित धारा 60 के तहत कुलपति की नियुक्त करना या पुनर्नियुक्त करना राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

सोनाली चक्रवर्ती बनर्जी को 28 अगस्त 2017 को चार वर्ष के लिए कलकत्ता विश्विद्यालय की कुलपति नियुक्त बनाया गया था और उनका कार्यकाल 27 अगस्त 2021 को खत्म हो गया था। उनका कार्यकाल तीन महीने के लिए बढ़ाते हुए कहा गया था कि चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद के बाद उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए कुलपति की नियुक्ति की जाएगी। इसके बाद एक अधिसूचना जारी की गई कि बनर्जी को 28 अगस्त 2021 से अगले चार साल के लिए फिर कुलपति नियुक्त किया गया है। इस अधिसूचना पर पश्चिम बंगाल के उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव के हस्ताक्षर थे और इस पर 27 अगस्त 2021 की तारीख दर्ज थी।

## संघ प्रमुख भागवत का विंध्याचल दौरा आज

**मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत बुधवार को मिर्जापुर के महुवारी कला विंध्याचल में स्थित देवरहा बाबा आश्रम जाएंगे। आश्रम के न्यासी अतुल कुमार सक्सेना ने मंगलवार को बताया कि आधिकारिक कार्यक्रम के मुताबिक भागवत बुधवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे वाराणसी से सड़क मार्ग से देवरहा बाबा आश्रम पहुंचेंगे और शाम चार बजे तक वहीं रहेंगे। उन्होंने बताया कि संघ प्रमुख भगवान हनुमान को 51 मन लड्डू चढ़ाएंगे और विंध्याचल से आए पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच वह आश्रम में पूजा भी करेंगे। सक्सेना ने बताया कि बाबा देवरहा ने अखण्ड भारत के निर्माण की प्रतिज्ञा की थी और भागवत की यह आश्रम यात्रा बाबा की प्रतिज्ञा को समर्थन देने जैसा होगा। उन्होंने बताया कि भागवत शाम चार बजे सड़क मार्ग से प्रयागराज के लिए रवाना हो जाएंगे।

## उत्तराखंड के मंत्री सौरभ बहुगुणा की हत्या की साजिश के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

### ● मुख्य आरोपी हीरा सिंह ने जेल में रहते हुए कथित तौर पर तैयार किया था प्लान

### ● मंत्री के आवास की सुरक्षा बढ़ाई गई

भाषा। देहरादून

**उत्तराखंड** पुलिस ने राज्य के पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा की हत्या की साजिश रचने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है तथा मंत्री के आवास पर सुरक्षा बढ़ा दी है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनमें मुख्य आरोपी हीरा सिंह शामिल है जिसने जेल में रहते हुए ही मंत्री की हत्या की कथित तौर पर साजिश रची। वह अपने जेल जाने तथा अवैध खनन गतिविधि बंद कराने के लिए बहुगुणा को जिम्मेदार मानता है। पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा के पुत्र सौरभ बहुगुणा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मंत्रिमंडल के युवा सदस्यों में से एक हैं। अधिकारियों ने बताया कि हीरा सिंह पर सतनाम सिंह उर्फ सत्ता, हरभजन सिंह और मोहम्मद अजीज उर्फ गुड्डू के साथ मिलकर मंत्री पर हमले की साजिश रचने का आरोप है। सर्किल अधिकारी ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि चारों आरोपियों को बहुगुणा के प्रतिनिधि तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता उमाशंकर दुबे की शिकायत पर उधम सिंह नगर जिले में सितारगंज से सोमवार को गिरफ्तार किया गया। उन्हें एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शर्मा ने बताया कि हीरा सिंह ने जमानत पर रिहा होने के बाद हरभजन के जरिए शूटर मोहम्मद अजीज उर्फ गुड्डू को घटना को अंजाम देने के लिए सतनाम सिंह को 5.70 लाख रुपए दिए थे। उन्होंने बताया कि गुड्डू के पास से 2.70 लाख रुपए बरामद किए गए हैं और हीरा सिंह की कार भी जब्त की गई है। मुख्यमंत्री धामी ने स्थिति की समीक्षा के लिए पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार के साथ एक बैठक की। देहरादून में मंत्री के आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उनके आवास के प्रवेश द्वार पर एक मेटल डिटेक्टर लगाया गया है और सादे कपड़ों में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।

## दो न्यायाधीशों को पदोन्नति कर बनाया गया मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** बंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पी. बी. वराले को मंगलवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया, जबकि न्यायमूर्ति ए. एम. माग्रे को जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति माग्रे अभी जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं। जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्तल को राजस्थान उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। विधि मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट किया, संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार न्यायमूर्ति पंकज मित्तल को मुख्य न्यायाधीश के तौर पर ही राजस्थान उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किया गया है। न्यायमूर्ति पी. बी. वराले को कर्नाटक उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति ए. एम. माग्रे को जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है।

## सीबीआई ने पूर्व केंद्रीय मंत्री के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता ए. राजा के केंद्रीय मंत्री रहते हुए कथित तौर पर आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक 5.53 करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित करने के मामले में उनके खिलाफ एक आरोप पत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने बताया कि चेन्नई में सीबीआई की विशेष अदालत में दाखिल आरोप पत्र में एजेंसी ने आरोप लगाया कि राजा के करीबी सहयोगी सी. कृष्णमूर्ति ने जनवरी 2007 में कोवई शेल्टर्स प्रोमोटर्स कंपनी बनाई और उस साल फरवरी में कांचीपुरम में एक जमीन खरीदने के लिए कमीशन के तौर पर गुरुग्राम की एक रियल एस्टेट कंपनी से उसे 4.56 करोड़ रुपए की रकम मिली। उन्होंने बताया कि ऐसा आरोप है कि यह रकम जमीन सौदे के लिए नहीं मिली बल्कि राजा के केंद्रीय मंत्री रहने के दौरान रियल एस्टेट कंपनी को इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी का दर्जा देने के बदले में मिली। सीबीआई ने आरोप लगाया कि राजा ने मंत्री पद पर रहने के दौरान 5.53 करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित की, जिसमें उस कंपनी को मिली 4.56 करोड़ रुपए की रकम भी शामिल है जिसमें उनके करीबी रिश्तेदार निदेशक थे। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने आरोप लगाया कि राजा की आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति उनकी आधिकारिक संपत्ति से 579 प्रतिशत अधिक है। सीबीआई ने 2015 में राजा तथा 16 अन्य लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया था, जिसमें उनका भतीजा परमेश, पत्नी परमेश्वरी, उनके सहायक कृष्णमूर्ति और राजा के कथित सहयोगी सादिक बाशा की पत्नी शामिल है। बाशा ने आत्महत्या कर ली थी। सीबीआई ने 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन मामले के संबंध में भी पूर्व दूरसंचार मंत्री राजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था लेकिन एक विशेष अदालत ने उन्हें बरी कर दिया था क्योंकि एजेंसी उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई भी आरोप साबित नहीं कर पाई थी।

## असम में 45 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की हेरोइन बरामद

**करीमगंज (असम)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और असम पुलिस के एक संयुक्त दल ने मंगलवार को करीमगंज जिले में एक ट्रक से 45 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की हेरोइन बरामद की। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रक जब मिजोरम से करीमगंज होते हुए त्रिपुरा जा रहा था, तभी मंगलवार तड़के न्यू करीमगंज रेलवे स्टेशन के निकट उसे रोक लिया गया। अधिकारी ने बताया कि विशिष्ट सूचना के आधार पर बीएसएफ और करीमगंज पुलिस के कर्मियों ने ट्रक को रोका और साबुन के 764 डिब्बों में रखी हेरोइन बरामद कर ली। उन्होंने बताया कि हेरोइन का वजन करीब 9.47 किलोग्राम है और इसकी अनुमानित कीमत 47.4 करोड़ रुपए है।अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

## कांग्रेस ने कर्नाटक के मंत्री सोमशेखर को बर्खास्त करने की मांग की

भाषा। हिरियूर (कर्नाटक)

**कांग्रेस** ने कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मंत्री एस. टी. सोमशेखर को बर्खास्त करने की मंगलवार को मांग की। उच्चतम न्यायालय के 12 करोड़ रुपए की रिश्वत लेने के मामले में दर्ज प्राथमिकी पर रोक लगाने की सोमशेखर की याचिका खारिज करने के बाद कांग्रेस ने यह मांग की। कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी की कर्नाटक इकाई के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई से सवाल किया कि वह सहकारिता राज्य मंत्री को कब बर्खास्त करेंगे। सोमशेखर ने 2018 में कांग्रेस की टिकट पर यशवंतपुर विधानसभा से चुनाव जीता था, लेकिन बाद में दलबदल कर भाजपा में शामिल हो गए और 2019 में उसकी टिकट पर उपचुनाव जीता। सुरजेवाला ने ट्वीट किया, घटनाक्रम- बीडीए का एक ठेके देने में 12 करोड़ रुपए की रिश्वत लेने का आरोप। लोकायुक्त पुलिस ने 18 सितंबर 2022 को मंत्री एस. टी. सोमशेखर और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। उच्चतम न्यायालय ने प्राथमिकी पर रोक लगाने की याचिका को खारिज किया। बसवराज बोम्मई जी आप उन्हें कब बर्खास्त करेंगे? उच्चतम न्यायालय ने बैंगलोर विकास प्राधिकरण (बीडीए) निर्माण परियोजना से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में दर्ज प्राथमिकी के खिलाफ सोमशेखर, आईएएस अधिकारी जी.सी. प्रकाश और व्यापारी के. रवि द्वारा अलग-अलग याचिकाओं पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया था। अदालत ने इससे पहले प्राथमिकी के सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा के खिलाफ जांच पर रोक लगा दी थी। यह मामला एदियुरप्पा के मुख्यमंत्री कार्यकाल का है। एक निर्माण कंपनी को बीडीए का ठेका देने के लिए उससे रिश्वत लेने का आरोप है।

## तमिलनाडु के राज्यपाल आरएसएस की भाषा बोल रहे हैंः द्रमुक

भाषा। चेन्नई

**तमिलनाडु** के राज्यपाल आर.एन. रवि के एक बयान पर सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) ने पलटवार करते हुए कहा कि वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की भाषा बोल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल ने सोमवार को बयान दिया था कि द्रविड़ अवधारणा के तहत सभी दक्षिणी राज्य आते हैं, लेकिन विभाजनकारी राजनीति के कारण अब यह तमिल पहचान बनकर रह गया है।

द्रमुक ने राज्यपाल के इस बयान को सिरे से खारिज कर दिया है। हालांकि, विपक्षी दल ऑल इंडिया द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने राज्यपाल के नजरिए का समर्थन करते हुए कहा कि द्रविड़ उत्पत्ति के तहत पांच दक्षिणी राज्यों का भोगौलिक दायरा आता है, लेकिन द्रमुक अपना हित साधने के लिए इस पर राजनीति कर रही है। राजभवन में यहां सोमवार को आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत-कनेक्टिंग इंडिया के उद्घाटन पर राज्यपाल ने कहा था कि भारत देश को दिया गया एक नाम है। उन्होंने कहा, इस देश को समझने के लिए किसी व्यक्ति को पहले भारत को समझना पड़ेगा, जिसकी हजारों वर्षों की सभ्यता हमें गौरवान्वित करती है। राज्यपाल ने कहा कि केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से आकर तमिलनाडु में आकर रहने वाले लोगों को लंबे समय तक पड़ोसी राज्य से आया प्रवासी कहा गया। उन्होंने कहा कि राजनीति ने हमें विभाजित कर दिया। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर जब हम द्रविड़ कहते हैं, तो इसके अंतर्गत ए सभी चार राज्य भी आते हैं। राज्यपाल के बयान को खारिज करते हुए द्रमुक के वरिष्ठ नेता और पार्टी के संगठन सचिव आरएस भारथी ने से कहा कि वह (रवि) राज्यपाल की तरह व्यवहार नहीं कर रहे, बल्कि वह आरएसएस की भाषा बोल रहे हैं। राज्यपाल के बयान का समर्थन करते हुए अन्नाद्रमुक के प्रदेश संयुक्त सचिव आरएम बाबू मुरुगावेल ने कहा कि लोगों का विस्थापन और उनका तमिलनाडु में बसना कई कारणों से हुआ। मुरुगावेल ने कहा, मैं तमिल हूं। कोई तेलुगू, कन्नड़ है या फिर केरल का है, लेकिन हम सभी द्रविड़ मूल के हैं। किसी पार्टी को मुझे मेरे मूल के बारे में याद दिलाने की जरूरत नहीं है। भारतीय जनता पार्टी की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. अन्नामलाई ने द्रमुक से कहा कि वह भाषा और तमिल गौरव का मुद्दा लोगों पर छोड़ दें और अपने चुनावी वादों को पूरा करने पर ध्यान दें।


उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहुंचे केदारनाथ धाम दर्शन पूजन करने

## पर्चा भरने से महज 18 घंटे पहले मुझे चुनाव लड़ने को कहा गया: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव

भाषा। पटना

**कांग्रेस** अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि उन्हें नामांकन पत्र दाखिल करने से 18 घंटे पहले पार्टी के शीर्ष पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए कहा गया था। पार्टी के साथ अपने दशकों लंबे जुड़ाव को गर्व से याद करते हुए खरगे ने रेखांकित किया कि उन्होंने इस विचार के साथ मैदान में प्रवेश किया है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को पदभार संभालना चाहिए था। बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा, मुझे नामांकन पत्र दाखिल करने से 18 घंटे पहले पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए कहा गया था। जब मैंने पूछा कि मुझे मैदान में उतरने के लिए क्यों कहा जा रहा है तो मुझे पता चला कि राहुल गांधी नहीं चाहते कि उनके परिवार का कोई सदस्य पार्टी के शीर्ष पद पर आसीन हो। व्यापक रूप से कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए पार्टी के पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे खरगे ने कहा, मुझे विश्वास है कि पार्टी को राहुल गांधी और उनके नेतृत्व की आवश्यकता है। उन्हें फिर से पार्टी अध्यक्ष बनना चाहिए था। लेकिन मैं उनकी भावनाओं के बड़प्पन का सम्मान करता हूं। ऐसा माना जाता है कि गांधी ने कांग्रेस में एक ही परिवार का शासन के भाजपा के आरोप को कुंद करने के लिए पार्टी अध्यक्ष नहीं बनने का निर्णय लिया है। खरगे ने दोहराया कि अगर उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाता है तो उनकी प्राथमिकता उदयपुर घोषणा को लागू करना होगा जिसमें 50 साल से कम उम्र के लोगों को चुनावों में 50 प्रतिशत टिकट दिया जाना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि मई, 2022 में राजस्थान में कांग्रेस द्वारा आयोजित चिंतन शिविर में अपनाए गए उदयपुर घोषणा में कई प्रस्ताव शामिल हैं। खरगे ने अपने प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें अपना घोषणापत्र जारी करने या मीडिया में बहुत अधिक साक्षात्कार देने की कोई आवश्यकता नहीं है। तिरुवनंतपुरम से पार्टी सांसद थरूर भी चुनाव मैदान में हैं और वह लगातार अपने पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। खरगे ने कहा, यह चुनाव घर की बात की तरह है। मैं यहां एक भूमिका निभाने के लिए हूं लेकिन ऐसी कई चीजें हैं जो मैं सार्वजनिक रूप से नहीं कहना चाहूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस संविधान को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है जिस पर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा कथित रूप से हमला किया जा रहा था।

## बीएसएफ ने दो पाक मछुआरों को पकड़ा

**अहमदाबाद (गुजरात)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुजरात में कच्छ जिले के तट पर भारत-पाकिस्तान सीमा के समीप एक क्रीक इलाके से दो पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा है।बीएसएफ ने मंगलवार को बताया कि जिले के नालिया में वायु सेना स्टेशन ने सोमवार पूर्वाह्न 11 बजकर 40 मिनट पर मानवरहित वायु यान का इस्तेमाल कर हरामी नाला के एक क्षेत्र में मछुआरों और मछली पकड़ने की छह नौकाएं देखी। बीएसएफ ने एक बयान में कहा कि वायु सेना स्टेशन ने इन नौकाओं की गतिविधियों की जानकारी फौरन बीएसएफ भुज को दी, जिसने इलाके में तुरंत एक विशेष अभियान चलाया। इसमें कहा गया है, भुज बीएसएफ ने 900 वर्ग किलोमीटर तक फैले हरामी नाला इलाके में तत्काल एक विशेष अभियान चलाया। अभी तक बीएसएफ कर्मियों ने दो पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा है बीएसएफ ने बताया कि मछुआरों की पहचान यासीन शेख और मोहम्मद शेख (25) के रूप में की गई है।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया सहयोग से स्वतंत्र व मुक्त हिंद-प्रशांत सुनिश्चित करने में मदद मिली

**भाषा।** सिडनी (ऑस्ट्रेलिया)



**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा व सुरक्षा सहयोग ने स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऑस्ट्रेलिया की दो दिवसीय यात्रा पर आए जयशंकर ने मंगलवार को कुछ समय ऑस्ट्रेलियाई सशस्त्र बलों के साथ बिताया। भारत, अमेरिका और कई विश्व ताकतें इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य मौजूदगी के बीच स्वतंत्र, मुक्त व संपन्न हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं।

जयशंकर ने एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ऑस्ट्रेलियाई सशस्त्र बलों के साथ सुबह सार्थक समय बिताया। हमारे रक्षा व सुरक्षा सहयोग ने स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चीन लगभग पूरे विवादित दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, हालांकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी इसके कुछ हिस्सों पर अपना दावा करते हैं। चीन ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान भी स्थापित किए हैं।ऑस्ट्रेलिया की अपनी समकक्ष पेनी वोंग के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में सोमवार को जयशंकर ने कहा था कि उनके साथ द्विपक्षीय व वैश्विक मुद्दों पर बेहद सार्थक व सहज बातचीत की। वहीं वोंग ने कहा था कि भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों का मानना है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र को आर्थिक व रणनीतिक दोनों रूप से एक नया आकार दिया जा रहा है और इसमें भारत के साथ साझेदारी अहम है।

उन्होंने कहा था, हम भारत और ऑस्ट्रेलिया की साझेदारी के साथ-साथ दूसरों के साथ काम करके ही इस क्षेत्र का वैसा निर्माण कर सकते हैं, जैसा हम चाहते हैं। इस क्षेत्र को जो हम आकार देना चाहते हैं उसमें यह साझेदारी महत्वपूर्ण है। विदेश मंत्री के स्वागत में रविवार को ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा शहर में पुराने संसद भवन को तिरंगे की रोशनी में सजाया गया था।यह जयशंकर की ऑस्ट्रेलिया की दूसरी यात्रा है। इससे पहले वह फरवरी 2022 में क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने मेलबर्न आए थे।क्वाड एक चार पक्षीय सुरक्षा वार्ता है, जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

## इजराइल ने लेबनान के साथ समुद्री समझौते का ऐलान किया, लेकिन संशय बरकरार

**एपी।** यरूशलम

**इज़राइल के** प्रधानमंत्री एर लापिद ने मंगलवार को ऐलान किया कि उनके देश ने अमेरिका की मध्यस्थता में महीनों तक चली बातचीत के बाद पड़ोसी लेबनान के साथ साझा समुद्री सीमा को लेकर एक ऐतिहासिक समझौता किया है। लेकिन इस समझौते को लेकर संशय बरकरार है। इस समझौते को अब भी कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें इजराइल से जुड़ी अहम कानूनी और राजनीतिक चुनौतियां शामिल हैं। उधर, लेबनान से अभी इस बात की पुष्टि नहीं की है कि दोनों देशों के बीच समझौता हो गया है। इस समझौते के मूल में पूर्वी भूमध्यसागर क्षेत्र में समुद्र के नीचे उपलब्ध प्राकृतिक गैस के भंडार पर दोहन का अधिकार है।

एक इज़राइली अधिकारी ने नाम नहीं उजागर करने की शर्त पर कहा कि इस सौदे को इज़रायली सुरक्षा कैबिनेट में ले जाया जाएगा और बुधवार को इसे पूरी कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा। इसके बाद इसे संसद के समक्ष 14 दिनी समीक्षा के लिए रखा जाएगा। समीक्षा के बाद अंतिम मंजूरी देने के लिए कैबिनेट की फिर से बैठक बुलाई जाएगी। एक नवंबर को आम चुनाव का सामना करने जा रहे इज़रायल में यह पूरी प्रक्रिया तीन हफ्ते से कम समय में पूरी हो जाएगी। लेकिन इस बात की गारंटी नहीं है कि समझौते को मंजूर मिल जाएगी प्रधानमंत्री लापिद ने समझौते को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह समझौता इज़राइल की सुरक्षा को मजबूत करेगा, इज़राइल की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा पहुंचाएगा और हमारी उत्तरी सीमा में स्थिरता सुनिश्चित करेगा। यह एक दुर्लभ समझौता है, क्योंकि दोनों देश एक-दूसरे के कट्टर विरोधी हैं और इनके बीच कोई राजनयिक संबंध तक नहीं है। इज़राइल के 1948 में अस्तित्व में आने के बाद से ही उसके और लेबनान के बीच समुद्री सीमा को लेकर विवाद है।

## क्विक न्यूज

### पूर्वोत्तर अफ्गानिस्तान में 5.1 की तीव्रता के झटके: तालिबान

**इस्लामाबाद (एपी)।** पूर्वोत्तर अफ्गानिस्तान में मंगलवार को 5.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया जिससे बदखशन प्रांत की राजधानी फैजाबाद में झटके महसूस किए गए। तालिबान के एक अधिकारी ने जानकारी दी। तालिबान समाचार एजेंसी बख्तार के निदेशक अब्दुल वाहिद रयान ने कहा कि भूकंप का केंद्र शाघनन जिले में था और इसे प्रांत के अन्य हिस्सों में भी महसूस किया गया। हालांकि, उनके पास किसी तरह के जान-माल के नुकसान की जानकारी नही थी। हालांकि स्थानीय मीडिया ने बताया कि भूकंप के झटके 350 किलोमीटर दूर स्थित उत्तर के बल्ख प्रांत में भी महसूस किए गए। गत जून में एक शक्तिशाली भूकंप के कारण अफ्गानिस्तान की मुसीबत बढ़ गई थी। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के मुताबिक जून के भूकंप में 770 लोगों की मौत हुई थी, हालांकि तालिबान ने बताया था कि इसमें।,150 लोगों की मौत हुई थी।

### हांगकांग ने रूसी कारोबारी के स्वामित्व वाली सुपरयाट पर अमेरिकी प्रतिबंध नहीं माना

**हांगकांग (एपी)।** हांगकांग के नेता जॉन ली ने मंगलवार को कहा कि वह केवल संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को लागू करेंगे। इससे पहले अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि अगर हांगकांग प्रतिबंधित व्यक्तियों के लिए पनाहगाह बना रहा तो उसके वित्तीय केंद्र का दर्जा खतरे में पड़ सकता है। ली का बयान मंगलवार को तब आया जब कुछ दिन पहले रूसी कारोबारी एलेक्सी मोरदाशोव की एक आलीशान याट (नौका) शहर के तट पर रुकी। मोरदाशोव को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का करीबी माना जाता है और फरवरी में यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद उन पर अमेरिका, ब्रिटेन तथा यूरोपीय संघ ने प्रतिबंध लगाया था। हांगकांग के अधिकारियों ने कहा है कि वे अन्य सरकारों द्वारा लगाए गए एकतरफा प्रतिबंध को लागू नही कर सकते है।ली ने पत्रकारों से कहा, हम ऐसा कुछ नही कर सकते है जिसका कोई कानूनी आधार नही हो। हम संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को मानेंगे, यही हमारा तंत्र है। अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि प्रतिबंधित व्यक्तियों द्वारा हांगकांग की धरती को पनाहगाह के रूप में इस्तेमाल करना कारोबारी माहौल की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है। विदेश विभाग के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून और मानकों के अनुपालन पर निर्भरता से वित्तीय केंद्र के तौर पर शहर की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है।

### अमेरिका के न्यूजर्सी में गांधी संग्रहालय खोला गया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में न्यूजर्सी के अटलांटिक शहर में महात्मा गांधी के जीवन और उनके संदेशों को समर्पित एक संग्रहालय का उद्घाटन किया गया। इस संग्रहालय का उद्घाटन पिछले सप्ताहांत किया गया, जिसमें न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत रणधीर जायसवाल सहित भारतीय अमेरिकी समुदाय के कई प्रभावशाली सदस्यों ने हिस्सा लिया।इस संग्रहालय को न्यू जर्सी स्थित गांधियन सोसाइटी ने आदित्य बिड़ला समूह के साथ मिलकर बनाया है। यह राष्ट्रपिता को समर्पित अमेरिका में पहला संग्रहालय है।एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह संग्रहालय मार्टिन लूथर किंग फाउंडेशन के साथ संभवतः भागीदारी करेगा, जिसमें आधुनिक युग के दो सबसे महान लोगों के जीवन और उनके संदेशों को प्रदर्शित किया जाएगा। जायसवाल ने यह संग्रहालय खोलने के लिए गांधियन सोसाइटी और बिड़ला समूह की सराहना की।

### पाक ने कश्मीर को लेकर मोदी की टिप्पणी को खारिज किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने गुजरात में एक जनसभा के दौरान कश्मीर के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को मंगलवार को खारिज कर दिया। पाकिस्तान ने कहा कि मोदी का यह तर्क कि उन्होंने किसी तरह,`कश्मीर मुद्दे का समाधानै किया है, न केवल गलत और भ्रामक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि भारतीय नेतृत्व जमीनी हकीकत से कितना बेखबर है। गुजरात के आणंद जिले में सोमवार को एक रैली को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अन्य रियासतों के विलय से संबंधित मुद्दों को हल कर दिया था लेकिन एक व्यक्ति कश्मीर मुद्दे को नही सुलझा सका। उन्होंने कहा, मै चूंकि सरदार साहब के नक्शे कदम पर चलता हूं, मुझ में सरदार पटेल की भूमि के मूल्य हैं और यही कारण है कि मैने कश्मीर की समस्या का समाधान किया और सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय (एफओ) ने मोदी की टिप्पणी को साफ तौर पर खारिज कर दिया और कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री का`हास्यास्पद तर्क है कि उन्होंने किसी तरह, कश्मीर मुद्दे को हल किया , यह न सिर्फ गलत और भ्रामक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि भारतीय नेतृत्व जम्मू-कश्मीर में जमीनी हकीकत से कितना बेखबर हो गया है। एफओ ने एक बयान में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर अंतरराष्ट्रीय तौर पर पहचाने जाना वाला विवाद है जिसका समाधान 1948 से संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे में रहा है।

## एएमयू के अग्रणी शिक्षाविद को यूएई में मिला अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

**दुबई।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के प्रमुख शिक्षाविद प्रोफेसर वज़ाहत हुसैन को पारंपरिक, पूरक और वैकल्पिक चिकित्सा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। एएमयू के वनस्पति विज्ञान के प्रमुख पद से सेवानिवृत्त हुए हुसैन को सोमवार को एक कार्यक्रम में द्वितीय शेख ज़ायद अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम ज़ायद चेरिटेबल एवंड ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशन की ओर से आयोजित किया गया था। फाउंडेशन की वेबसाइट के मुताबिक, वह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्थित गैर सरकारी व गैर लाभकारी संगठन है जो जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए श्रम बल के विकास में निवेश करता है। उसमें कहा गया है कि इस पुरस्कार का उद्देश्य विश्व स्तर पर पारंपरिक पूरक और वैकल्पिक चिकित्सा (टीसीएएम) के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों और यूएई के टीसीएएम चिकित्सकों के योगदान को रेखांकित करना है।

## कुर्द इलाकों में ईरानी बलों ने फिर तेज की कार्रवाई

**एपी।** दुबई

**ईरान में** 22 वर्षीय युवती की मौत के विरोध में जारी प्रदर्शन को कुचलने के लिए सरकारी बलों ने देश के कुर्द क्षेत्रों में मंगलवार को अपनी कार्रवाई तेज कर दी। नैतिकता के नाम पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने युवती महसा अमीनी को पकड़ा था और हिरासत में ही उसकी मौत हो गई थी। दंगा रोधी पुलिस ने ईरान के कुर्दिस्तान प्रांत की राजधानी सानंदाज में गोलीबारी की। वहीं एमनेस्टी इंटरनेशनल और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने महसा अमीनी की मौत के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों को निशाना बनाने के लिए ईरान की निंदा की है।

इस बीच, तेल कंपनियों में काम करने वाले कुछ लोगों ने भी सोमवार को दो प्रमुख रिफाइनरी परिसरों में विरोध-प्रदर्शन किया। ईरान की सरकार ने लगातार यह दावा किया है कि अमीनी के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं किया गया, जबकि उनके परिवार का कहना है कि उसके शरीर पर चोट व पिटाई के निशान थे। अमीनी को हिजाब सही तरीके से न पहनने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। अमीनी की मौत के बाद ईरान में प्रदर्शन शुरू हुए। प्रदर्शन के सामने आए कुछ वीडियो में सुरक्षा बलों द्वारा महिला प्रदर्शनकारियों को पीटते और धक्का देते हुए देखा जा सकता है। इनमें वे महिलाएं भी शामिल हैं जिन्होंने अपना हिजाब उतार दिया था। ईरान में हिजाब पहनना अनिवार्य है। अधिकारियों के इंटरनेट पर रोक लगाने के बावजूद राजधानी तेहरान और अन्य जगहों के वीडियो ऑनलाइन प्रसारित हो रहे हैं। सोमवार को एक वीडियो में विश्वविद्यालय और हाई स्कूल के छात्रों को प्रदर्शन तथा नारेबाजी करते हुए देखा गया। कुछ महिलाएं व लड़कियां बिना सिर ढके सड़कों पर मार्च करती नजर आईं। ईरान 2009 के हरित आंदोलन के बाद से इन प्रदर्शनों के जरिए ईरान के धर्मतंत्र के खिलाफ सबसे बड़ी चुनौती पेश की गई है। न्यूयॉर्क स्थित सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स ने एक वीडियो साझा किया जिसमें सानंदाज में सुरक्षा बल के कर्मी मोटरसाइकिल पर चक्कर लगाते नजर आ रहे हैं।




बूचारेस्ट में रूसी दूतावास के बाहर यूक्रेनी व उनके समर्थक रूस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए

## उत्तर कोरिया की मिसाइलों को मार गिराने में सक्षम हैं: दक्षिण कोरिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने मंगलवार को कहा कि वह उत्तर कोरिया द्वारा हाल में छोड़ी गई विभिन्न मिसाइलों का पता लगाने और उन्हें मार गिराने में समक्ष है। साथ ही उसने पड़ोसी देश के परमाणु कार्यक्रम को गंभीर सुरक्षा खतरा बताया।उत्तर कोरिया ने अपने विरोधियों पर परमाणु हमले के प्रतीकात्मक रूप में हाल में कई मिसाइलें छोड़ी। उत्तर कोरिया ने सोमवार को कहा कि मिसाइलें छोड़ने के उसके दो हफ्तों के अभ्यास में दक्षिण कोरिया तथा अमेरिका के ठिकानों पर संभावित हमले में परमाणु क्षमता से संपन्न बैलिस्टिक मिसाइल, युद्धक विमान और अन्य हथियार शामिल रहे।

उत्तर कोरिया ने कहा है कि हाल में किए गए उसके कई सारे मिसाइल प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया और अमेरिका के लिए एक स्पष्ट चेतावनी थे। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने अमेरिका के साथ मिलकर देश की सुरक्षा को मजबूत बनाने के संकल्प को दोहराया।

## भारत-चीन के बीच सीधी उड़ानें फिलहाल फिर शुरू होने की संभावना नहीं

**भाषा।** बीजिंग

**कोविड-19** महामारी संबंधी नियमों में बदलाव के बिना भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानों का संचालन फिलहाल फिर से शुरू होने की संभावना नहीं है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। वर्ष 2019 के अंत में वुहान में पहली बार कोविड-19 संक्रमण और बाद में दुनियाभर में इसके फैलने के बाद से दोनों देशों के बीच उड़ान सेवाएं बाधित हैं। महामारी संबंधी प्रतिबंधों के कारण सैकड़ों भारतीय छात्र, चीन में काम करने वाले भारतीयों के परिवारों और व्यापारियों के लिए उड़ान में व्यवधान एक बड़ी समस्या बन गया है। चीन ने हालांकि हाल में लगभग तीन साल बाद वीजा प्रतिबंध हटा लिया है। सूत्रों ने यहां बताया कि उड़ानों के फिर से शुरू नहीं होने की संभावना को देखते हुए भारतीयों को हांगकांग से यात्रा करने की सलाह दी जा रही है। भारत और हांगकांग के बीच दैनिक उड़ान सेवाओं का संचालन हो रहा है। ऐसी स्थिति में भारतीय हांगकांग से चीन के शहरों के लिए उड़ान भर सकते हैं, जहां उन्हें सात दिन तक पृथकवास(क्वारंटाइन) में रहना होगा। भारतीय यात्री चीन के लिए फिलहाल श्रीलंका, नेपाल और म्यांमार जैसे देशों से यात्रा कर रहे हैं। चीन ने वर्ष 2020 में लगभग सभी देशों से उड़ान सेवाएं बंद कर दीं थी। हाल के महीनों में चीन ने दक्षिण एशियाई देशों नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान समेत कुछ देशों से सीमित उड़ान सेवाओं की अनुमति देना शुरू कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि भारत और चीन सीमित उड़ान सेवाओं को फिर से शुरू करने के लिए कई महीनों से बातचीत कर रहे हैं। लेकिन कोविड संक्रमित यात्री मिलने पर उड़ान रद्द करने से संबंधित चीन के नियम के कारण सीधी उड़ानों का संचालन शुरू नहीं हो रहा है।

# भारत-अमेरिका के बीच ऊर्जा सहयोग की अपार संभावनाएं: हरदीप पुरी

**भाषा।** ह्यूस्टन



**पेट्रोलियम एवं** प्राकृतिक गैस तथा शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि जैव ईंधन, हरित हाइड्रोजन, पेट्रोरसायन और उत्पादन के क्षेत्रों में भारत तथा अमेरिका के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। पुरी ने कहा कि भारत और अमेरिका ने सहयोग के ठोस क्षेत्रों पर फैसला किया है। पुरी ने ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत असीम महाजन द्वारा उनके आवास पर आयोजित एक स्वागत समारोह में आमंत्रित मेहमानों से कहा, भारत दुनिया के किसी भी दूसरे देश की तुलना में हरित ऊर्जा को अपनाने के लिए अधिक जागरूक है। हरित हाइड्रोजन, जैव ईंधन सम्मिश्रण और वैकल्पिक स्रोतों से जैव ईंधन की खोज और उत्पादन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पुरी ने कहा, 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच हस्ताक्षरित रणनीतिक हरित ऊर्जा साझेदारी के तहत हमने चार सहमति पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, और ए समझौते ठोस क्षेत्रों से संबंधित हैं, जहां भारतीय और अमेरिकी कंपनियां साथ मिलकर काम करेंगी। उन्होंने सोमवार को ह्यूस्टन में अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के लिए विशेष सीबीएम (कोल सीम गैस) बोली दौर - 2022 की शुरुआत की।इसके साथ ही पुरी ने अपतटीय बोली दौर की शुरुआत की, जिसमें 26 ब्लॉकों की पेशकश की गई है।उन्होंने उद्योग जगत के लोगों को संबोधित करते हुए भारत में खोज और उत्पादन गतिविधियों में तेजी लाने के लिए सरकार द्वारा की गई पहल के बारे में बताया।पुरी ने भारत के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और आयात के बोझ को कम करने में कोल बेड मीथेन के महत्व पर भी अपने विचार रखे।भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है, और आने वाले वर्षों में यहां ऊर्जा मांग तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि गैस की मांग, कीमत और बढ़ते आयात बिल को देखते हुए घरेलू गैस का उत्पादन बेहद महत्वपूर्ण है।

## पाकिस्तान ने 27 अरब डॉलर के द्विपक्षीय ऋण को पुनर्गठित करने की कोशिश शुरू की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान विभिन्न देशों के करीब 27 अरब डॉलर के द्विपक्षीय ऋण को पुनर्गठित करने की कोशिश कर रहा है। पड़ोसी देश के वित्त मंत्री इशाक डार ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने पेरिस क्लब, बहुपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय सॉवरेन बांड के तहत अमीर पश्चिमी देशों से मिले अंतरराष्ट्रीय ऋण के पुनर्गठन को खारिज किया। उन्होंने साथ ही कहा, द्विपक्षीय ऋण का पुनर्गठन ठीक है। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक वित्त मंत्री ने कहा कि पेरिस क्लब के कर्ज का पुनर्गठन करने का कोई लाभ नहीं है, क्योंकि इन लेनदारों का कुल कर्ज, कुल विदेशी कर्ज के 11 फीसदी से अधिक नहीं है और एक साल में मिलने वाली कर राहत 1.2 अरब डॉलर से कम है। पाकिस्तान पर पेरिस क्लब के देशों का कुल 10.7 अरब अमेरिकी डॉलर बकाया है। डार ने कहा, जब हम बाहरी भुगतान के लिए 32-34 अरब अमेरिकी डॉलर की व्यवस्था करने जा रहे हैं, तो ऐसे में 1.2 अरब डॉलर कोई बड़ा मुद्दा नहीं है।

**KAMA HOLDINGS LIMITED**
KAMA Holdings
CIN : L92199DL2000PLC104779
**Registered Office:** The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi – 110091; **Corporate Office:** Block C, Sector 45, Gurgaon-122003
Tel. No : (+91-11) 49482870 • Fax : (+91-11) 49482900
Email: info@kamaholdings.com; Web.: www.kamaholdings.com

**NOTICE**

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company.

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. (from) | Dist-No. (to) | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SPP0004659 | Navin Jain | 5818 | 421229 | 421268 | 40 |
| 2 | SPP0003157 | Archana Saran<br>Anshumali Saran (Jt. Holder 1) | 3259 | 122134 | 122220 | 87 |
| 3 | SPP0005064 | Anshumali Saran<br>Smt Archana Saran (Jt. Holder 1) | 6288 | 445094 | 445145 | 52 |

Any person having any claim /objection in respect of the above requests should lodge such claim/objection with the company at its Corporate Office within 15 days of the publication of this notice, failing which the company will consider to give effect to the above requests.
Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

for **KAMA HOLDINGS LIMITED**
Sd/-
**EKTA MAHESHWARI**
WHOLE TIME DIRECTOR,CFO & COMPANY SECRETARY
Place : Gurugram
Date : 11.10.2022

## घरेलू हवाई यात्रियों की दैनिक संख्या कोविड-पूर्व स्तर के करीब पहुंचना अच्छा संकेत: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि घरेलू हवाई यात्रियों की दैनिक संख्या कोविड-पूर्व स्तर के करीब पहुंचना एक अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा कि सरकार देश में संपर्क सुविधा में सुधार पर ध्यान दे रही है। उल्लेखनीय है कि घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या नौ अक्टूबर को चार लाख पर पहुंच गई जो कोविड-पूर्व स्तर के लगभग है। महामारी से प्रभावित देश का नागर विमानन क्षेत्र पुनरुद्धार के रास्ते पर है। प्रधानमंत्री ने ट्विटर पर लिखा, यह अच्छा संकेत है। हमारा ध्यान देश में संपर्क सुविधा में सुधार करने पर है। यह रहन-सहन को सुगम बनाने और आर्थिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को ट्विटर पर लिखा था कि नौ अक्टूबर को देश में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या चार लाख पर पहुंच गई। घरेलू विमानन कंपनियों ने अगस्त में कुल 1.01 करोड़ यात्रियों को उड़ान सेवाएं दीं।

# वैश्विक चिंता से बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 844 अंक और टूटा

**भाषा।** मुंबई



**घरेलू शेयर** बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 844 अंक टूटकर बंद हुआ। विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के नीतिगत दर में वृद्धि के साथ कमजोर वैश्विक रुख और यूक्रेन में युद्ध तेज होने से धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 843.79 अंक यानी 1.46 प्रतिशत लुढ़ककर 57,147.32 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 257.45 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,983.55 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के तीस शेयरों में से इंडसइंड बैंक सबसे ज्यादा 3.70 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा नेस्ले इंडिया, टाटा स्टील, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, डॉ. रेड्डीज और एचयूएल प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, केवल दो शेयर... एक्सिस बैंक और एशियन पेंट्स 1.15 प्रतिशत तक के लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक स्तर पर जारी संकट के कारण उत्पन्न उठा-पटक को देखते हुए निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। साथ ही वे आर्थिक नरमी को लेकर भी चिंतित हैं। निवेशक मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले भी सतर्क हैं। इससे आईटी कंपनियों के बेहतर परिणाम आने शुरू होने का बाजार पर सकारात्मक असर दिखाई नहीं दिया। उन्होंने कहा कि हालांकि दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों की तुलना में, घरेलू बाजार में बिक्री आक्रामक नहीं है। एफआईआई जो बिकवाली कर रहे हैं, उसकी भरपाई काफी हद तक घरेलू संस्थागत निवेशक कर रहे हैं। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस ने सोमवार को कहा कि उसका शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत बढ़कर 10,431 करोड़ रुपए रहा। जबकि आय 18 प्रतिशत बढ़कर 55,309 करोड़ रुपए रही। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, भारतीय बाजार पर वैश्विक उतार-चढ़ाव का असर है। घरेलू निवेशक इससे बाहर निकलने की पूरी कोशिश कर रहे हैं लेकिन व्यापक स्तर पर उतार-चढ़ाव से कामयाब नहीं हो पा रहे।

## भारतीय मूल के बैंकर पर 1एमडीबी घोटाले के संबंध में 10 साल का प्रतिबंध

**सिंगापुर।** मलेशिया के पूर्व पीएम नजीब रजाक की कंपनी 1मलेशिया डेवलपमेंट बरहाद से जुड़े एक संदिग्ध लेनदेन की सूचना देने में विफल रहने के कारण भारतीय मूल के एक बैंकर पर 10 साल का प्रतिबंध लगाया गया है और 24 महीने की सशर्त चेतावनी जारी की गई है। सिंगापुर मौद्रिक प्राधिकरण और सिंगापुर पुलिस बल ने एक बयान में कहा कि बीएसआई बैंक लिमिटेड की सिंगापुर शाखा के पूर्व डिप्टी सीईओ और निजी बैंकिंग के प्रमुख राज श्रीराम पर प्रतिबंध लगाया गया। चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के अनुसार यह प्रतिबंध सोमवार से प्रभावी है और एमएएस ने जारी किया है। सशर्त चेतावनी एसपीएफ के वाणिज्यिक मामलों के विभाग ने जारी की है। निषेध आदेश के तहत श्रीराम को वित्तीय सलाहकार अधिनियम के तहत किसी भी तरह की वित्तीय सलाहकार सेवा देने या प्रबंधन में भाग लेने, निदेशक के रूप में कार्य करने या किसी भी वित्तीय सलाहकार फर्म के पर्याप्त शेयरधारक बनने से प्रतिबंधित किया।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुणाल गुप्ता/ नीलाभ गुप्ता- LBJAI00003429103/ LBJAI00003459574 | प्लॉट नंबर एस 106, एस 107, पहली मंज़िल, पिंक प्राइड, खसरा नंबर 9, ग्राम जयसिंहपुरा बास भांकरोटा, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, जयपुर- 303902/ अक्टूबर 07, 2022 | मई 30, 2022 रु. 22,63,882.00/- | जयपुर/ बूंदी/ फरीदाबाद |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : अक्टूबर 12, 2022**
**स्थान : फरीदाबाद**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर दो समुदायों में तनाव, 25 गिरफ्तार

भाषा। गोंडा

● पुलिस ने मामला दर्ज कर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले रिक्की मोदनवाल को गिरफ्तार कर लिया है, इसके साथ ही उसके घर पर हमला करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए अब तक करीब 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है

**गोंडा जिले** के खरगूपुर कस्बे में सोमवार को सोशल मीडिया पर समुदाय विशेष के विरुद्ध पोस्ट साझा करने को लेकर हुए उपद्रव के बाद पुलिस ने अब तक दोनों पक्षों के करीब 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

गोंडा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आकाश तोमर ने मंगलवार को बताया कि जिले के खरगूपुर के चौक बाजार में खाने-पीने की दुकान चलाने वाले रिक्की मोदनवाल ने सम्प्रदाय विशेष के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली थी। इससे नाराज होकर दूसरे संप्रदाय के सैकड़ों लोगों ने सोमवार देर रात रिक्की के घर पर हमला बोल दिया। एसपी के मुताबिक, इन लोगों ने नारेबाजी की और पथराव किया। सूचना पाकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे खरगूपुर के प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने किसी तरह लोगों को खदेड़कर स्थिति पर नियंत्रण किया। उन्होंने बताया कि इस बीच कस्बे में दोनों समुदायों के बीच तनाव बढ़ने लगा। जिला मुख्यालय पर सूचना मिलते ही सदर के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) विनोद कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी (सीओ) नगर, लक्ष्मी कांत गौतम भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराने की कोशिश किया लेकिन लोग उपद्रव पर आमादा रहे। अधिकारियों ने त्वरित कार्वाई के निर्देश दिए। तोमर बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले रिक्की मोदनवाल को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही उसके घर पर हमला करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्वाई करते हुए अब तक करीब 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# ग्रामोदय मेले में महिलाओं को लुभा रहे हैं बांस के आभूषण

संवाददाता। चित्रकूट

**ग्रामोदय मेले** में बांस से बने आभूषण महिलाओं के बीच आकर्षण का केन्द्र बन गए हैं। संध्या वर्मा मझगवां, सतना से बांस के आभूषण लेकर ग्रामोदय मेले में आई हैं। उनके स्टॉल पर बांस से निर्मित फर्नीचर और सजावटी सामग्री भी उपलब्ध है, लेकिन सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र हैं, बांस से बने गले के हार, कान की बाली, झुमके, अंगूठी और कंगन। गांव से आई महिलाएं ही नहीं, बल्कि देषभर से आईं अन्य महिलाएं भी बांस के आभूषण खरीदती दिखाई दीं।स्टॉल संचालक संध्या वर्मा ने बताया कि बांस का फर्नीचर और सजावटी सामान बहुत लोग बना रहे हैं, लेकिन बांस के आभूषण बनाने का काम काफी कम लोग कर रहे हैं। यही वजह है कि जितनी इनकी मांग है, उस हिसाब से उपलब्धता नहीं हो पाती है। सस्ते और सुंदर होने के कारण भी बांस के आभूषणों को अधिक पसंद किया जा रहा है। आधुनिक समय में यह कला काफी लोकप्रिय हो रही है।

## 'कम लागत में अच्छा मुनाफा'

सुश्री वर्मा ने बताया कि बांस के आभूषण बनाने के लिए अधिक लागत नहीं लगती है। हमारे समूह में पांच से दस लोग हैं, जो बांस के आभूषण बनाने में पारंगत हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने यह कला अपने पिताजी कैलाश वर्मा से सीखी है जो कि बांस के कुशल प्रशिक्षक भी है, उनके द्वारा बांस से निर्मित मकान भी तैयार किये जा रहे हैं, यह सब अपने आप में नायाब कारीगरी है।पचास रूपये में खरीदे गए एक बांस से आभूषण बनाकर पांच हजार रूपये तक कमाए जा सकते हैं। इस काम में नुकसान की आशंका नहीं होती है। कम प्रचार के कारण अभी इस तरह के आभूषणों का निर्माण काफी कम हो पा रहा है। लेकिन, भविष्य में यह काम बढ़ेगा, इसकी उम्मीद है।'दीनदयाल शोध संस्थान के तत्वाधान में आयोजित ग्रामोदय मेला में कृषि प्रदर्शनी के माध्यम से जैविक कृषि की विस्तृत जानकारी किसानों को दी जा रही है। यहाँ कृषि वैज्ञानिक उदाहरणों के माध्यम से बता रहे हैं कि जैविक पद्धति से खेती करने पर अधिक उपज प्राप्त होती है। यहाँ किसानों की समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। प्रदर्शनी का आयोजन कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों की ओर से किया गया है। कृषि प्रदर्शनी के प्रभारी एवं कृषि विशेषज्ञ विजय गौतम ने बताया कि हमारे देश में कृषि की पैदावार अच्छे मानसून पर निर्भर है। मानसून पर खेती की निर्भरता कम करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने हर खेत में पानी पहुँचाने के लिये प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरू की है। इस योजना में तीन मंत्रालय जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा पुनरुद्धान मंत्रालय, ग्रामीण विकास विभाग एवं कृषि मंत्रालय शामिल हैं। उनका कहना है कि किसानों की समस्या दूर करने के लिये सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हर किसान अपने खेतों की मिट्टी का परीक्षण मृदा परीक्षण केन्द्र पर जाकर कराएं।

## क्विक न्यूज

### नसीराबाद पुलिस की नाक के नीचे चल रहा अवैध नशा का कारोबार

**नसीराबाद रायबरेली।** तेज तर्रार थानेदार रहे दयानन्द तिवारी के स्थानान्तरण होते ही नसीराबाद थाना क्षेत्र में अवैध शराब व अवैध गांजे के कारोबार ने एक बार फिर से अपने पैर पसारना शुरू कर दिया है।जिससे युवाओं की नशों में नशा घुलने लगा है। नसीराबाद क्षेत्र की बात करें तो इस क्षेत्र से बड़े ही पैमाने पर अवैध कच्ची शराब के निर्माण व बिक्री का धंधा अब धीरे धीरे फिर से फल फूल रहा है। वहीं प्रतिदिन बड़े पैमाने पर गांजा तस्करी होती है। ये बात और है कि स्थानीय प्रशासन के नाक के नीचे से चल रहे अवैध नशे के कारोबार की जानकारी स्थानीय प्रशासन को न हो।लेकिन विश्वस्त सूत्र बतातें है कि कुछ संबंधित विभाग के लोगों की संलिप्तता के कारण ही यह अवैध नशे का कारोबार फल फूल रहा है।वहीं सूत्रों का कहना है कि पूर्व में नसीराबाद थाने में तैनात रहे थानेदार दयानंद तिवारी ने नसीराबाद थाने का चार्ज संभालते ही अवैध नशे के कारोबारियों व अवैध कार्यो में लिप्त लोगों की कमर तोड़ दी थी। साथ ही क्षेत्र से अवैध कारोबार पर पूरी तरह से अंकुश भी लगा दिया था।लेकिन उनका क्राइम ब्रांच स्थानान्तरण होते ही एक बार फिर से क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार ने धीरे धीरे अपने पैर पसारने शुरू कर दिया है।जिससे कि युवाओं के नशों में नशा घुल रहा है।

### 13 अक्टूबर को एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन

**रायबरेली।** जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 13 अक्टूबर 2022 को किया जा रहा है। रोजगार मेला में ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल, एच.डी.एफ.सी. इण्डिया प्रा0 लि0, जी. फोर. एस. सिक्योर सॉल्यूशन इण्डिया प्रा. लि., हिमालय मैनपावर सर्विसेज, बजाज कैपिटल इंश्योरेंस ब्रोकिंग लिमिटेड, नवभारत फर्टिलाइजर्स लिमिटेड द्वारा ब्लाक ऑफिसर्स एण्ड डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मैनेजर फॉर मेल, वूमेन एक्सटेंशन वर्कर एण्ड वूमेन एक्सटेन्स, सुपरवाइजर मैनेजर ट्रेनर टेलीकॉलिंग काउंसलर हेल्पर सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, मार्केटिंग एक्जक्यूटिव, सेल्स रिर्पेसेन्टेटिव, पद हेतु चयन प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी। आयु 18 से 35 वर्ष, शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर सकते है। उपरोक्त कम्पनियां लगभग 452 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है ।

### विवाद में मारपीट, तीन घायल

**ऊंचाहार।** क्षेत्र के सांवापुर नेवादा गांव में जमीनी विवाद में मारपीट हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पीआरवी पुलिस द्वारा सीएचसी लाया गया। जहां उनका उपचार किया गया है। गांव निवासी राजरानी व हरिश्चंद्र के मध्य काफी समय से जमीन का विवाद चल रहा था। आरोप है कि मंगलवार को राजरानी द्वारा उसी भूमि पर मकान का निर्माण किया जा रहा था। जिसके बाद भवन निर्माण कार्य को बंद कराने गए हरिश्चंद्र के बीच कहासुनी होने लगी। धीरे-धीरे बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्ष हाथों में लाठी डंडे लेकर एक दूसरे पर हमलावर हो गए। घटना में एक पक्ष से हरिश्चंद्र,व दूसरे पक्ष से पप्पू व उनका बेटा अनिल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस घायलों को सीएचसी ले आई। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि मारपीट में घायल तीन लोग सीएचसी आए हैं। जिनका उपचार किया जा रहा है। कोतवाल संजय कुमार त्यागी ने बताया कि अभी तक मामले की सूचना नहीं है। प्रार्थना पत्र मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### जर्जर शौचालय की दीवार गिरने से मलबे में दबकर युवक की मौत

**बदायूं (भाषा)** । बदायूं जिले के बिल्सी कोतवाली इलाके मे अत्यधिक बारिश के कारण जर्जर शौचालय की दीवार गिरने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव नगला तारु का निवासी वीरेंद्र (22) सोमवार शाम शौच के लिए घर से निकला था। वह दरवाजे से चंद कदम दूर स्थित शौचालय तक ही पहुंचा था कि इसी दौरान भारी बारिश के चलते शौचालय की दीवार अचानक ढह गई और वीरेंद्र मलबे मे दब गया। दीवार गिरने की आवाज सुनकर परिजन समेत आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनो ने उपलब्ध संसाधनो के जरिए मलबे को हटाया और अत्यंत घायल अवस्था मे वीरेंद्र को बाहर निकाला। परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। एसपी ने बताया कि मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सुलतानपुर में ट्रेन की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत

**सुलतानपुर (भाषा)।** सुलतानपुर जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र मे हनुमानगंज बाजार स्थित रेलवे फाटक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) प्रभारी शमीम अली सिद्दीकी ने बताया कि सोमवार की रात हनुमानगंज रेलवे फाटक बंद था, उसी समय विजय शंकर पांडेय (50) एवं उनका बेटा बाल कृष्ण पांडेय (20) फाटक पार करने लगे और तभी वे एक मालगाड़ी की चपेट मे आ गए। उन्होने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर जीआरपी पुलिस व संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवो को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें: लल्लू सिंह

● प्रभु राम के राज्याभिषेक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

संवाददाता। अयोध्या



**भगवान** श्री राम के जन्मभूमि अयोध्या की पावन धरती पर श्री बाल रामलीला समिति कोठापार्चा द्वारा प्रभु श्री राम के भव्य राज्याभिषेक का कार्यक्रम चौक घंटाघर पर संपन्न हुआ। राज्याभिषेक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद लल्लू सिंह और महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने सम्मिलित होकर भगवान श्री राम का राज्याभिषेक करके उनका पूजन अर्चन और आरती का कार्यक्रम संपन्न कराया। विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने भी अपने पदाधिकारियों सहित राज्याभिषेक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भगवान की आरती उतारी। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा हम सभी भगवान श्री राम के ही वंशज हैं इसलिए हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए और रामराज्य की परिकल्पना को साकार कर के अयोध्या की धरती से पूरे विश्व को संदेश दिया जाना चाहिए। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने भी अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्री राम संपूर्ण समाज को एक साथ लेकर चलने की प्रेरणा देते हैं यदि हम उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करें तो निश्चित रूप से हम पुन: विश्व गुरु बन सकते हैं और इसके लिए हम सबको एक साथ उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि प्रभु श्री राम और माता जानकी सहित लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जीवन त्याग और बलिदान के उच्चतम मापदंडों को प्रदर्शित करता है। जिस तरह मर्यादा पुरुषोत्तम ने सत्य और धर्म के मार्ग पर चलते हुए असत्य को पराजित करने का संदेश दिया हम सभी अयोध्या वासियों को अपने जीवन में धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए, जिससे संपूर्ण विश्व में अयोध्या वासियों के माध्यम से प्रभु श्रीराम के संदेशों को प्रसारित किया जा सके। कार्यक्रम में रामलीला समिति के मुख्य संयोजक शिव कुमार गुप्ता और अध्यक्ष सिद्धार्थ महान द्वारा सांसद महापौर तथा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष सहित केंद्रीय समिति के अन्य पदाधिकारियों तथा गणमान्य व्यक्तियों जेएन चतुर्वेदी, केशव बिगुलर, अशोका द्विवेदी, शकुंतला गौतम, सुधीर नारायण श्रीवास्तव, अनिल सिंह, अन्नू जायसवाल, बजरंगी साहू, अजय विश्वकर्मा, रोहिताश्व चंद्र राजू, विशाल गुप्ता आदि का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। राज्याभिषेक के कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक झांकियों द्वारा संपूर्ण माहौल को राममय कर दिया गया। विशेष आकर्षण के रूप में खाटू श्याम बाबा और हनुमान जी की झांकी रही जिसने उपस्थित राम भक्तों का मन मोह लिया। रामलीला समिति के आशीष महेंद्र, दीपक चौरसिया, सूरजभान पाल, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, कन्हैया लाल यादव, धनंजय कौशल, राजेंद्र सिंह वैभव, किशन सोनी, उज्जवल सोनी दीपांकर, राम जी सोनी, चंदन सहित अन्य तमाम पदाधिकारी पूरे तन मन से कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में अपना योगदान देते नजर आए।

# सपा संरक्षक के निधन पर शोक सभा का आयोजन

संवाददाता। ऊंचाहार

**नगर स्थित** ब्लाक मुख्यालय पर सपा संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों समेत अन्य लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रदांजलि अर्पित की।ज्ञात हो कि सोमवार को समाजवादी पार्टी के संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया था,इसी को लेकर मंगलवार को प्रधान संघ अध्यक्ष धनराज यादव की अध्यक्षता में ब्लाक सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया,जिसमें सभागार में मौजूद लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर व मुलायम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में संबोधन के दौरान राज्यमंत्री प्रतिनिधि कनक बिहारी सिंह ने कहा कि नेता जी के निधन से राजनीति में एक युग का अंत हुआ है और उनके आदर्शों पर चलकर ही आज न जाने कितने नेता लोकसभा व विधानसभा में अपनी छाप छोड़ रहे है।प्रधान संघ अध्यक्ष धनराज यादव ने कहा कि नेता जी को ऐसे ही धरतीपुत्र नहीं कहा जाता जिन्होंने जाति व धर्म के बंधन से उठकर सर्व समाज को लेकर चलने का काम किया है, इसलिए आज हर दल के नेता उनका सम्मान करते थे। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, दिलीप मौर्या,प्रधान गंगा विष्णु यादव,प्रधान रामफेर पटेल,प्रधान आकाश यादव, प्रधान प्रतिनिधि सुधीर गुप्ता, प्रधान राजकुमार मौर्या,प्रधान गुड्डू यादव,प्रधान प्रतिनिधि शिवभूषण मौर्या, प्रधान शिवकुमार वर्मा,प्रधान अनिल यादव, प्रधान राजेंद्र कुमार, राजेश मौर्य, प्रधान राजेंद्र यादव,वरिष्ठ सपा नेता सुंदर लाल यादव, गोविंद यादव, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

भदोही दुर्गा पूजा पंडाल आग

# बच्ची और युवती की मौत मृतकों की संख्या 14 हुई

भाषा । भदोही

● पूजा समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है

**जिले के औराई** थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा के एक पंडाल में आग लगने से झुलसी 18 साल की शिवांगी और एक साल की बच्ची नित्या की मंगलवार को मौत हो गई। इसके साथ ही हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि आज शिवांगी गौतम (18) और नित्या (एक) की वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई और अब तक आग लगने की इस घटना में मरने वालों की संख्या 14 पहुंच गई है। राठी के मुताबिक भदोही, वाराणसी, प्रयागराज के सात अस्पतालों में अब भी 68 (झुलस कर घायल) लोग भर्ती हैं, जिसमें से कई की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि सभी अस्पतालों में एक प्रशासनिक अधिकारी सहित एक डॉक्टर की तैनाती भदोही जिले से 8 -8 घंटे की शिफ्ट वार निगरानी के लिए लगाई गई है। जिलाधिकारी के मुताबिक दो अक्टूबर की रात करीब साढ़े नौ बजे औराई थाने से 100 मीटर दूर नरथुआ गांव के एक दुर्गा पूजा पंडाल में एक हैलोजन लाइट के अधिक गर्म होने के कारण बिजली के तार में आग लग गई थी, जो पूरे पंडाल में फैल गई। राठी के अनुसार, इस मामले में पूजा समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# करवा चौथ व्रत का शुभारम्भ नहीं कर सकेंगी नव विवाहिता महिलाएं

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

● शुक्र अस्त के संकट के चलते पैदा हुई स्थिति

● इस वर्ष उद्यापन से भी बचें सुहागिनें

**करवा चौथ** व्रत पर इस बार शुक्रास्त का संकट है। ऐसे में इस वर्ष नवविवाहित महिलाओं के लिए व्रत का आरम्भ करना शुभ नहीं होगा। विशेषकर जो महिलाएं व्रत का उद्यापन करना चाह रही हैं उनके लिए भी इस वर्ष शुक्र डूबने के कारण मुहूर्त शुभ नहीं होगा। श्री शारदा ज्योतिष कार्यालय के ज्योतिषाचार्य पंडित नागेश दत्त द्विवेदी ने बताया कि हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ करक चतुर्थी का त्योहार मनाया जाता है। करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं सुबह जल्दी से उठकर स्नान कर सोलह श्रृंगार करते हुए व्रत का संकल्प लेती हैं। रात्रि को चंन्द्रमा को अर्घ्य देकर पति दर्शन के साथ व्रत को पूर्ण करती हैं। चन्द्रोदय गुरुवार 13 अक्टूबर को रात्रि 7 बजकर 56 मिनट पर होगा और पूजन का यही शुभ काल भी होगा।

श्री शारदा ज्योतिष कार्यालय के आचार्य नागेश दत्त द्विवेदी ने कहा कि इस बार करवा चौथ पर सुहागिनें उद्यापन भी नहीं कर पाएंगी। कारण होगा शुक्र का अस्त होना। उन्होंने कहा कि गुरु और शुक्र के अस्त हो जाने की स्थिति में उसके बल में कमी आ जाती है और ऐसी स्थिति में हमारे निर्णय सिन्धु मुहूर्त चिंतामणि आदि जैसे ग्रन्थ यह पूर्ण रूप से आदेश करते है कि कोई भी शुभ कार्य न किया जाए। आचार्य नागेश दत्त द्विवेदी ने कहा कि शुक्र ग्रह सौभाग्य और दाम्पत्य सुख के कारक हैं। ऐसे में करवा चौथ व्रत जो सौभाग्य को बढ़ाने वाला है। उसके लिए शुक्र का बली होना परमावश्यक है। इस कारण इस वर्ष करक चतुर्थी के दिन करवाचौथ व्रत का प्रारम्भ करना या फिर इसका उद्यापन करना शुभकारी नहीं होगा। श्री शारदा ज्योतिष कार्यालय के आचार्य नागेश दत्त द्विवेदी बताते हैं कि करवा चौथ में शुक्र का बहुत महत्व होता है। शुक्र को शुभता नैसर्गिक भोग विलास एवं दांपत्य का कारक माना जाता है। इसलिए करवा चौथ व्रत या फिर कोई अन्य व्रत के प्रारम्भ एवं व्रत के उद्यापन और विवाह मुण्डन आदि जैसे तमाम शुभ कामों के दिन शुक्र का उदित स्वरूप में होना परमावश्यक होता है। करवा चौथ पर सुहागिनों के लिए भोले नाथ की पूजा खास लाभकारी सिद्ध होती है।

## चंद्रमा की पूजा करना होगा बेहद शुभ और फलदायी



आचार्य पंडित नागेश दत्त द्विवेदी

**आचार्य** नागेश दत्त द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष करवाचौथ का व्रत 13 अक्टूबर दिन गुरुवार को रखा जाएगा। करवा चौथ पर इस बार बेहद ही शुभ संयोग बन रहा है। इस दौरान यदि चंद्रमा की पूजा की जाए तो दांपत्य जीवन के लिए बेहद शुभ फलदायी होगा। करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए रखती हैं और कुंवारी कन्या मन अनुकूल जीवनसाथी पाने के लिए इस व्रत को करती हैं। इस व्रत में मां पार्वती भगवान शिव और गणेशजी की पूजा की जाती है। रोहिणी नक्षत्र में चंद्रमा की पूजा करना बेहद शुभ फलदायी माना जाता है। करवा चौथ के दिन शाम में रोहिणी नक्षत्र 7 बजकर 28 मिनट पर लग रहा है और चन्द्रोदय भी 7 बजकर 56 मिनट पर होगा तो ऐसे में यह समय पूजन एवं अर्घ्य आदि कार्यों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। दरअसल रोहिणी चंद्रमा की सबसे प्रिय पत्नी हैं। 12 अक्टूबर रात में एक बजकर 48 मिनट से चतुर्थी तिथि का आरंभ होगा और 13 तारीख में मध्य रात्रि 2 बजकर 43 मिनट पर समापन होगा। इसी के साथ दिन का आरंभ सर्वार्थ सिद्धि योग से हो रहा है। इस दिन लक्ष्मी नारायण योग बनेगा। इस दिन चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृषभ में रहेंगे। इसबार ये सभी शुभ संयोग करवा चौथ के व्रत को पहले से करती आ रही सुहागिनों के लिये बहुत ही शुभ एवं लाभकारी सिद्ध होंगे।

# बच्चों को लेकर पत्नी के मायके भाग जाने पर पति ने पुलिस से लगाई गुहार

**कोंच( जालौन )।** बच्चों को लेकर पत्नी के मायके भाग जाने पर परेशान पति ने पुलिस से गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इमलौरी निवासी धर्मवीर सिंह पुत्र लोटन राम ने मंगलवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया की वह अपनी पत्नी व छोटे बच्चों के साथ नोयडा में किराए से रहकर मजदूरी करता है।बीती 11 सितंबर को उसकी पत्नी प्रीति 11 वर्षीय बेटी नंदनी व 8 वर्षीय बेटे देव को अपने साथ लेकर कमरे से भाग गई थी। उसने अपनी ससुराल समेत अन्य सभी जगह खोजबीन की लेकिन बच्चों सहित पत्नी का कहीं कोई पता नहीं चला। धर्मवीर ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों बाद उसे पता चला कि बच्चों को लेकर पत्नी अपने कानपुर स्थित मायके में है और उसने जब वापस आने के लिए उससे कहा तो वह अंजाम भुगतने की धमकी दे रही है।पीड़ित पति धर्मवीर ने पुलिस से मामले को लेकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है।

# पुलिया बंद कर देने से खेतों का पानी न निकल पाने की शिकायत की

संवाददाता। कोंच(जालौन)

**बीते करीब** पखबाड़े भर से प्राय: रोज ही हो रही तेज बारिश से खेतों में बोई गयीं खरीफ की फसलें तो पूरी तरह जलमग्न होकर नष्ट हो ही गयीं हैं, बल्कि रवी फसलों की भी खेतों में पानी भरे रहने से बुबाई नहीं हो पा रही है जिससे किसान बहुत परेशान नजर आ रहे हैं।खेतों में घुटनों तक भरे पानी की निकासी को लेकर अधिकांश गांवों में वाद विवाद की भी स्थिति बनती हुई नजर आ रही है।कोंच तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बदउवां निवासी शिवशंकर सिंह पुत्र सोबरन सिंह समेत करीब एक दर्जन किसानों ने एसडीएम कृष्णकुमार सिंह के अलावा डीएम चाँदनी सिंह को प्रार्थना पत्र सौंपकर बताया कि गांव के खेतों का पानी समीपवर्ती गांव करहियापुर मौजे से होकर नाले में जाता रहा है।पूर्व में शासन द्वारा चकरोड संख्या 50 पर पुलिया बनाई जानी प्रस्तावित थी लेकिन दबंगों ने उस पुलिया का निर्माण उस समय नहीं होने दिया था और दूसरी जगह पर जो एक पुलिया बनाई गई थी उस पुलिया को दबंगों ने छतिग्रस्त कर पूरी तरह बंद कर दी है जिससे गांव केकुशलपाल, जगतपाल, गफ्फार, रामेश्वर, यदुनाथ सिंह, लालजी सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रामदास समेत करीब दर्जन भर से अधिक किसानों के खेतों में घुटनो तक भरा बारिश का पानी नहीं निकल पा रहा है जिससे बुबाई का समय निकला जा रहा है।शिवशंकर ने प्रार्थना पत्र में बताया कि पुलिया छतिग्रस्त कर बंद करने वाला व्यक्ति सत्तारूढ़ दल के एक पदाधिकारी का भाई है। शिवशंकर ने कहा कि अगर खेतों का पानी निकाले जाने की कोई व्यवस्था नहीं हुई तो किसान भुखमरी के चलते आत्महत्या करने पर मजबूर हो जायेगा।

# मोहल्ले वासियों ने एसडीओ को बताई बिजली समस्या

संवाददाता। कोंच(जालौन)

**बिजली समस्या** से परेशान मोहल्लेवासियों ने एसडीओ को प्रार्थना पत्र सौंपकर व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग की है।मुहल्ला भगतसिंह नगर में बाल्मीकि मंदिर के समीप रहने वाले मलखान, अनिल, जगदीश, बृजेश, रामबाबू, लीची वर्मा, अखिलेश, अरविंद, जमील, भरतलाल, राज, सुरेन्द्र, महेंद्र आदि विद्युत उपभोक्ताओं ने एसडीओ अनिरुद्ध कुमार मौर्य को प्रार्थना पत्र सौंपकर बताया कि मुहल्ले में डाली गयी विजली की एक केबिल काफी समय से बंद पड़ी हुई है जबकि दूसरी केबिल बंच नहीं है जिससे कुछ लोग अबैध कटिया डालकर उक्त केबिल बार बार हिला देते हैं जिसके कारण बिजली बाधित होती रहती है।उक्त लोगों ने प्रार्थना पत्र में कहा कि केबिल हिलने से चिंगारी निकलती है जिससे कभी भी कोई हादसा घटित हो सकता है।कुछ लोगों द्वारा अबैध बिजली का प्रयोग करने से वर्तमान समय में ओवरलोड के चलते ट्रांसफार्मर भी फुंक गया है।उक्त लोगों ने कहा कि कुछ घरों में अंदर की ओर मीटर लगे हुए हैं जिससे बिजली चोरी पकड़ में नहीं आती है।उक्त लोगों ने एसडीओ से मामले को लेकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई बाइक चोर की फोटो

**जालौन ( उरई )।** घर के बाहर खड़ी पल्सर मोटर साइकिल चोरी हुई। मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे में बाइक चोर की फोटो दिखी। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है।

कोतवाली क्षेत्र चिमनदुवे निवासी शिवम गुप्ता पुत्र रामजी ने बताया कि उनकी 125 सी सी पल्सर मोटरसाइकिल सोमवार की रात करीब साढ़े 10 बजे घर के बाहर खड़ी थी। अज्ञात व्यक्ति उसे चुरा ले गया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनके मोटर साइकिल को चुराने वाले की फोटो मोहल्ले में लगे घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे में आ गया है। सी सी टी वी पुटेज में युवक पैदल आता हुआ तथा बाइक लेकर जाते हुए दिख रहा है। पीड़ित ने पुलिस से सीसीटीवी पुटेज के आधार पर आरोपी चोर की तलाश कराने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि बाइक चोरी की शिकायत मिली है।

# बिजली चोरी रोकने में अधिशासी अभियंता राठ पर लगे पुलिस का असहयोग करने के आरोप

संबाददाता। हमीरपुर

● एएसपी विद्युत से की गई शिकायत

**हमीरपुर जिले** में विद्युत चोरी रोकने व केश निस्तारण में राठ के अधिशासी अभियंता विद्युत चोरी निरोधक पुलिस(एटीपी) का कोई सहयोग नही करते है, कल थाने की जांच करने आयेविजली विभाग के अपर पुलिस अधीक्षक से विभाग के थानाध्यक्ष समेत सभी कर्मियो ने रोना रोया। एंटी थेप्ट पुलिस(एपीटी) विजली के थानाध्यक्ष संजय कुमार ने आज बताया कि जिले में कम से कम हर माह छह सौ से अधिक विजली चोरी के मामले दर्ज हो रहे है,जो लगातार बढ़ते जा रहे है। आज भी जिले में विद्युत चोरी नियंत्रण थाने में सात हजार मामले लंबित पडे है। कल केस्को के अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार दिवेदी ने सदर विजली चोरी नियंक्षण थाने का औचक निरीक्षण किया जिसमे थाने के स्टाफने बताया कि विजली चोरी में जो आरोपी शमन शुल्क जमा करते है उसकी रिपोर्ट एपीटी थाने को नही दी जाती है जिससे समय से मुकदमों के निस्तारण की रिपोर्ट शासन को नही भेजी जाती है, जिससे सदर थाने में मुकदमे डंप होते जा रहे है। एसओ ने एएसपी को बताया कि एपीटी में 24 के विरुद्ध केवल पांच कर्मी नियुक्त है जिससे सारा काम बाधित हो रहा है। उन्होने बताया के विजली विभाग के राठ क्षेत्र के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र धीरानन सरकारी काम में कोई सहयोग नही करते है इस मामले की जानकारी कई मर्तवा विजली विभाग के अधीक्षण अभियंता(एसई) को दी गयी है मगर उसका कोई असर नही हो रहा है। शासन के सख्त आदेश है कि विजली चोरी के मुकदमे थाने से रोजाना कम से कम पांच मुकदमों का निस्तारण किया जाये मगर स्टाफ की कमी के चलते निस्तारण नही हो पा रहा है वही थानाध्यक्ष ने दावा किया कि जिले में विजली चोरी की वारदात बढ़ती जा रही है। लोगो में न ही सिविल पुलिस का न ही विजली चोरी नियंत्रण पुलिस को कोई भय है। इधर विजिलेंस पुलिस बराबर छापा मारी कर रही है, पुलिस ने दावा किया कि सबसे ज्यादा पावर कनेक्शन धारक उपभोक्ता चोरी करते है जिससे सरकार का राजस्व का बहुत ही नुकसान हो रहा है। घरेलू कनेक्शन धारी उपभोक्ता चोरी कम कर रहे है,इधर जांच करने आये एएसपी ने विभाग को आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही स्टाफ की कमी पूरी की जायेगी और राठ के अधिशासी अभियंता के असहयोग के मामले में उच्चाधिकारियों से बात की जायेगी।

# कुलदीप की फिरकी का चला जादू

## भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर श्रृंखला जीती

**भाषा।** नई दिल्ली

**बाएं** हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव की अगुआई में स्पिन तिकड़ी ने आठ विकेट चटकाए जिससे भारत ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 2-1 से जीत ली। दक्षिण अफ्रीका के 100 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (57 गेंद में 49 रन, आठ चौके) की उम्दा पारी से 19.1 ओवर में ही तीन विकेट पर 105 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। श्रेयस अय्यर ने नाबाद 23 गेंद में नाबाद 28 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के मारे। गेंद शेष रहने के लिहाज से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह भारत की सबसे बड़ी जीत है। मेजबान टीम ने 185 गेंद शेष रहते जीत दर्ज की जबकि इससे पहले चार फरवरी 2018 को सेंचुरियन में उसने इस टीम को 177 गेंद शेष रहते हराया था। भारत की इस साल यह 38वीं अंतरराष्ट्रीय (सभी प्रारूपों में) जीत है। उसने एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक जीत के ऑस्ट्रेलिया के रिकॉर्ड की बराबरी की, जिसने 2003 में यह उपलब्धि हासिल की थी। भारत ने इसके साथ ही इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में एकदिवसीय श्रृंखला में 0-3 की हार का बदला भी चुक्ता कर लिया।




**कुलदीप ने 18 रन देकर झटके चार विकेट**



कुलदीप (4.1 ओवर में 18 रन पर चार विकेट), ऑफ स्पिनर वाशिंगटन संदर (चार ओवर में 15 रन पर दो विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद (सात ओवर में 32 रन पर दो विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम 99 रन पर सिमट गई जो भारतीय सरजमीं पर उसका सबसे कम स्कोर है। स्पिन तिकड़ी ने मिलकर 15.1 ओवर में 65 रन देकर आठ विकेट चटकाए। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भी पांच ओवर में 17 रन देकर दो विकेट हासिल किए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से हेनरिक क्लासेन (34) शीर्ष स्कोर रहे। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज जानेमन मलान (15) और मार्को जेनसन (14) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। दक्षिण अफ्रीका का इस साल यह दूसरा सबसे कम स्कोर है। इससे पहले टीम 22 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में सिर्फ 83 रन पर सिमट गई थी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को गिल और कप्तान शिखर धवन (08) ने पहले विकेट के लिए 6.1 ओवर में 42 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। गिल शुरुआत से ही लय में दिखे। उन्होंने मार्को जेनसन के पहले ओवर में चौके के साथ खाता खोला और फिर इस तेज गेंदबाज पर तीन और चौके मारे। धवन ने लुंगी एनगिडी पर चौका जड़ा लेकिन वह गिल के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हो गए। धवन ने ब्योर्न फोर्टुइन की गेंद को प्वाइंट पर खेला। गिल ने पहले उन्हें रन के लिए बुलाया और फिर वापसी भेज दिया। धवन के हालांकि क्रीज पर पहुंचने से पहले ही जेनसन के थ्रो पर विकेटकीपर डिकॉक ने उनके स्टंप उखाड़ दिए। इशान किशन (10) ने फोर्टुइन पर चौके से खाता खोला। भारत के रनों का अर्धशतक 10वें ओवर में पूरा हुआ। इशान ने फोर्टुइन पर एक और चौका मारा लेकिन अगली गेंद पर डिकॉक को कैच दे बैठे। श्रेयस अय्यर भाग्यशाली रहे जब एनरिच नोर्किया की शॉर्ट गेंद को अपर कट किया लेकिन थर्ड मैन पर जेनसन ने उनका कैच टपका दिया और गेंद छह रन के लिए चली गई। अय्यर ने इसके बाद फोर्टुइन पर भी दो चौके मारे। गिल ने भी जेनसन और एनगिडी पर चौके जड़े। भारत जब लक्ष्य से सिर्फ तीन रन दूर था तब गिल एनगिडी की गेंद पर पगबाधा हो गए। अय्यर ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर जेसन पर छक्के के साथ भारत को जीत दिलाई। संजू सैमसन दो बनाकर नाबाद रहे। धवन ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को बल्लेबाजी का न्यौता दिया और उनके फैसले को सही साबित करने में गेंदबाजों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने 10 ओवर में 26 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए थे और टीम इससे कभी नहीं उबर पाई। लगातार दो दिन की बारिश के बाद पिच से गेंदबाजों को मदद मिल रही थी। भारत ने गेंदबाजी का आगाज वाशिंगटन से हराया। उन्होंने अपने दूसरे और पारी के तीसरे ओवर में ही क्विंटन डिकॉक (06) को आवेश खान के हाथों कैच करा दिया। सलामी बल्लेबाज जानेमन मलान (15) ने सिराज के तीन ओवर में तीन चौके मारे लेकिन इसी तेज गेंदबाज की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बाउंड्री पर आवेश को कैच दे बैठे। सिराज ने अपने अगले ओवर में रीजा हेंड्रिक्स (03) को भी शॉर्ट फाइन पर स्थानापन्न खिलाड़ी रवि बिश्नोई के हाथों कैच कराया जबकि शाहबाज ने ऐडन मार्कराम (09) को पवेलियन भेजा। क्लासेन ने शारदुल ठाकुर, शाहबाज और वाशिंगटन पर चौके मारे। वाशिंगटन ने सीधी गेंद पर डेविड मिलर (07) को बोल्ड करके दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 66 रन पर पांच विकेट किया। इसके बाद कुलदीप की फिरकी का जादू दिखा। कुलदीप ने एंडिले फेहलुकवायो (05) को बोल्ड करने के बाद ब्योर्न फोर्टुइन (01) और एनरिच नोर्किया (00) को लगातार गेंदों पर पवेलियन भेजा। उन्होंने जेनसन को डीप स्क्वायर लेग में आवेश के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका की पारी का अंत किया।

# युवा खिलाड़ियों की परिपक्वता पर गर्व है: शिखर धवन

**भाषा।** नई दिल्ली



**दक्षिण** अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला को 2-। से जीतने के बाद भारतीय टीम की अगुवाई कर रहे शिखर धवन ने मंगलवार को यहां कहा कि उन्हें युवा खिलाड़ियों की परिपक्वता पर गर्व है। भारतीय टीम के मुख्य खिलाड़ी टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना हो चुके हैं और उनकी गैरमौजूदगी में धवन की अगुवाई में वैकल्पिक खिलाड़ियों की टीम ने श्रृंखला का पहला मैच गंवाने के बाद श्रृंखला में शानदार वापसी की। मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका की पारी को 99 रन पर समेटने के बाद भारत ने 19.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर सात विकेट से जीत दर्ज की। धवन ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, मुझे टीम के सभी खिलाड़ियों पर गर्व है। यह युवा खिलाड़ियों की टीम है और जिस तरह उन्होंने परिपक्वता दिखाई, उसकी सराहना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, पहले मैच को हम हारे जरूर थे लेकिन उस मैच के आखिरी ओवरों में टीम ने जो परिपक्वता दिखाई वह अच्छा था। इससे आने वाले मैचों के लिए हौसला मिला। उन्होंने कहा, शुरुआती मैच के बाद हमने क्षेत्ररक्षण में सुधार किया। हम नतीजे की ज्यादा परवाह किए बिना प्रक्रिया पर ध्यान दे रहे थे। मैच में 4.1 ओवर में 18 रन पर चार विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच बने कुलदीप यादव ने कहा, मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि चोट से वापसी करने के बाद पहली बार यह खिताब हासिल कर सका हूं। मैं अच्छी गेंदबाजी कर रहा हूं और मै इसका लुत्फ उठा रहा है। मैं नतीजों पर नहीं बल्कि अपनी लय पर ध्यान दे रहा हूं। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डेविड मिलर ने इस करारी शिकस्त के लिए मुश्किल परिस्थितियों और लचर बल्लेबाजी को जिम्मेदार ठहराया। मिलर ने कहा, यह बेहद मुश्किल मैच था। लेकिन किसी भी परिस्थिति में 100 रन बनाना खराब प्रदर्शन है। इस तरह श्रृंखला को खत्म करना निराशाजनक है। उन्होंने कहा, गेंद पिच पर टप्पा खाने के बाद रुक कर आ रही थी और स्पिन भी हो रही थी। हम बहाना नहीं बना रहे लेकिन दो दिनों से बारिश हो रही थी और परिस्थितियां कठिन थी। इन परिस्थितियों में भी हमें उनका सामना करना चाहिए था। पिछले कुछ समय में हम एकदिवसीय क्रिकेट में लगातार अच्छा नहीं कर पा रहे हैं।

# बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग: लक्ष्य सेन करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिंग पर

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रमंडल** खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य सेन बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम पुरुष एकल विश्व रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी भी शीर्ष 20 में जगह बनाने के करीब है। यह जोड़ी मंगलवार को जारी रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से करियर की सर्वश्रेष्ठ 21वीं रैंकिंग पर पहुंच गई हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल रैंकिंग में छठे स्थान पर बनी हुई हैं जबकि चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी आठवें स्थान पर है। विश्व चैंपियनशिप 2021 में कांस्य पदक जीतने वाले 21 साल के सेन ने साल की शुरुआत इंडिया ओपन में स्वर्ण पदक के साथ की थी। वह प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप और जर्मन ओपन में उप विजेता रहे। सेन भारत की थॉमस कप में पहली खिताबी जीत के दौरान टीम के अहम सदस्य थे। फॉर्म में चल रहे अर्जुन और ध्रुव की जोड़ी ने साल की शुरुआत 42वें स्थान से करने के बाद रैंकिंग में अच्छी प्रगति की है। हाल में इंडिया महाराष्ट्र इंटरनेशनल चैलेंज का खिताब जीतने वाले अर्जुन और ध्रुव को उलटफेर करने के लिए जाना जाता है। इस जोड़ी ने इस साल विश्व चैंपियनशिप में सिर्फ 40 मिनट में किम एस्ट्रूप और एंडर्स रासमुसेन की डेनमार्क की दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी को हराया था।


# रोजर बिन्नी ने बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा

**भाषा।** नई दिल्ली

● **सचिव बने रह सकते हैं जय शाह**

**भारत** की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे रोजर बिन्नी ने मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा और उनके इस शीर्ष पद पर निर्विरोध चुने जाने की उम्मीद है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने यह जानकारी दी।

बेंगलुरू के रहने वाले 67 वर्षीय बिन्नी पद के लिए नामांकन भरने वाले अब तक एकमात्र उम्मीदवार हैं और अगर कोई और उम्मीदवार दावेदारी पेश नहीं करता है तो 18 अक्टूबर को मुंबई में होने वाली बोर्ड की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में वह सौरव गांगुली की जगह बीसीसीआई अध्यक्ष बनेंगे। एक सूत्र ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से चल रही गहमागहमी के बाद यह फैसला किया गया कि बिन्नी बोर्ड के 36वें अध्यक्ष होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह ने भी नामांकन दायर किया है तथा अगर कोई और उम्मीदवार मैदान में नहीं उतरता है तो वह लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए बीसीसीआई सचिव बने रहेंगे। शाह के इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बोर्ड में भी गांगुली की जगह भारतीय प्रतिनिधि बनने की उम्मीद है। शुक्ला ने संवाददाताओं से कहा, रोजर बिन्नी ने अध्यक्ष पद, मैंने उपाध्यक्ष पद, जय शाह ने सचिव, आशीष शेलार ने कोषाध्यक्ष और देवजीत सैकिया ने संयुक्त सचिव पद के लिए नामांकन भरे हैं। उन्होंने कहा, अरूण धूमल आईपीएल संचालन परिषद के प्रमुख होंगे और अविषेक डालमिया भी उस परिषद का हिस्सा होंगे। खेरुल जमाल (मामुन) मजूमदार शीर्ष परिषद का हिस्सा होंगे। अब तक इन्हीं लोगों ने नामांकन भरा है और सभी निर्विरोध हैं। नामांकन भरने का अंतिम दिन बुधवार है। उम्मीदवार 14 अक्टूबर तक नामांकन वापस ले सकते हैं। विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची 15 अक्टूबर को प्रकाशित होगी।



बीसीसीआई के अध्यक्ष पद के लिए बिन्नी की दावेदारी हैरानी भरी है। इस पद के लिए उनके नाम के संकेत हालांकि उस समय मिले थे जब कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने बीसीसीआई एजीएम के लिए सचिव संतोष मेनन की जगह उन्हें अपना प्रतिनिधि बनाया था। बिन्नी केएससीए अध्यक्ष हैं और उन्हें राज्य संस्था में अपना पद छोड़ना होगा। मध्यम गति के गेंदबाज रहे बिन्नी ने 1983 के विश्व कप में भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने तब आठ मैचों में 18 विकेट लिए थे जो उस टूर्नामेंट का रिकॉर्ड था। बिन्नी अतीत में संदीप पाटिल की अध्यक्षता वाली सीनियर चयन समिति के सदस्य रह चुके हैं। जब भी भारतीय टीम में चयन के लिए उनके बेटे स्टुअर्ट बिन्नी के नाम पर चर्चा होती थी तो वह खुद को इससे अलग कर लेते थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, रोजर एक अच्छे इंसान हैं जिन्होंने भारत की तरफ से खेलते हुए देश का मान बढ़ाया। वह विश्व कप के नायक हैं और उनकी छवि साफ-सुथरी है। लोढा समिति ने जब हितों के टकराव की बात कही थी तो उन्होंने चयन समिति से इस्तीफा दे दिया था। बीसीसीआई पदाधिकारियों में शामिल एकमात्र कांग्रेसी शुक्ला अगर चुने जाते हैं तो बोर्ड के उपाध्यक्ष बने रहेंगे। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के छोटे भाई धूमल अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के चेयरमैन होंगे। वह बृजेश पटेल की जगह लेंगे। धूमल अभी कोषाध्यक्ष हैं। महाराष्ट्र में भाजपा के नेता आशीष शेलार बोर्ड के नए कोषाध्यक्ष होंगे जिसका मतलब है कि वह मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) का अध्यक्ष नहीं बन पाएंगे। उन्हें शरद पवार गुट के समर्थन से यह भूमिका निभानी थी। शुक्ला ने बताया, जब वह (शेलार) कोषाध्यक्ष बनेंगे तो उन्हें एमसीए अध्यक्ष पद से अपना नामांकन वापस लेना होगा। असम के मुख्यमंत्री हिमांता बिस्वा सरमा के करीबी देवजीत सैकिया के नया संयुक्त सचिव बनने की उम्मीद है। वह जएश जॉर्ज की जगह लेंगे। बीसीसीआई आईसीसी चेयरमैन के लिए चुनाव लड़ेगा या नहीं इस पर अभी फैसला नहीं किया गया है। शुक्ला ने कहा कि एजीएम के दौरान इस पर चर्चा होगी।

## भारत के विदेश मंत्री जयशंकर को स्टीव वॉ ने क्रिकेट के गुर सिखाए

**सिडनी।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ के साथ क्रिकेट पर लंबी बातचीत की। ऑस्ट्रेलिया के आधिकारिक दौरे पर आए जयशंकर ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) का दौरा किया। ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे वॉ ने जयशंकर को एतिहासिक एससीजी का दौरा कराया और दोनों ने खेल के बारे में भी बात की। वॉ का भारत के साथ मजबूत जुड़ाव है। जयशंकर ने ट्वीट किया, क्रिकेट भारत और ऑस्ट्रेलिया को जोड़ने वाले वाली कई चीजों में से एक है। एससीजी का दौरा करने और एक महान खिलाड़ी स्टीव वॉ से मिलने के लिए समय निकाला। विदेश मंत्री ने महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का जिक्र करते हुए कहा, क्रिकेट और भारत के लिए उनकी भावनाओं की सराहना करता हूं। विशेष रूप से तेंदुलकर के साथ उन्हें अपने अनुभव याद किए। कप्तान के तौर पर भारत में टेस्ट श्रृंखला जीतने में नाकाम रहे वॉ को देश में उनके धर्मार्थ कार्यों के लिए भी जाना जाता है।

# हम जैसा अभ्यास चाहते थे वैसा हमें मिल गया: भारतीय टीम प्रबंधन

**भाषा।** पर्थ

**भारतीय** क्रिकेट टीम मौसम और परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए काफी पहले आस्ट्रेलिया पहुंच गई और खिलाड़ियों ने टी20 विश्व कप से पहले जिस तरह से तेज और उछाल लेने वाली पिचों से तालमेल बिठाया उससे टीम प्रबंधन खुश है। रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत की 14 सदस्ईय टीम टी20 विश्व कप में 23 अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच से लगभग 20 दिन पहले ऑस्ट्रेलिया पहुंच गई थी और वह यहां वाका मैदान पर तैयारियों में जुटी है। भारतीय खिलाड़ी कड़े अभ्यास सत्र से गुजर रहे हैं जिसमें फिटनेस, बल्लेबाजी और गेंदबाजी तथा क्षेत्ररक्षण का अभ्यास शामिल है। खिलाड़ी मुख्य कोच राहुल द्रविड़, बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे और क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप की देखरेख में अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के ट्विटर पेज पर पोस्ट किए गए वीडियो में राठौड़ ने कहा, हमारा ध्यान केवल परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना है। हम सभी जानते थे ऑस्ट्रेलिया में परिस्थितियां भिन्न होंगी विशेषकर भारतीय पिचों की तुलना में यहां तेजी और उछाल अलग तरह की होगी। इसलिए हम यहां जल्दी पहुंच गए ताकि इन परिस्थितियों से तालमेल बिठा सकें। खिलाड़ी वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। गेंदबाजी कोच महाम्ब्रे ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में हमने जो कुछ मैच खेले थे उनकी तुलना में यहां उछाल काफी भिन्न है। इसलिए जल्दी आने से गेंदबाजों को परिस्थितियों से तालमेल बिठाने का शानदार मौका मिला। जिस तरह से हमारा अभ्यास चल रहा है उससे हम काफी खुश हैं। हम इन सत्र से जैसा चाहते हैं वैसा यहां हमें मिला और अब हम मैच खेलने के लिए तैयार हैं। भारत ने सोमवार को यहां अपने पहले अभ्यास मैच में पश्चिम आस्ट्रेलिया क्रिकेट संघ एकादश को 13 रन से हराया था। भारतीय टीम इसी प्रतिद्वंदी के खिलाफ 13 अक्टूबर को एक और अभ्यास मैच खेलेगी इसके बाद वह ब्रिसबेन का दौरा करेगी जहां उसे इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ आधिकारिक अभ्यास मैच खेलने हैं।

# आईसीसी ने फिंच को अपशब्दों का उपयोग करने पर फटकार लगाई

**भाषा।** पर्थ

**ऑस्ट्रेलिया** के कप्तान आरोन फिंच टी20 विश्व कप शुरू होने से कुछ दिन पहले स्टंप माइक्रोफोन के कारण विवादों में फंस गए क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उन्हें स्पष्ट सुनाई देने वाले अपशब्दों के लिए फटकार लगाई है। यह घटना ऑस्ट्रेलिया में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के रविवार को खेले गए पहले मैच में इंग्लैंड की पारी के नौवें ओवर के दौरान घटी जब यह 35 वर्षीय खिलाड़ी विकेट के पीछे कैच की अपील ठुकराए जाने पर अपना आपा खो बैठा और उन्होंने मैदानी अंपायर सैम नोगाज्स्की और डोनोवन कोच के लिए अपशब्दों का उपयोग किया। इंग्लैंड ने यह मैच आठ रन से जीता था। फिंच को लगा था कि गेंद जोस बटलर के बल्ले को छूकर विकेटकीपर मैथ्यू वेड के पास पहुंची है। जब अंपायरों ने उनकी अपील को अनदेखा कर दिया तो फिंच ने अपशब्दों का उपयोग किया जिसे स्टंप माइक्रोफोन ने पकड़ लिया था। फिंच को आईसीसी की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 के उल्लंघन का दोषी पाया गया जो कि किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान स्पष्ट सुनाई देने वाले अपशब्दों से संबंधित है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान जुर्माने से बच गया क्योंकि पिछले 24 महीनों में यह उनका पहला अपराध है लेकिन आईसीसी ने फिंच के अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमैरिट अंक जोड़ दिया है। फिंच ने अपना अपराध स्वीकार करके सजा मंजूर कर ली है।

# दीप्ति टी20 गेंदबाजी में करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर फिर पहुंची

**भाषा।** दुबई

**भारतीय** हरफनमौला दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से मंगलवार को जारी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय की नवीनतम रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में तीन स्थान के सुधार के साथ अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वापसी की। वह हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में भी इसी स्थान पर है। दीप्ति को बांग्लादेश के सिलहट में जारी मौजूदा एशिया में शानदार प्रदर्शन करने का रैंकिंग में फायदा मिला है। उन्होंने ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन जबकि बांग्लादेश और थाईलैंड के खिलाफ दो-दो विकेट



झटके। दीप्ति ने रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल को पीछे छोड़ा जबकि उनसे आगे इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन और साराह ग्लेन है। दीप्ति ने नवंबर 2019 में पहली बार रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल किया था। वह इस दौरान बल्लेबाजों की सूची में भी एक स्थान सुधार करने में सफल रही। बल्लेबाजों की रैंकिंग में वह 35 वें पायदान पर है। हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की एशलिघ गार्डनेर को पीछे छोड़ा। गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत की रेणुका सिंह (तीन स्थान के सुधार के साथ आठवें पायदान पर), स्नेह राणा (30 स्थानों के सुधार के साथ 15वें स्थान पर) और पूजा वस्त्राकर (सात स्थानों के सुधार के साथ 28वें पायदान पर) भी इस रैंकिंग में सुधार करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। भारतीय बल्लेबाजों में जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना दूसरे स्थान पर बरकरार हैं।

# दिल्ली ने इंपैक्ट प्लेयर के शानदार इस्तेमाल से मणिपुर को हराया

**जयपुर।** दिल्ली ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में इंपैक्ट प्लेयर के विकल्प का शानदार इस्तेमाल करते हुए मंगलवार को यहां ग्रुप बी मैच में मणिपुर को 71 रन से हराया। सलामी बल्लेबाज हितेन दलाल ने 27 गेंद में 47 रन की पारी खेली जिससे दिल्ली ने सात विकेट पर 167 रन बनाए। टीम ने इसके बाद दलाल की जगह ऑफ स्पिनर ऋतिक शोकीन को मैदान में उतारा जिन्होंने तीन ओवर के स्पैल में दो विकेट लिए जिससे मणिपुर की पारी 96 रन पर सिमट गई। इंपैक्ट प्लेयर नियम के तहत कोई भी टीम मैच के बीच में एकादश के किसी एक खिलाड़ी की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में शामिल कर सकती है। शोकीन ने इस साल की शुरुआत में मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल में पदार्पण किया था। प्रथम श्रेणी क्रिकेटर के रूप में अपनी पहचान बनाने के बाद भारत के अंडर -19 विश्व कप विजेता कप्तान यश ढुल ने सीनियर टी20 टूर्नामेंट में पदार्पण करते हुए 23 गेंदों में 24 रन बनाए। उन्होंने एक छक्का और एक चौका लगाया। आईपीएल 2022 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए दमदार बल्लेबाजी करने वाले आयुष बडोनी ने 15 गेंदों में 20 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली।

**फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप**

# खिताब के दावेदार ब्राजील ने मोरक्को को हराकर अभियान शुरू किया

**भाषा।** भुवनेश्वर



**खिताब** के प्रबल दावेदार ब्राजील ने मंगलवार को यहां ग्रुप ए के पहले मुकाबले में पदार्पण कर रहे मोरक्को को ।-0 से हराकर फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। मैच का एकमात्र गोल स्ट्राइकर जॉनसन ने पांचवें मिनट में किया जिससे दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप के चैंपियन ने इस मुकाबले से तीन अंक हासिल किए।

टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही अफ्रीका की तीन टीम में से एक मोरक्को को मैच में जल्दी गोल करने का मौका मिला लेकिन इससे चूकने के बाद ब्राजील ने पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा। ब्राजील ने 65 प्रतिशत समय गेंद को अपने कब्जे में रखा। ब्राजील ने मोरक्को के गोल की तरफ 17 शॉट लगाए जबकि अफ्रीकी टीम उसके खिलाफ चार बार ही ऐसा कर पाई। ब्राजील के पास बड़े अंतर से जीत दर्ज करने का मौका था लेकिन उसके फारवर्ड ने गोल करने के कई मौक गंवाए और साथ ही मोरक्को की रक्षापंक्ति ने प्रभावी खेल दिखाया। मडगांव में ग्रुप बी में चिली ने न्यूजीलैंड को 3-। से हराया।

# न्यूजीलैंड की पाक पर आसान जीत

**क्राइस्टचर्च।** माइकल ब्रेसवेल की अगुवाई में गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद फिन एलेन और डेवोन कॉनवे की शतकीय साझेदारी से न्यूजीलैंड ने त्रिकोणीय टी20 क्रिकेट श्रृंखला में मंगलवार को यहां पाकिस्तान को 23 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए जिससे उसकी टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 130 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड ने केवल 16.1 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। एलेन (42 गेंदों पर 62 रन, एक चौका, छह छक्के) और कॉनवे (46 गेंदों पर नाबाद 49 रन, पांच चौके) ने पहले विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी करके न्यूजीलैंड की बड़ी जीत सुनिश्चित की। कप्तान केन विलियमसन नौ रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की तीन मैचों में यह दूसरी जीत है जिससे उसके भी पाकिस्तान के बराबर चार अंक हो गए हैं। प्रतियोगिता की तीसरी टीम बांग्लादेश को अभी खाता खोलना है। शीर्ष पर रहने वाली दो टीम फाइनल में पहुंचेंगी। ऑफ स्पिनर ब्रेसवेल (11 रन देकर दो विकेट) ने बेहतरीन फॉर्म में चल रहे मोहम्मद रिजवान (16) और कप्तान बाबर आजम (21) को सस्ते में आउट करके पाकिस्तान की पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर खड़ा करने की उम्मीदों पर पानी फेरा।